

03:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 003 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

इक्षुरापः पयो मूलं ताम्बूलं फलमौषधम्।

भक्षयित्वाऽपि कर्तव्याः स्नानदानाऽऽदिकाः क्रियाः॥

भावार्थ : गन्ना, पानी, दूध, कंदमूल फल, पान तथा दवाइयों का सेवन करने के बाद भी स्नान आदि और धर्मकार्य किये जा सकते हैं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 09.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.15 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.30 बजे

## कोविड प्रभावित देशों से आने वाले लोगों को देना होगा रिपोर्ट

**नयी दिल्ली:** सरकार ने स्पष्ट किया कि चीन तथा कोविड प्रभावित अन्य देशों के रास्ते से भारत पहुंचने वाले सभी लोगों के लिए कोविड जांच – आरटीपीसीआर नकारात्मक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अवर सचिव लव कुमार ने सोमवार को संबंधित मंत्रालयों और संस्थानों को भेजे एक पत्र में कहा है कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए इन देशों से भारत आने वाले सभी लोगों को अपनी यात्रा शुरु करने से पूर्व कोविड जांच करानी होगी और उसकी आरटी पीसीआर रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर डालनी होगी। यह रिपोर्ट यात्रा शुरु होने से 72 घंटे के भीतर की होनी चाहिए। पत्र में कहा गया है कि भारत पहुंचने वाले सभी यात्रियों को हवाई अड्डों पर दो प्रतिशत रैंडम जांच से गुजरना होगा।

## राजनाथ असम, अरुणाचल में कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को सीमावर्ती राज्यों में सीमा सड़क संगठन (बीआओ) द्वारा निर्मित कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री सिंह ने आज ट्वीट किया, ''असम और अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हो रहे हैं। वह सात सीमावर्ती राज्यों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।'' बीआरओ के अनुसार इस दौरान रक्षा मंत्री देशभर के कुल 22 सीमावर्ती पुलों का ई-उद्घाटन करेंगे। उल्लेखनीय है कि तवांग में चीन से हुई झड़प के बाद पहली बार रक्षामंत्री कल अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर जा रहे हैं।

## अब जेल जाने की बारी सिद्धारमैया की : कटील

**मेंगलुरु:** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कांग्रेस नेताओं पर बेबुनियाद आरोप लगाने की शिकायत करते हुए दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धारमैया की अगली बारी जेल जाने की है। श्री कटील ने सोमवार को यहां भाजपा द्वारा आयोजित बूथ विजय अभियान की शुरुआत के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पर भाजपा नीत सरकार पर 40 फीसदी कमीशन लेने संबंधी बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए पलटवार किया और कांग्रेस की तीखी आलोचना की। भाजपा नेता ने कहा, मैं सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाता हूं। श्री शिवकुमार पहले ही जेल जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव से पहले श्री सिद्धारमैया भी जेल भी जाएंगे।

## अखिलेश ने राहुल गांधी को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ:** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल में भाग लेने का निमंत्रण देने के लिए धन्यवाद दिया और भारत जोड़ो अभियान की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को गाजियाबाद में लोनी सीमा के रास्ते से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने वाली है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता उमा शंकर पांडे ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) अध्यक्ष जयंत चौधरी, शिवपाल सिंह और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर सहित प्रमुख विपक्षी नेता को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**खारिज** › बहुमत के फैसले से अलग राय दी न्यायमूर्ति नागरत्ना ने

# सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी को जायज ठहराया

- भविष्य में नागरत्ना की बातों का जिक्र होगा
- चार बनाम एक का शीर्ष अदालत का फैसला
- सरकार ने सुनवाई का पहले विरोध भी किया था



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** नोटबंदी से संबंधित सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने अंततः खारिज कर दिया। इन तमाम याचिकाओं में केंद्र सरकार के फैसले पर जो सवाल उठाये गये थे, वे भी याचिकाओं के खारिज होते ही स्वतः समाप्त हो गये हैं। इस फैसले के जारी होने के तुरंत बाद भाजपा ने राहुल गांधी पर हमल बोलते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है। दूसरी तरफ नोटबंदी का फैसला खारिज होने में यह महत्वपूर्ण बात सामने आयी है कि संविधान पीठ का यह फैसला सर्वसम्मति से नहीं था। चार जजों ने नोटबंदी के पक्ष में राय दिये हैं जबकि न्यायमूर्ति नागरत्ना ने इसके खिलाफ कई गंभीर टिप्पणियां की हैं, जो अधिक चर्चा में आ गयी हैं। स्पष्ट है कि न्यायमूर्ति नागरत्ना की टिप्पणियों से केंद्र सरकार फिर से असहज स्थिति में आ सकती हैं क्योंकि उन्होंने इस नोटबंदी को न सिर्फ गलत ठहराया है बल्कि ऐसे प्रावधानों को लागू करने के लिए कानून बनाने की बात की सिफारिश की है। भाजपा द्वारा राहुल गांधी से माफी मांगने की बात के साथ साथ अब विपक्ष भी न्यायमूर्ति नागरत्ने की बातों को सामने रखते हुए सरकार से फिर संसद के भीतर या बाहर भी सही उत्तर देने की मांग कर सकती है। सुप्रीम

›› पेज 2 भी देखें

### नोटबंदी पर फैसले के बाद राहुल गांधी माफी मांगें : भाजपा

नयी दिल्ली : भाजपा ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए आज कहा कि जिस निर्णय से आतंकवाद, कालाबाज़ारी एवं भ्रष्टाचार की कमर टूट गयी और देश में कर संग्रहण में इजाफा हुआ, उसे लेकर सरकार पर झूठे लांछन लगाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने इसे लेकर काफी हंगामा किया था। आज के बहुमत के फैसले से साबित हो गया कि उच्चतम न्यायालय ने निर्णय प्रक्रिया को उचित माना है। केवल एक न्यायमूर्ति नागरत्न ने अलग राय रखी है लेकिन उन्होंने सरकार की नीति एवं उद्देश्य को सही बताया है। उनका मत यह है कि यह भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 26(2) के तहत नहीं बल्कि अलग कानून बना कर किया जाना चाहिए था।

अनधिकृत मेजबानी के कारोबार का बढ़ता खतरा कई आयामी

## शिमला में भारी भीड़ पर होटलों के कमरे खाली



- सारे पर्यटन स्थलों पर बर्फवारी देखने की भीड़
- इलाकों में बाहरी पर्यटकों को पैर रखने की जगह नहीं
- सारे महंगे और सस्ते होटलो में चालीस प्रतिशत कमरा खाली

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** शिमला के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पैर रखने की भी जगह नहीं है। इसके बाद भी शिमला के हर वर्ग के होटलों में कमरे खाली है। आम तौर पर इस मौसम में शिमला में ऐसा होता नहीं है और वहां होटलों में कमरा मिल जाना लॉटरी खुलने से कम नहीं होता। किसी तरह वहां पहुंचने वाले पर्यटक कई घंटों तक कमरों के खाली होने के लिए होटल के बाहर बैठकर इंतजार करते हैं। इस बार की स्थिति उल्टी है। पिछले चालीस वर्षो में वहां का होटल कारोबार इतना मंदा कभी नहीं रहा है। इसकी वजह से जानकर हैरानी के साथ साथ सुरक्षा से संबंधित नये सवाल खड़े हो गये हैं। दरअसल कई वेबसाइट और एप लोगों को अपना कमरा किराया पर देने की लालच देते हैं। अपने घर के अतिरिक्त कमरों से अगर कुछ अतिरिक्त आमदनी हो जाए, इस पर सभी को आपत्ति भी नहीं होती। इस बार शिमला के होटलों में कमरे भी इसी वजह से खाली रह गये हैं। आम तौर पर होटलों से कम कीमत पर कमरा ऑनलाइन उपलब्ध होने की वजह से शिमला आये लोगों ने इन ठिकानों पर अपना बसेरा बनाया है। उन्हें इससे पैसे की बचत हो रही है जबकि होटल कारोबार मंदा हो गया है। इस बारे में देश भर के होटल संचालकों ने पहले ही केंद्र सरकार को इस बारे में आगाह किया था। साथ ही यह भी कहा था

›› पेज 2 भी देखें

बोधगया में चीनी जासूस की मौजूदगी के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने खांडू को दिया आशीर्वाद

- गुप्तचरों ने दी है चीनी जासूसी की रिपोर्ट
- संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया गया
- सीएम ने वहां बन रहे अपने भवन की जानकारी ली

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज दलाई लामा से मुलाकात की। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का आशीर्वाद लिया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बोधगया के कालचक्र मैदान में दलाई लामा से मुलाकात की जहां बौद्ध शिक्षण कार्यक्रम चल रहा था।अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, ह्लबिहार के बोधगया में गेलुग तिब्बती बौद्ध परंपरा द्वारा परम पावन 14वें दलाई लामा को दी गई दीघार्यु प्रार्थना समारोह में भाग लेने का सौभाग्य मिला। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया के लिए उनकी शिक्षाओं के लिए परम पावन का आभार। हम आपके लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी दलाई लामा को सीमावर्ती राज्य का दौरा करने का निमंत्रण दिया।

›› पेज 2 भी देखें

### एक संदिग्ध चीनी महिला को हिरासत में लिया

इस बीच, दलाई लामा को कथित धमकी के सिलसिले में बिहार पुलिस ने रविवार को बोधगया में एक संदिग्ध चीनी महिला को हिरासत में लिया। एडीजी जेएस गंगवार ने इसकी पुष्टि की और कहा कि उनसे वर्तमान में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को कथित धमकी के सिलसिले में बोधगया में संदिग्ध (चीनी) महिला को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ की जा रही है, एडीजी ने कहा। दलाई लामा ने इस साल बोधगया की अपनी वार्षिक यात्रा को कोविड प्रकोप के कारण पिछले दो वर्षों के लिए स्थगित करने के बाद फिर से शुरू किया।

### हवा में दो हेलीकॉप्टरों की टक्कर चार लोगों की मौत, कई अन्य घायल

**ब्रिस्बेन:** आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में दो हेलीकॉप्टरों के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर है। सीएनएन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना ब्रिस्बेन के दक्षिणी भाग में स्थित समुद्र तट के ऊपर घटी है। क्वींसलैंड के पुलिस निरीक्षक गैरी वॉरेल के अनुसार दोनों हेलीकॉप्टर उस समय आपस में टकरा गए, जब वे गोल्ड कोस्ट के मेनबीच के ऊपर से गुजर रहे थे। श्री वॉरेल ने संवाददाताओं से कहा,'' दोनों हेलीकॉप्टर आपस में टकराये थे और सी वर्ल्ड रिजॉर्ट में रेतीले तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे।'' उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं के लिए तट से बहुत दूर स्थित सैंड बैंक तक पहुंचना मुश्किल था। क्वींसलैंड एम्बुलेंस सर्विस के जेनी शियरमैन के अनुसार दोनों हेलीकॉप्टरों में 13 लोग सवार थे। उनमें से चार लोगों की मौत हो गई, तीन को गंभीर चोटें आईं और छह को मामूली चोटें आईं। सुश्री शियरमैन ने कहा कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### देश में 24 घंटे में 207 लोगों ने दी कोरोना को मात

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 173 मामले दर्ज किये गये हैं, जबकि 207 लोगों ने इस संक्रमण को मात दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.10 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 173 नये मामले सामने आये है तथा 207 लोग इस संक्रमण से मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,44,236 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। इस दौरान कोविड-19 से संक्रमित एक मरीज की मौत हो गयी है। देश में इस समय कोरोना के 2670 सक्रिय मामले हैं।

बांग्लादेश में कुछ लोग स्थायी तौर पर असंतुष्ट ही रहते हैं

## इतना होने के बाद भी उनका मन नहीं भरता: शेख हसीना



- पूरे देश को एक स्मार्ट देश बनाना है लक्ष्य
- हर बच्चे को शिक्षित और जानकार बनाना है
- हर गांव को ब्रॉडबैंड सेवा से जोड़ा जा रहा है

**राष्ट्रीय खबर**

**ढाका:** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पहली बार कहा है कि सरकार देश में इतना काम कर रही है। फिर भी देश में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनका मन कभी नहीं भरता, वे सदैव सरकार से असंतुष्ट ही नजर आते हैं। दरअसल ऐसे लोग आंख होने के बाद भी अंधे हैं। इसलिए उन्हें सच्चाई नजर ही नहीं आती है। दरअसल प्रधानमंत्री ने यह बयान इशारे से विरोधियों के बयान पर ही दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक समारोह में प्राथमिक एवं माध्यमिक के छात्रों को पाठ्यपुस्तक देने के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात कही। अपने सरकार की भावी योजनाओं पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2041 तक बांग्लादेश एक ऐसा स्मार्ट देश होगा, जहां के हर इंसान की सूचना तकनीक की अच्छी जानकारी होगी। इसलिए कोई भी नागरिक दुनिया के किसी अन्य देश के नागरिक से पिछड़ा नहीं रहेगी। शेख हसीना ने कहा कि शित्रा के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी सरकार ने इसी मकसद से ध्यान दे रखा है। बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा इसी सोच के तहत दी जा रही है ताकि हम दुनिया के साथ साथ कदम मिलाकर चल सके। उन्होंने कहा कि एक सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा जा चुका है। अब दूसरा भेजने की तैयारी चल रही है। देश के अनेक द्वीपों में पानी के नीचे से केबल बिछाकर इंटरनेट कनेक्शन पहुंचाने का भी काम चल रहा है। गांव के स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा पहुंचाकर इस सोच को साकार किया जा रहा है। इसके बाद भी कुछ लोगों को हमेशा ही देश में कुछ नहीं है दिखता है। उन्होंने कहा कि दरअसल कुछ लोगो को अब कुछ नहीं कहने की बीमारी हो गयी है। अब बांग्लादेश बदल चुका है इसलिए कुछ नहीं शब्द को अब स्वीकार नहीं


›› पेज 2 भी देखें

**बदलाव** › असली वजह जानने के लिए लगातार शोध कर रहे हैं ध्रुवीय वैज्ञानिक

# अलास्का की नदियों का रंग नारंगी हो गया है

- पानी का स्वाद भी अब पीने लायक नहीं
- इलाके के पर्यावरण के लिए नया खतरा
- अनेक दल जुटे हैं कारण का पता लगाने

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अलास्का से प्रवाहित होने वाली अनेक नदियों में यह बदलाव देखकर वहां काम करने वाले वैज्ञानिक हैरान है। इन नदियों में पहली बिल्कुल साफ और स्वच्छ जल प्रवाहित होता था। अब इन सारे नदियों के जल का रंग नारंगी हो गया है। इसके अलावा इन नदियों का जो साफ पानी होता था वह भी अब धुंधला नजर आने लगा है। ऐसा क्यों हुआ है, इस बारे में अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। वैसे प्रारंभिक शोध में इस पानी में अब एसिड की मात्रा बहुत अधिक होने का पता चला है। लेकिन इसके आगे की जानकारी नहीं मिल पायी है। वहां शोध के लिए गये अलास्का पैसिफिक यूनिवर्सिटी के प्रोफसर रोमन डायल और उनके छह सहयोगियों को नदियों में पानी लायक साफ पानी ही नहीं मिला। शोध दल ने इस जल का स्वाद भी लिया है। इसके आधार पर वे कह रहे हैं कि इस पानी में किसी खनिज का स्वाद आता है। इसलिए अब आस पास के इलाकों में होने वाले खनन कार्य की तरफ लोगों का ध्यान

›› पेज 2 भी देखें

### इन नदियों का पानी अब पीने लायक नहीं रह गया है

वहां कई दशक से खनन और उद्योग का काम चल रहा है। इससे पहले ऐसी स्थिति कभी नहीं आयी थी। इसलिए अब इस पर गंभीरता से शोध हो रहा है। वहां के नदियों में हुए इस बदलाव की सूचना पर प्रोफसर डायल के साथ अलास्का यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ अलास्का के निदेशक पैट्रिक सुलिवैन और आर्महर्स्ट कॉलेज के बेकी हेविट भी इस काम में जुट गये हैं। यह सभी उस क्षेत्र के जानकार वैज्ञानिक हैं। शोध के प्रारंभिक आंकड़ों के आधार पर प्रोफसर डायल ने कहा कि ऐसा लगता है कि मौं कोई नौसिखुआ हू जिसे इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। हम सिर्फ यह बता सकते हैं कि इन नदियों का पानी अब पीने लायक नहीं रह गया है। इस बारे में भूविज्ञान के जानकारों ने प्रारंभिक आकलन किया है कि यह किसी खनिज कबाड़ का जलस्रोत में आने का नतीजा हो सकता है। लेकिन अगर ऐसा है भी तो वह कहां पर हो रहा है, इसका पता भी नहीं चल पाया है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक के बाद एक राज उजागर

## चीन में भी बैंक खाता था

- विदेशी बैंक खाता की जानकारी छिपायी थी
- राष्ट्रपति रहते हुए भी गलत जानकारी दी थी
- जांच रोकने के लिए भरपूर प्रयास भी किया था

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटन:** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आयकर की जांच में हर बार नये तथ्य निकल कर सामने आ रहे हैं। यह तो पहले ही पता चल गया था कि अमेरिका राष्ट्रपति पद पर होते हुए भी उन्होंने गैर सरकारी कमाई की थी, जो कानूनन गलत था। इसके अलावा एक विवादास्पद और उत्तर कोरिया से संपर्क रखने वाली कंपनी के साथ भी उनकी कंपनी का कारोबार होता रहा था, इसका खुलासा भी पहले हो चुका है। अब जानकारी मिल रही है कि उनके छह साल के आयकर रिटर्न के दस्तावेज सामने लाये गये हैं। इससे पता चला है कि डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने वर्ष 2020 के लिए कोई कर

›› पेज 2 भी देखें

आस्था

नववर्ष के दूसरे ही दिन देश के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल पर

# पूजा करने मां छिन्नमस्तिका पहुंचे सीएम

- वहां जिला पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया
- कहा यही मेरी जन्मस्थली का इलाका भी है
- पूरे इलाके में हुआ था कड़ी सुरक्षा का इंतजाम

राष्ट्रीय खबर





**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला के रजरप्पा में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में सोमवार एकादशी के दिन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार पूजा करने पहुंचे। दोपहर बाद 1:45 बजे मंदिर परिसर क्षेत्र में पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जिला पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इसके बाद जिला की उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने मुख्यमंत्री का बुके प्रदान कर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री अपने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया। मंदिर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूजा-अर्चना असेस पंडा, असीम पंडा, शुभाशीष पंडा, लोकेश पंडा ने विधिवत रूप से कराया। मुख्यमंत्री जी माता की पूजा अर्चना के बाद मंदिर में भगवान शिव पर नारियल चढ़ाया। मंदिर के पुजारियों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों को रक्षा सूत्र बांधा गया।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक दिखी सुरक्षा व्यवस्था मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सड़क मार्ग से अपने परिवार के साथ माता छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना करने रजरप्पा पहुंचे। रामगढ़ जिला में चुट्टूपालु से लेकर रजरप्पा मंदिर तक सड़क पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। प्रत्येक चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थी। सुरक्षा व्यवस्था रामगढ़ के एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी और पतरातू के एसडीपीओ देख रहे थे। रामगढ़ एसडीओ जावेद हुसैन पूरी व्यवस्था की

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा माता के दरबार इस क्षेत्र में मेरी जन्मस्थली भी है। आज परिजनों का आशीर्वाद लेकर नये वर्ष की शुरूआत किया है। मां छिन्न मस्तिष्का की कृपा से राज्य सुख-शांति और समृद्धि और बढ़े। अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन,माता रूपी सोरेन आदि थे।मौके पर रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडेय, डीडीसी नागेंद्र सिन्हा, एसडीओ मो जावेद, एसडीपीओ किशोर रजक, डीएसपी संजीव मिश्रा, डीटीओ सौरभ प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, चितरपुर विडिओ उदय कुमार, चितरपुर सीओ तृप्ति विजया कुजूर के अलावे झामुमो जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष मो शकील, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान,बरतु करमाली सहित कई लोग मौजूद थे।

2023 से ही मिशन 24 की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी

# 7 जनवरी को चाईबासा से गृह मंत्री अमित शाह करेंगे शंखनाद

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** लोकसभा चुनाव को अभी एक साल से ज्यादा समय बचे हैं। भाजपा 2023 में ही मिशन 24 की तैयारी में जुट गयी है। भाजपा इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को टारगेट कर रही है। पिछले चुनाव में भाजपा को 11 और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू को एक सीट मिला था जबकि झामुमो और कांग्रेस को एक-एक सीट मिले थे। मिशन 24 का झारखंड में शंखनाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। अमित शाह 7 जनवरी को मिशन 24 का शंखनाद करेंगे और इसके लिए चाईबासा को चिन्हित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 7 जनवरी को चाईबासा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा की पूरी टीम रेस हो गई है। पार्टी ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। प्रदेश भाजपा की पूरी टीम 3 जनवरी से चाईबासा में कैंप करेगी।


प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अधिकतर पार्टी पदाधिकारी और कोल्हान प्रमंडल के सभी बड़े भाजपा नेता चाईबासा में प्रवास करेंगे। सोमवार से ही प्रदेश के तीनों महामंत्री आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय के साथ प्रवास कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सरोज सिंह चाईबासा में हैं। चूंकि इस कार्यक्रम के लिए पार्टी को तैयारी का समय बहुत कम मिला है, ऐसे में सभी बड़े नेता अलग-अलग मंडलों में जाकर बैठकें करेंगे और आमसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल कराने का आह्वान करेंगे। कार्यक्रम में प्रवास योजना के चार राज्यों के प्रभारी और बिहार भाजपा के सह प्रभारी हरीश द्विवेदी और क्लस्टर प्रभारी तथा केंद्रीय मंत्री राय साहब दानवे पाटिल भी भाग लेंगे। गौरतलब है कि अमित शाह 7 जनवरी की सुबह 11 बजे रांची आएंगे। वे एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे।

भाजपा आलाकमान ने दिया है झारखंड में गतिविधि बढाने का निर्देश

झारखंड में नए सिरे से राजनीतिक सरगर्मी तेज होगी। भाजपा आलाकमान ने राज्य में गतिविधियां बढ़ाने का निर्णय किया है। इसी कड़ी में हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल राज्य के दौरे पर आए थे। उन्होंने अपने प्रवास के क्रम में कई वरीय नेताओं से विचार-विमर्श किया। समाज के विभिन्न तबके के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात कर राज्य से संबंधित जानकारी ली।

## पार्टी पदाधिकारी बनाने को आवेदन मंगा रही है प्रदेश कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी ने पार्टी पदाधिकारी बनने को आवेदन मांगे हैं। कमिटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने इस संबंध में सूचना जारी करते बताया है कि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस में पदाधिकारी बनने का मौका है. इसके लिए कांग्रेसजन 5 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में यह तिथि 31 दिसंबर 2022 तक




ही तय थी। अब इसके लिए विस्तारित तिथि तक जिला कार्यालय में आवेदन समर्पित किया जा सकता है। पदाधिकारी बनने के इच्छुक ऐसे व्यक्ति जिन्हें इसमें रुचि हो, वे 5 जनवरी तक आवेदन जमा कर दें। जारी आदेश की प्रतिलिपि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को भी भेजी गयी है।

## टीबी रोगियों के पोषण संबंधी सहायता हेतु सीसीएल ने किया समझौता

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आज टीबी उन्मूलन की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के साथ समझौता ज्ञापन किया। सीसीएल इस समझौता ज्ञापन के माध्यंम से झारखण्डि राज्यह के चतरा एवं लातेहार जिला में चिन्हित तपेदिक (टीबी) रोगियों को उनके घर तक मासिक पोषण बास्केट के साथ साथ मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करेगी। इस योजना के लाभार्थी चतरा और लातेहार जिलों में उपचाराधीन टीबी के लगभग 1400 मरीज होंगे, जिन्होंने भारत सरकार के ठक-डरत्नअ पोर्टल में पोषण सहायता प्राप्त करने हेतु सहमति दी है। इसके लिए, राज्य/जिला टीबी सेल एवं संबंधित जिला प्रशासन लाभार्थियों की पहचान करने में सीसीएल/कार्यकारी एजेंसी से मरीजों का विवरण साझा करेगी। ज्ञातव्य हो कि 09 सितम्बरर, 2022 को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान'की शुरूआत की गयी, जिसके अन्तर्गत 'नि-क्षय'पोर्टल -नामक एक डिजिटल प्लेसटफॉर्म प्रारंभ किया गया है ताकि इच्छुक व्यक्ति/कार्पोरट मरीजों को पोषण हेतु गोद ले सकें। कंपनी ने सितंबर, 2022 में 'नि-क्षय'पोर्टल पर चतरा एवं लातेहार जिले के मरीजों को पोषण सुविधा प्रदान करने हेतु पंजीकरण किया है। सीएसआर के माध्यम से सीसीएल का यह प्रयास, अपने कमांड क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों के साथ-साथ इन दो जिलों में टीबी उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

रिमोट वोटिंग मशीन का प्रोटोटाइप विकसित किया चुनाव आयोग ने

## राजनीतिक दलों के लिए 16 जनवरी को होगा प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** 16 जनवरी विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिये आरवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया जायेगा। इस नई तकनीक के सहारे देश में कहीं से भी अपने गृह/मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिये बहु-निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाईप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर आयोग की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। गृह नगर से देश में अन्योत्र बसे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने रोजगार, शिक्षा या अन्यप कारणों से गृह नगर से देश में अन्यतत्र रह रहे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू किया है।

इससे देश में कहीं से भी अपने गृह/मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य/नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) विकसित की है ।

सलाह

जैन समुदाय ने अपनी आवाज झारखंड सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की

# शिखरजी को जैन तीर्थ स्थान ही रहने देना उचितः महेश पोद्दार

- पोद्दार ने सरकार को इस फैसले को वापस लेने की सलाह दी है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड सरकार ने पारसनाथ को प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित किया है। अंग्रेजी में इसे जैन समाज का 'रिलिजियस पिलग्रीमेज' यानी धार्मिक तीर्थयात्रा स्थल कहा गया है। सरकार इस क्षेत्र का पर्यटन विकास करना चाहती है। राज्य सरकार का कहना है कि पर्यटन क्षेत्र घोषित किए बिना विकास नहीं होगा। इस बारे में पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने सरकार को इस फैसले को वापस लेने की सलाह दी है। उनका कहना है कि जैन समुदाय को लगता है कि पर्यटन क्षेत्र होने पर इसकी धार्मिक पवित्रता पर आंच आएगी। यहां मांसाहार और मदिरापान को बढ़ावा मिल सकता है। अधार्मिक गतिविधि बढ़ सकती है। इसलिए जैन समुदाय की मांग इसे पर्यटन स्थल नहीं बल्कि सिर्फ धार्मिक स्थल घोषित करने की मांग कर रहा है।

पहली जनवरी को पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग भी पिकनिक की मस्ती में डूबे थे। कड़ाके की ठंड के बावजूद खुशी का माहौल था। लेकिन भारत का एक बेहद छोटा अल्पसंख्यक जैन समुदाय अपनी धार्मिक पहचान के लिए सड़कों पर उतरा था। अपनी आवाज झारखंड सरकार तक पहुंचाने की कोशिश थी। पता नहीं, कितने लोगों ने उनकी पीड़ा महसूस की। कितनों ने उनके साथ आवाज मिलाई। हर बात में हक की बात करने वाले मुखर लोगों ने



उनका कितना साथ दिया, यह भी नहीं मालूम। सर्व धर्म समभाव की परंपरा वाले देश के इस छोटे अल्पसंख्यक जैन समुदाय की बात अनसुनी होना दुखद है। उस देश में, जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चल रहा है। जैन धर्म भारत की एक अद्भुत धार्मिक सांस्कृतिक विरासत है। इसके मूल में अहिंसा और त्याग है। हजारों वर्षों बाद भी जैन धर्म प्रासंगिक है। इसे करोड़ों लोगों ने अपनाया है। इस धर्म का विस्तार कभी जोर जबरदस्ती नहीं किया गया। किसी शासन का भय नहीं था। कोई लालच भी नहीं दिया गया। इस वर्ग को अल्पसंख्यक दर्जा मिला है। लेकिन यह भी तथ्य है कि हिंदू धर्म से इनका कोई विरोध नहीं, बल्कि रोटी बेटी का रिश्ता है। यह हमारा सामूहिक दायित्व है की जैन समुदाय को समुचित संरक्षण और प्रोत्साहन दिया जाए। हम झारखंड वासियों को इस पर खास गर्व होना चाहिए क्योंकि इनका सबसे बड़ा और आराध्य स्थल गिरिडीह के पारसनाथ में समवेत शिखर पर है। कल्पना करें कि हजारों वर्ष पूर्व कैसे जैन मुनियों ने इस दुर्गम पहाड़ी पर अपना बसेरा बनाया होगा। ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति की ओर यहां से सारी दुनिया को एक अद्भुत अहिंसा आधारित धर्म दिया गया। आज इतने विकास के बावजूद इन्हें अन्याय के खिलाफ सड़कों पर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

यदि उस क्षेत्र के विकास का अर्थ गेस्ट हाउस बनाना, कॉलोनी या सड़क बनाना इत्यादि है, तो इसका विरोध कोई नहीं करेगा। यही बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल वगैरह के लिए फंड चाहिए, तो सांसद और विधायक फंड, डीएमएफटी या फिर सामान्य योजना फंड के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। यह बात समझ से परे है कि ऐसी कौन सी जनहित योजना है, जिसके लिए धन हेतु इसे पर्यटन स्थल घोषित करना पड़े? इस पर पुनर्विचार होना चाहिए। सरकार की इच्छा हो तो अधिसूचना को वापस लेना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऐसा कई मामलों में हो चुका है। उचित होगा कि आशंकाओं का समाधान करके अल्पसंख्यक जैन समाज को अनावश्यक पीड़ा और चिंता से मुक्ति दिलाई जाए।

ऐसा करना कोई मुश्किल काम नहीं है। राज्य सरकार ने पारसनाथ को 'प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल' घोषित कर रखा है। जैन समाज की आशंका 'पर्यटन' शब्द को लेकर है। बेहतर होगा कि राज्य सरकार इस 'धार्मिक पर्यटन' की विस्तृत व्याख्या करते हुए यह स्पष्ट कर दे कि उक्त क्षेत्र में मांस-मदिरा तथा अपवित्र गतिविधियों पर रोक रहेगी। ऐसा करके वर्तमान गतिरोध को खत्म किया जा सकता है।

## छोटे अपराध में वर्षों से बंद कैदियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की जरूरत : बंधु तिर्की

**रांची:** पूर्व मंत्री, समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि विचाराधीन और छोटे अपराध में जेल में बंद कैदियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की जरूरत है। कहा है कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार सहित प्रदेश के सभी जेलों में आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के कई वैसे कैदी न्याय की आस में बंद हैं, जिनका मामला लंबे समय से न्यायालय में सुनवाई के लिए विचाराधीन अथवा लंबित है। वैसे मामलों की संख्या भी अच्छी-खासी है, जहां मामूली अपराधों के लिए उन्हें जेल में रहते हुए लंबा समय बीत गया, पर आर्थिक या अन्य कारणों से संबंधित अदालतों की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से पूरा नहीं कर पाए और अबतक जेल में बंद हैं। इन कैदियों की रिहाई पर सरकार को विचार करना चाहिए।बंधु तिर्की ने कहा कि अपने क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश से उन्हें वैसी जानकारी और सूचनाएं मिलती हैं, जो दिल को झकझोर देती है। संवेदना एवं मानवता के आधार पर वैसे मामलों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार के विधि विभाग के सक्षम अधिकारियों से इस मामले पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।

पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी .. ..

जस्टिस नागरत्ना की बात उसे चुभ सकती है। विपक्ष इसके जरिए सरकार पर सवाल खड़ा कर सकता है। पढ़िए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने क्या-क्या कहा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आठ नवंबर 2016 को जारी अधिसूचना वैध और प्रक्रिया के तहत थी। आरबीआई और सरकार के बीच परामर्श में कोई खामी नहीं थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने नोटबंदी पर कहा कि यह प्रासंगिक नहीं है कि इसके उद्देश्य हासिल हुए या नहीं। इस तरह से नोटबंदी के खिलाफ याचिकाएं खारिज कर दी गईं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुरूपता के आधार पर नोटबंदी को खारिज नहीं किया जा सकता है। 52 दिन का जो समय लिया गया, वो गैर-वाजिब नहीं था। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने केंद्र के अधिकार के मुद्दे पर अलग मत दिया। रिजर्व बैंक कानून की धारा 26(2) के तहत केंद्र के अधिकारों के मुद्दे पर न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की राय न्यायमूर्ति बी। आर। गवई से अलग थी। उन्होंने कहा कि संसद को नोटबंदी के मामले में कानून पर चर्चा करनी चाहिए थी, यह प्रक्रिया गजट अधिसूचना के जरिए नहीं होनी चाहिए थी। जज ने स्पष्ट कहा कि देश के लिए इतने महत्वपूर्ण मामले में संसद को अलग नहीं रखा जा सकता है।

### शिमला में भारी भीड़ पर ...

कि इस तरीके की व्यवस्था देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। होटलों में किसी यात्री के ठहरने के जो नियम हैं, इन गैर सरकारी एप वाले उनका पालन नहीं करते। दूसरी तरफ मकान किराये पर देने वालो को अपने पैसे से मतलब होता है। उनके यहां कौन आकर रूका, इस बारे में न तो एप संचालक को और न मकान मालिक को विस्तृत जानकारी होती है। यह जायज नहीं है। इसी वजह से इस बार भी शिमला में चारों तरफ भीड़ ही भीड़ होने के बाद भी महंगे से लेकर सस्ते होटलों के कमरे खाली पड़े हुए हैं। शहर में पिछले कुछ सालों में सबसे अधिक पर्यटक इस बार यहां आये हैं क्योंकि पिछले साल तक को कोरोना का खतरा सभी के सर पर मंडरा रहा था। इस बार माहौल में सुधार हुआ है तो लोग अब पैसे बचाने के लिए एप आधारित निजी कमरों में रूकने का फैसला कर रहे हैं। लगभग ऐसी ही जानकारी बर्फवारी वाले दूसरे शहरों से भी मिलने रही है। इसमें सबसे बड़ा खतरा यह मंडरा रहा है कि एप के सहारे फर्जी दस्तावेजों की मदद से कोई भी व्यक्ति किसी के भी घर में ठहर सकता है। कई बार बम की सूचना का खतरा भी ऐसे ही सुरक्षा प्रबंधों की कमी की वजह से हो चुका है, इसका रिकार्ड पुलिस के पास मौजूद है।

### बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा .. ..

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, यह खुशी की बात है कि परम पावन ने हमें आशीर्वाद देने के लिए अरुणाचल प्रदेश आने के हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया।अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू आज दलाई लामा के प्रवचन मे शामिल हुए। उसके बाद महाबोधि मन्दिर पहुंचे और भगवान बुद्ध का दर्शन किया। उसके बाद बोधगया मे अरुणाचल प्रदेश का बन रहे भवन के सभी जगह घूमकर निरीक्षण किया और कार्य की प्रोग्रेस की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन भवन के मैप को देखा। इसके पहले अरुणाचल गेस्ट हाउस के केयर टेकर उदय शंकर ने पवित्र खादा देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वही जायजा लेने के बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया की अरुणाचल प्रदेश मे बौद्ध धर्म को मानने वाले काफी संख्या मे लोग है। जब वो बोधगया दलाई लामा के कार्यक्रम में आते है तो उन्हे ठहरने कि समस्या हो जाती है। उसी को देखते हुए राज्य सरकार से बात किया। राज्य सरकार ने अपनी तरफ से जमीन देकर कार्य करने की अनुमति दी थी। जिसके बाद अरुणाचल गेस्ट हाउस के भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। गेस्ट हाउस बनकर तैयार होगा तो बौद्ध अनुयाई को रहने मे सहूलियत होगी।

### इतना होने के बाद भी .. ..

किया जाता है। जिन्हें अब भी कुछ नहीं दिखता है, वे अपनी आंखों की जांच करा लें। शेख हसीना ने कहा कि अगर देश की जनता को गरीबी से मुक्ति दिलाना है तो उसका सबसे कारगर हथियार शिक्षा ही है। इसी वजह से पूरे देश को शिक्षित करने पर सरकार सबसे अधिक ध्यान दे रही है। इसी लक्ष्य की वजह से ही उनकी सरकार ने वर्ष 2010 से बच्चों को मुफ्त में पाठ्यपुस्तक देने का काम प्रारंभ किया था। जो आज भी जारी है। जब यह बच्चे शिक्षित होकर बड़े होंगे तो वे दुनिया की चुनौतियों का मुकाबला करने की स्थिति में होंगे।

### अलास्का की नदियों .. ..

गया है। इन तमाम जलस्त्रोतों का प्रवाह अनेक इलाकों से गुजरता है। इनमें से आर्कटिक नेशनल पार्क, कोबुक वैली नेशनल पार्क, सेलाविक वाइल्डलाइफ रिफ्यूज जैसे संरक्षित इलाके भी हैं। ये सभी आबादी से दूर हैं। जंगली इलाकों से होते हुए यह सारे जलप्रवाह किसी स्थान पर इस तरीके से प्रदूषित हो रहे हैं, उसके लिए पूरे इलाके की छानबीन जरूरी है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह दरअसल किसी खास किस्म के पत्थरों के संपर्क में आने का परिणाम है ना ही किसी खनिज कबाड़ के नदियों में मिलने का। वैसे कई इलाकों में पुराने बर्फ के गलने को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। उनके पिघलने की वजह से इस जल में ऐसा स्वाद परिवर्तन हो सकता है। लेकिन रंग नारंगी क्यों हैं, इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है। शायद इस पानी में एसिड की मात्रा अधिक होने की वजह से प्राकृतिक तौर पर यह रंग परिवर्तन हो रहा है।

यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि वहां के नदियों के प्रदूषण से इंसान के साथ साथ अनेक प्रजातियों का जीवन जुड़ा हुआ है। इसकी वजह से इन नदियों पर आधारित फुड चेन भी पूरी तरह नष्ट हो सकता है। इसलिए असली कारण को खोजकर उसका निदान करना आवश्यक हो गया है।

### चीन में भी बैंक खाता था .. ..

नहीं चुकाया था। उनके कर भुगतान के मामले की जांच प्रारंभ होने के बाद से ही ट्रंप इस जांच को रोकने की भरसक कोशिश कर रहे थे। अब पहली बार यह पता चला है कि अपने चीन के बैंक में खाता होने के बारे में भी ट्रंप से देश को गलत जानकारी दी थी। उन्होंने राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के पहले यह कहा था कि चीन के उस बैंक खाता को वर्ष 2015 में बंद कर दिया गया था। अपने घोषणा पत्र में ट्रंप ने जो बताया था वह उनके आयकर रिटर्न से मेल नहीं खाता है। आयकर रिटर्न के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के पास चीन और आयरलैंड में भी बैंक खाता था। अब उनके दस्तावेज सार्वजनिक किये जाने के बाद पता चल रहा है कि राष्ट्रपति का चुनाव प्रचार प्रारंभ करने के वक्त ट्रंप और उनकी पत्नी ने आयकर के मद में छह लाख 41 हजार डॉलर टैक्स भरा था। राष्ट्रपति पद के अंतिम साल में उन्होंने आयकर का भुगतान ही नहीं किया था। इसी साल ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति पद का चुनाव भी लड़ा था और ढेर सारे विवादों के बाद अंततः वह इस चुनाव में पराजित हो गये थे।

## नवनिर्वाचित मेयर एवं डिप्टी मेयर को दी बधाई

गया : नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर वीरेन्द्र कुमार उर्फ गणेश पासवान एवं डिप्टी मेयर चिंता देवी को जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जितेंद्र कुमार अधिवक्ता, जहांगीर खान, शमीम अहमद, फैज अहमद, संजय दास, प्रमोद मांझी आदि नेताओं ने जीत पर शहर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत महागठबंधन की जीत है। शहर की जनता ने एक बार फिर विश्वास करके गणेश पासवान पर भरोसा जताया है। आने वाले समय में उनके कुशल नेतृत्व में गया नगर निगम के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा और गया शहर की पहचान देश के अन्य शहरों से होगी। उन्होंने मेयर एवं डिप्टी मेयर चुने जाने पर जनता के प्रति आभार जताया।

# जनता दरबार : मुख्यमंत्री नियत समय व लेट-लतीफे पहुंचे अधिकारी

## लेट से पहुंचे खास अधिकारी को सीएम नीतीश ने हाथ जोड़कर किया स्वागत

### शिकायत सुनने गए सीएम को बड़े हाकिम से हीं हो गई शिकायत

**रुपेश रंजन सिन्हा**



**पटना :** नए साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दरबार में हाजिर होकर लोगों की शिकायत सुन रहे थे। साल के पहले जनता दरबार में मुख्यमंत्री सचिवालय के बड़े-बड़े हाकिम ही लेट हो गए। मुख्यमंत्री टाइम से और उनके अधिकारी ही लेट से जनता दरबार में पहुंचे। कई शिकायत सुनने के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के बड़े अधिकारी नीतीश कुमार के सामने पहुंचे तो सीएम ने हाथ जोड़कर उनका स्वागत किया। जनता दरबार में देर पहुंचे एक अधिकारी को मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर कहा,"आ गए बड़ी स्वागत है आपका, अधिकारी ने जवाब दिया- सर आ गए थे तो मुख्यमंत्री बोले- कहां आ गए थे, आप तो गायब थे, लेट काहे थे, आप सब लेटे हैं। भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में सीएम नीतीश ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव को खोजा। पूछा वो नहीं आये हैं क्या.....कहां हैं? इसके बाद राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव के बारे में पता किया गया। जानकारी मिली कि वे छुट्टी पर हैं। उस विभाग के सचिव जय सिंह मौजूद थे। मुख्यमंत्री को बताया गया कि अपर मुख्य सचिव नहीं हैं लेकिन उनकी जगह पर विभाग के सचिव जय सिंह मौजूद हैं। जनता दरबार में शिकायत लेकर पहुंची मुजफ्फरपुर की एक महिला की शिकायत पर सीएम नीतीश ने तुरंत डीजीपी आरएस भट्टी को फोन लगाया। सीएम ने कहा कि देखिए इस मामले को। इनके बेटे की 2021 में हत्या हुई थी लेकिन कोई आरोपी पकड़ा नहीं गया। इन्होंने नामजद केस भी दर्ज किया था। बावजूद कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्यों हो रहा है ऐसा, देखिए इसको। दरअसल, महिला ने सीएम नीतीश के जनता दरबार में मुजफ्फरपुर के तत्कालीन एसडीपीओ की पोल खोल दी और कहा कि उस डीएसपी की वजह से गुनाहगार पकड़े नहीं गये। मुजफ्फरपुर की ही दूसरी फरियादी ने सीएम नीतीश से कहा कि उनके इंजीनियर भाई की हत्या हुई। लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। सितंबर 2022 में हमारे पिता जी भी आपके पास आए थे। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, सिर्फ आश्वासन मिला। इसके बाद सीएम नीतीश ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को फोन लगाया और कहा कि ऐसा क्यों हो रहा है। आप तो उस समय थे ही, आखिर जनता दरबार में दुबारा क्यों आना पड़ा।

## पार्षद सारिका कुमारी ने जीत के लिए जनता के प्रति जताया आभार

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** नगर निगम के वार्ड नंबर 37 की नवनिर्वाचित पार्षद सारिका कुमारी ने अपनी जीत पर जनता के प्रति आभार जताया है। उन्होंने समस्त जनता से कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि वार्ड नंबर 37 के सभी सम्मानित जनता की जीत हुई है। आप सभी ईश्वर रुपी मतदाताओं का जो आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हुआ है, वह एक मिसाल है। जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी। आप सभी का प्यार और अपनापन के कारण ही मैं पुनः एक बार फिर वार्ड पार्षद बनी हूं। जनता के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जो मुझे 5 वर्षों का मौका दिया है निश्चित तौर पर उस बहुमूल्य समय को मैं वार्ड के चहुमुखी विकास के लिए प्रयत्नशील रहूंगी। चुनावी घोषणा पत्र में दिए गए हर वादा पूरा करने का आश्वासन दिलाते हुए कहा कि विसार तालाब का सौंदर्यीकरण, टूटी हुई सड़कों का निर्माण, जलजमाव की समस्या, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पेयजल समस्या दूर करना, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, बेहतर साफ-सफाई, जीर्ण शीर्ण मंदिरों का पुनर्निर्माण, अधूरे कार्यों को पूरा करना सहित जनहित के मुद्दे को दूर करना पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव में सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय का समर्थन प्राप्त हुआ है। सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए एक समान तरीके से कार्य किए जाएंगे। सरकार की लाभकारी योजनाओं को जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी सुनील बंबईया ने वार्ड वासियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए ऐतिहासिक जीत के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान उपस्थित समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने सारिका कुमारी को माला पहना कर जीत की बधाइयां दी।

# ठंड का कहर : राजधानी में 2 डिग्री तक लुढ़का पारा घरों में दुबके रहे लोग, स्कूलों की छुट्टियां बढ़ी

## पटना सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में शीतलहर का प्रकोप जारी

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** राजधनी पटना सहित बिहार के विभिन्न इलाकों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह के 10 बजे भी सड़कों पर कुहासा छाया हुआ था और विजिबिलिटी काफी कम थी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 13 जनवरी तक न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 9 डिग्री के बीच रह सकता है। राजधानी पटना के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए रविवार 7 जनवरी तक नर्सरी से 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। पटना जिला दंडाधिकारी के आदेश के साथ ही बिहार के बाकी जिलों के भी स्कूलों में छुट्टी का ऐसा ही आदेश अमूमन जारी कर दिया गया है। राजधानी समेत प्रदेश में बीते तीन दिनों से ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ है। नव वर्ष के दूसरे दिन भी पटना में घना कोहरा छाया रहा। वहीं पटना में 50 मीटर दृश्यता होने से विमान व यातायात सेवा पर असर पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की मानें तो मध्य भारत में बने प्रतिचक्रवात और दोतरफा हवा के कारण मौसम में बदलाव होने से कनकनी बढ़ गई है। इस कारण ठंड से लोग परेशान है। बर्फीली हवा के कारण भी ठंड में वृद्धि हो गई है। सोमवार को राजधानी के अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट के साथ 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## लाली पहाड़ी पर बच्चों के साथ जुटी सैलानियों की भीड़



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** नव वर्ष के अवसर पर लखीसराय के प्रसिद्ध स्थल लाली पहाड़ी पर आसपास के दर्जनों गाँव के लोग बड़ी संख्या में घुमने आते हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए यह मनोरंजन का बेहतर स्थलों मे से एक है। यहा बच्चों के लिए कई तरह के झूले, खिलौने और खाने-पीने की बहुत सारी चीजे रहती हैं। लाली पहाड़ी पर से लखीसराय शहर का पूरा नजारा देखने को मिलता है। बच्चों सहित उनके अभिभावक भी यहा आने के लिए सालभर बेसर्री से इंतेजार करते हैं। यहा आने पर मानो सबका चेहरा फूलों सा खिल जाता है।

## शशि थरूर की नयी पुस्तक अंबेडकर ए लाइफ का लांचिंग कार्यक्रम संपन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** वरिष्ठ राजनीतिक, सांसद और लेखक शशि थरूर की नयी पुस्तक अंबेडकर : ए लाइफ का कोलकाता की सामाजिक संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशन और श्री सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में आईटीसी सोनार में आयोजित किताब इवेंट में लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में किताबों के शौकीन युवा और वयस्कों के अलावा अहसास महिला और फिक्की एफएलओ के सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर सुहेल सेठ ( प्रबंधन सलाहकार, लेखक और सामाजिक वक्ता ) ने लेखक श्री थरूर के साथ एक घंटे तक बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर चचाएं की। इस कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का उत्साह चरम पर देखा गया। इस मौके पर शशि थरूर ने कहा, डॉ. अंबेडकर की महानता को उनकी किसी एक उपलब्धियों से गिना नहीं जा सकता, क्योंकि सभी अलग - अलग रूप से असाधारण थे। थरूर ने इस दौरान अपने बहुआयामी व्यक्तित्व और जीवन के टर्निंग पॉइंट्स जैसे, ऐतिहासिक निर्णयों, सामाजिक बहिष्कार और कलंक, राजनीतिक झुकाव, अंतहीन संघर्षों और निश्चित रूप से उनके मजबूत व्यक्तित्व में गहरी अंतर्दृष्टि और उपाख्यानात्मक संदर्भों को इस मौके पर साझा करते हुए अंबेडकर के शानदार जीवन का एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया। अहसास महिला के लखनऊ चैप्टर की ओर से माधुरी हलवासिया ने लेखक और संवादी श्री थरूर को दर्शकों से परिचित कराया, वहीं सुहेल सेठ ने थरूर की किताब क्यों हमें पढ़नी चाहिए, इसके महत्व को बताते हुए चर्चा को आगे बढ़ाया। यह निस्संदेह अंबेडकर पर बेहतरीन किताबों में से एक है।

# महान स्वतंत्रता सेनानी शिव प्रसाद आजाद का 99 वां जयंती समारोह संपन्न

## आजाद ने हिला डाली थी गोरी सरकार की चूलें

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** माली मालाकर कल्याण समिति ने महान स्वतंत्रता सेनानी व अगस्त क्रांति के अग्रदूत शिव प्रसाद आजाद का 99 वीं जयंती समारोह मनाया गया। दरोगा राय पथ स्थित फुले स्मारक में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रेम प्रकाश संस्थापक माली मालाकर कल्याण समिति के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बात रखते हुए पृथ्वी कुमार माली ने कहा कि शिव प्रसाद आजाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। शिव प्रसाद ने अंग्रेजी हुकुमत को खुली चुनौती देते हुए अगस्त क्रांति के समय भारत माता के जायकारे के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया था। माली ने बताया कि अगस्त क्रांति को भारत छोड़ो आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलने वाले इस आंदोलन का नेतृत्व बिहार में शिव प्रसाद आजाद जैसे लोग कर रहे थे। शिव प्रसाद आजाद जी स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। मौके पर अशोक आजाद, मुन्ना मालाकार, रामबाबू भंडारी, गौतम बजाज, मनोज मालाकर, अरविंद भगत, अनिल भगत, सुरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र भगत, संतोष यादव, रविंद्र भगत, विनोद माली, सुधीर मालाकर और गुड्डू चौधरी उपस्थित थे।

## जदयू नेता ने डीएम डॉ त्यागराजन एसएम के कार्यों को सराहा, नव वर्ष की दी बधाई

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** गया जिला जनता दल यू महादलित प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष सह जिला स्तरीय अनुसार एवं सतर्कता अनुसूचित जाति /जनजाति अत्याचार निवारण के सदस्य जितेंद्र कुमार अधिवक्ता ने नव वर्ष के अवसर पर समाहरणालय कक्ष में जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ एवं डायरी- कलम भेंटकर नव वर्ष की बधाइयां प्रेषित की। उन्होंने जिलाधिकारी के एक वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके कुशल नेतृत्व में पितृपक्ष मेला, रामनवमी, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व, बोधगया में दलाई लामा का कार्यक्रम, गत दिनों नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया है, जो सराहनीय कार्य हैं। जिसे जिले वासियों ने ऐसे कर्मठ जिला पदाधिकारी पर भरोसा जताया है। कुमार ने कहा कि जिला पदाधिकारी एक कर्मठ इमानदार के रूप में जाने जाते हैं। जिले में लगने वाले जनता दरबार में 500 से अधिक फरियाद सुनने वाले सफल जिला पदाधिकारी साबित हुए हैं। डीएम के कर्मठ एवं निष्ठा को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है। बधाई देने वालों में जदयू के वरीय नेता हसनैन गुलाम खान उर्फ मोहन खान अधिवक्ता, जहांगीर खान, संजय दास आदि लोग शामिल थे।

## 31 जनवरी तक जमा होगी चल अचल समपत्ति घोषणा एवं दायित्वों की विवरणी

**मुंगेर :** जिले में पदस्थापित अखिल भारतीय सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं राज्य सरकार के अधीन पदस्थापित/सेवारत समूह क, ख एवं ग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा राज्य सरकार के सभी अधीनस्थ सभी उपक्रमों (यथा बोर्ड, निगम, सोसाइटी, पर्षद इत्यादि) के समूह क, ख एवं ग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के चल अचल सम्पत्ति घोषणा तथा दायित्वों की विवरणी प्रपत्र – I एवं II आगामी 31 जनवरी 2023 तथा सूची के अनुसार घोषणा विहित प्रपत्र – III में 15 फरवरी 2023 तक उपलब्ध कराने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने गया से हजारों कांग्रेसी जाएंगे बांका: विधायक

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में 05 जनवरी 2023 को मंदार पर्वत बांका से बोधगया तक 1200 किलोमीटर की शुरू होने वाले भारत जोड़ो यात्रा में गया से हजारों कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता, समर्थक, सोशल एक्टिविस्ट आदि भाग लेंगे स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में आयोजित विस्तारित बैठक में प्रदेश प्रवेक्षक रूप में शामिल औरंगाबाद के विधायक आनंद किशोर एवं प्रवीण शर्मा ने उपस्थित नेताओ, कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शुरू हो रहे भारत जोड़ो यात्रा के शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे करेंगे, जिसमे राज्य के कोने, कोने से लाखो की संख्या में लोग 05 जनवरी को मंदार पर्वत बांका पहुंचेंगे, जिसमे गया से भी हजारों की संख्या में लोग रेल, बस, छोटी गाडियां से जरूर शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव ने किया। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, कैलाश पाल, सुमंत कुमार, प्रियरंजन डिंपल, धर्मेंद्र कुमार निराला, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, डा गगन मिश्रा, गिरेंद्र कुमार, संतोष कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष चिरागुद्दीन रहमानी, रजनीश कुमार, ओम प्रकाश निराला, राजेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, रामाश्रय सिंह, सतीश सिंह, उमेश सिंह, शाहिद इमाम, बबलू शर्मा, मो खैरुद्दीन, शशि कुमार यादव, टिकारी नगर मुख्य पार्षद अजहर इमाम, गया शहर वार्ड संख्या 27 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार राम, ललन कुमार दास, आदि ने अपने, अपने विचार रखे।

# ठंड का कहर : बढ़ी ठंड तो अलाव से हुई मोहब्बत, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**विशाल कुमार**



**मोतिहारी पू.च. :** तापमान में लगातार हो रही गिरावट की वजह से सर्दी का सितम जारी है, इस वर्ष ठंड के साथ-साथ कोहरे का भी असर बढ़ गया है। जिस वजह से लोगों को कनकनी भरी ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं कोहरे की वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है। वही अभी पछुआवा हवा से कनकनी बढ़ रही है। जिले में हवा के साथ बूंदा बांदी का अभी असर पिछले कुछ दिनों से जारी है । जिसके वजह से नए साल के शुरूआत में ही ठंड अपने पूरे चरम के साथ लगी की रही है । आज जैसा मौसम है इससे बचने का एकमात्र उपाय अलावा है। ठंड में बच्चे , युवा , और सबसे ज्यादा बुजुर्गो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सोमवार को जिले में सूरज का दर्शन नही हुआ । लोग दिन भर अलावे के साथ बिताया वही अधिकतर लोग घरों में ही इस ठंड दुबके रहे । इस कड़ाके की ठंड में बापूधाम रेलवे स्टेशन मोतिहारी सहित कई बस पड़ाव में जीवन व्यतीत कर रहे । गरीब , निशाहय इस ठंड में केवल एक चादर के साथ ठंड में रहने पे मजबूर है। बात चीत के दौरान वहा मौजूद लोगो ने बताया कि इस ठंड हमें सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं मिल रहा है। उन्होंने ये भी बताया की इस चादर से काम नहीं चलता बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस ठंड में काफी जरूरतमंद लोगों को मजबूरन बाहर निकलना पड़ रहा है ऐसे में पटपरिया मोरान पर ठंड से सिकुड़ी हुई बुजुर्ग के साथ कुछ बच्चे अलावा जला इस ठंड को बिता रहे है। हालाकि मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सतह से डेढ़ किलोमीटर ऊपर पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह बना हुआ है। जिसकी गति 10 से 11 किलोमीटर प्रति घंटे की है. वहीं प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कुछ जगह पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हवा का प्रवाह बना हुआ है, जिसमें नमी की मात्रा काफी अधिक है। इन मौसमी कारकों के प्रभाव से कनकनी भरी ठंड का अहसास बढ़ गया है ।

## पुलिस ने छापेमारी कर देसी चुलाई शराब किया बरामद

**बगहा :** पिपरासी थाना क्षेत्र के भैसहिया और बहेरी स्थान गांव में अलग अलग छापेमारी कर देसी और चुलाई शराब पुलिस ने रविवार की देर रात्रि में बरामद किया है । थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मंझरिया पंचायत के बहेरी स्थान गांव में छापेमारी कर एक आरोपी के घर से 15 बोतल देसी शराब बरामद हुई है । और इस मामले में एक आरोपी को नामजद किया गया है । पूर्व में भी यह धंधेबाज जेल की हवा खा चुका है । दूसरी तरफ सेमरा लबेदहा पंचायत के भैसहिया गांव में छापेमारी कर सात लीटर देसी चुलाई शराब आरोपी के घर से बरामद किया गया है। इस मामले में दो को नामजद किया गया है । थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों धंधेबाज रात का अंधेरा का लाभ लेते हुए फरार हो गए । इनकी नाम की खुलासा नहीं की जा रही है । कारण की यह घर से दूसरे जगह फरार हो जाएंगे । फिर गिरफ्तारी करने में परेशानी होगी ।

# मुंगेर में जाति आधारित जनगणना को लेकर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** बिहार जाति आधारित गणना-2022 के सफल और समयबद्ध संचालन के लिए संग्रहालय मुंगेर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सोमवार को प्रथम बैच सदर अनुमंडल मुंगेर अन्तर्गत नगर निगम, मुंगेर, नगर परिषद जमालपुर प्रखंड सदर मुंगेर, बरियारपुर, जमालपुर एवं धरहरा और मंगलवार को द्वतीय बैच अनुमंडल तारापुर एवं हवेली खड़गपुर के नगर परिषद हवेली खड़गपुर, नगर पंचायत तारापुर संग्रामपुर एवं असरगंज तथा प्रखंड हवेली खड़गपुर, टेटियाबम्बर, संग्रामपुर तारापुर एवं असरगंज का प्रशिक्षण निर्धारित है। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्त्ता सह प्रभारी जिला पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र शाही के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला में जाति आधारित गणना कार्य के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारी, चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार के लिए यह गणना कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण एवं दूरगामी प्रभाव वाला कार्य है, इसलिए गणना कार्य में कोई भी भवन एवं व्यक्ति गणना से नहीं छुटना चाहिए। गणना कार्य में सभी आवासीय एवं अंशतः आवासीय भवनों , मकानों का नम्बरिंग करना है एवं सभी परिवार के सदस्यों का गणना किया जाना है। उप विकास आयुक्त, श्री संजय कुमार के द्वारा गणना कार्य के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह गणना कार्य सूचना के अधिकार के अन्तर्गत आता है इसलिए पर्याप्त सावधानी बरतते हुए गणना का कार्य करेंगे ।गणना कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगें तथा गणना कार्य में बाधा पहुँचाने वाले असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेंगें एवं सभी घटनाओं को अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में लायेंगे। गणना कार्य हेतु प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को पहचान पत्र निर्गत किया जायेगा। गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह सोमवार को चार्ज स्तर पर एवं बुधवार को जिला स्तर पर की जायेगी। इस क्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा चार्ज पदाधिकारी एवं सहायक चार्ज पदाधिकारी के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया एवं बताया गया कि गणना कार्य के संचालन में चार्ज पदाधिकारी एवं सहायक चार्ज पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्य में सुगमता हेतु सभी स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपस में जानकारी शेयर करेंगे। सभी मास्टर ट्रेनर को पूर्ण तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निदेश दिया गया और बताया गया कि यदि मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के सभी बारीकियों का सही से समझ लेते हैं और क्षेत्रीय प्रशिक्षण के दौरान अपने प्रगणक/ पर्यवेक्षक को सही ढंग से प्रशिक्षत कर लेते हैं तो गणना कार्य के दौरान होने वाली समस्यायें न्यूनतम हो जाएगी। जिला के मास्टर ट्रेनर श्री संतोष कुमार के द्वारा गणना कार्य के प्रथम चरण जो दिनांक 07.01.2023 से 21.01.2023 तक चलेगा, के दौरान मकान सूचीकरण एवं द्वितीय चरण जो माह अप्रैल में प्रारंभ होगा के दौरान किए जाने वाले गणना कार्य की बारीकियों से सभी प्रशिक्षणार्थी को अवगत कराया गया। द्वितीय चरण का कार्य जिसमें मुख्य रूप से गणना कार्य किया जाना है उस कार्य को विहित प्रपत्र एवं मोबाईल एप के माध्यम से संपन्न कराया जाना है। गैर आवासीय भवनों का गणना नहीं किया जायेगा, परन्तु नजरी नक्शा में ऐसे भवनों को अवश्य ही दशार्या जाय।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री बेतिया विधायक ने निगम प्रशासन से बेतिया में अलाव की व्यवस्था को किया वार्ता

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया विधानसभा क्षेत्र और नगर निगम क्षेत्र में बढ़ते ठंढ और शीतलहर को देखते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री व बेतिया विधायक रेणु देवी ने बेतिया नगर निगम आयुक्त से पूरे बेतिया शहर में शीघ्रता शीघ्र अलाव की व्यवस्था करने के लिए वार्ता किया। नगर निगम आयुक्त ने सोमवार से पूरे नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न जगहों और चौक चौराहों पर लकड़ी,अलाव की व्यवस्था करने को कहा है। बेतिया नगर निगम प्रशासन ने सोमवार से पूरे बेतिया शहर में अलाव की व्यवस्था कर देने का आश्वासन दिया है, जिससे शीतलहर में ठंढी से ठिठुरते बेतिया वासियों को राहत मिलेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने शीतलहर को देखते हुए आम जन से ठंढी से सावधानी बरतने की अपील भी क्षेत्र वासियों से किया है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेतिया ने एमजेके कॉलेज में शुल्क कम कराया




राष्ट्रीय खबर

**बेतिया:** अभाविप बेतिया इकाई ने महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर तृतीय खंड के नामांकन एवं फॉर्म के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। उसके उपरांत प्राचार्य से वार्ता कर फीस मे कमी कराई गई। जिसमें नामांकन शुल्क में 250 रुपया एवं परीक्षा फॉर्म में 250 रुपया कम कराया गया।इसमें विभाग संयोजक सुजीत मिश्र ने पूर्व में प्राचार्य को शुल्क वृद्धि के बारे में अवगत कराया। कॉलेज इकाई के अध्यक्ष सितांशु दिब्याल ने कहा की अभाविप सदैव विद्यार्थीहित में सक्रिय रहा है, विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों पर अभाविप ने ततक्षण सक्रियता दिखाई है। जिससे शुल्क में कमी हुई है। नगर मंत्री अभिजीत राय ने कहा प्राचार्य के इस सकारात्मक कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद करती है। इस अवसर पर जिला संयोजक विशाल झा, नगर सह मंत्री किशन मिश्र, नितेश कुमार, अनमोल तिवारी, सूरज पांडे,विशाल दीक्षित, मनीष कुशवाहा, चंदन सैनी, रितेश कुशवाहा, अमन शर्मा, रिशिक चौरसिया, रंजीत श्रॉफ, रेखा कुमारी, रानी सक्सेना, कविता कुमारी, श्वेता कुमारी दीप्ती रानी, कमलेश कुमार, डीके कुमार उपस्थित रहे व अभाविप को धन्यवाद किया।

## नववर्ष उत्सव ऐसा भी, जिसमें अपेक्षित वरिष्ठ नागरिकों को मिली प्रसन्नता

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे लोग भी हैं जो विगत कई वर्ष से नववर्ष, दीपावली, रक्षाबंधन, उत्सव, पर्व पर अनाथालय, वृद्धा आश्रम व अन्य आवश्यक लोग में सपरिवार प्रसन्नता बांटते हैं। वे अपने बच्चों, परिवार के अन्य सदस्यों का जन्मदिन भी उन्हीं अपेक्षित लोगों के बीच मनाते हैं। इसी क्रम में समाजसेवा क्षेत्र के अग्रणी व्यक्तित्व जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. जगमोहन कुमार व आजीवन सदस्य उनकी धर्मपत्नी पिंकी देवी भी विगत 10 वर्ष से लगे हुए हैं। डॉ. कुमार की मुहिम में उनकी पत्नी पिंकी देवी भी विभिन्न संस्थाओं से जुड़कर अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर रही हैं। नववर्ष 01 जनवरी 2023 को बरवत सेना, बेतिया स्थित वृद्धा सेवा आश्रम में सपरिवार पहुँच कर डॉ कुमार ने अपेक्षित वरिष्ठ नागरिकों के संग नव वर्ष की प्रसन्नता बांट, मिठाई खाया-खिलाया, उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुएं सादर भेंट कर स्नेह व आशीष प्राप्त किया। दंपत्ति ने कहा कि उनके बीच आकर, बात कर, उन्हें अपने या अन्य प्रयासों से मदद करने से हमें बेहद सुखद अनुभव होता है। हमारी संवेदनशीलता और सेवा भावना जागृत रहती है। सेवा कार्य करने के लिए हमें और ऊर्जा भी मिलती है। उन्होंने बताया कि असहाय व वृद्धों के लिए इस गैर सरकारी आश्रम में निःशुल्क रहने, खाने-पीने की व्यवस्था है। इस अवसर पर शत्रुधन कुमार, रोहित कुमार, राम कुमार, दीपक महतो, अभिनव आयुष्मान, नूतन निशांत उपस्थित रहे। आश्रम प्रबंधक पुजारी बाबा एवं वृद्धजनों ने डॉ. कुमार व उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ग्लोबल हिन्दू फेडरेशन, सेल्फ डिफेन्स के खिलाड़ियों ने चालसा पश्चिम बंगाल में बिखेरा चम्पारण का जलवा

### आशिहारा कराटे फेडरेशन इण्डिया ने पश्चिम बंगाल में 33 वीं शीतकालीन राष्ट्रीय शिविर का आयोजन किया

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया:** पश्चिम चम्पारण जिला के खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन आशिहारा कराटे फेडरेशन ऑफ इण्डिया अयोजित पश्चिम बंगाल में 33 वीं शीतकालीन राष्ट्रीय शिविर में किया। विगत वर्ष 26 दिसम्बर 22 से 01 जनवरी 2023 तक इस शीतकालीन शिविर में सम्पूर्ण भारत सें 869 कराटे खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें ग्लोबल हिन्दू फेडरेशन सेल्फ डिफेन्स के 7 खिलाड़ियों ने चम्पारण का प्रतिनिधित्व किया। उन खिलाड़ियों में सागर कुमार, सत्यम राज, आकाश कुमार, राजीव कुमार, टिंकु कुमार, चाँदनी कुमारी, करुणा कुमारी शामिल हैं। उपर्युक्त सभी खिलाड़ी संत कबीर पब्लिक स्कुल बेतिया के विद्यार्थी हैं। उनमें करुणा कुमारी ने सभी कराटे खिलाड़ियों को परास्त करते हुए बेस्ट फाइटर का अवार्ड जीता। ग्लोबल हिन्दू फेडरेशन, सेल्फ डिफेन्स के खिलाड़ियों ने चालसा में बिखेरा चम्पारण का जलवा। इस क्रम में सभी खिलाड़ियों को फुल माला पहनाया गया एवं मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर उपस्थित संत कबीर पब्लिक स्कुल के संस्थापक मनीष यादव, प्रिंसिपल अखिलेश राव, चंदन कुमार, टीम नारायण रघुवंशम ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। उपमेयर प्रतिनिधि रमण गुप्ता ने खिलाड़ियों को सभी संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## 50 आवेदनों की जाँच में हुई 10 फील्ड सत्यापन



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** अर्हता सूची के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत प्राप्त किये गये दावा आपत्ति प्रपत्र की जाँच, सत्यापन प्रमंडलीय आयुक्त सह निर्वाचक रौल प्रेक्षक गोपाल मीणा के निर्देश पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तिरहुत प्रमंडल संजय मिश्रा द्वारा क्षेत्र में जाकर सुपर चेकिंग किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्य प्रिय कुमार, अनुमंडल अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजू कुमार भी उपस्थित थे। बैंक रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर उतरी भाग बूथ नं0 97 में उपस्थित बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो का जाँच की गई। प्रपत्र 6 में प्राप्त कुल 15 आवेदनों में से 9 महिला एवं 6 पुरूष आवेदक है। सुपर चेकिंग के क्रम में वे इस्लामपुर, बैंक रोड, श्याम मंदिर, डोमा पोखर मोहल्ले में जाकर मतदाता, आवेदकों से इसकी पुष्टी किया। अनुमंडल अवर निर्वाचक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि तदालोक में प्रतिवेदन तैयार करें। गौरवतलब है कि आयुक्त महोदय द्वारा 50 आवेदनों की जाँच की जानी है जिसमें 10 फील्ड सत्यापन किया जाना है।

## युवाओं के शारिरिक-मानसिक विकास में क्रिकेट उपयोगी : गरिमादेवी

### स्वस्थ शरीर और मन के लिए खेल अति आवश्यक

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम की नव निर्वाचित मेयर गरिमादेवी सिकारिया ने रविवार को नववर्ष के अवसर पर बड़ा रमना मैदान में अभिमन्यु क्रिकेट क्लब के नव निर्मित प्रेक्टिस पीच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गरिमादेवी ने कहा कि व्यवसायिकारण के कारण फुटबॉल के बाद क्रिकेट खेल विश्व में सर्वाधिक महत्वपूर्ण बन गया है। अमेरिका और अरब देशों में क्रिकेट क्लब बनाने और उम्दा खिलाड़ियों को खरीदने की होड़ लगी है। स्वस्थ शरीर और मन के लिए खेल को विशेष रुप से युवाओं के लिए अति आवश्यक बताया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजकुमार, संयुक्त सचिव आशीष कुमार, अभिमन्यु क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी गौतम पोद्दार, अनिल कुमार, प्रवीण राव, अरुण कुमार पांडेय और गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहार जाति आधारित गणना 2022 का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज:** नरकटियागंज प्लस टू उच्च विद्यालय में चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज सतीश कुमार ने बिहार जाति आधारित गणना 2022 का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के 9 पंचायत के कुल 251 प्रगणक और 45 पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण 14 फील्ड मास्टर ट्रेनर ने दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी प्रशिक्षु प्रगणक निः संकोच अपनी शंका का समाधान कर लें। जिससे क्षेत्र में काम करने के दौरान कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो। सोमवार को प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनवा परसी, चमुआ, बिनवलिया, मलदहिया पोखरिया, हरदीटेढा, शेरहवा, सुगौली, डुमरिया, बनवरिया पंचायत के प्रगणक और पर्यवेक्षक शामिल हुए। कुल 10 प्रगणक, 6 पर्यवेक्षक और 1 फिल्ड मास्टर ट्रेनर अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों पर कारण पृच्छा उपरांत कार्रवाई की जायेगी। दिनांक 03 जनवरी 2023 और 04 जनवरी 2023 को 9 /9 पंचायत का प्रशिक्षण सम्पन्न होगा। सोमवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मकान सूचीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई। कोई घर छूटे नहीं और किसी घर की गिनती दुबारा नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान प्रगणक देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार्ज पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज के साथ +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुवर शरण, शिक्षक डॉ अरविंद तिवारी, आफताब आलम, इम्तेयाज अहमद फील्ड मास्टर ट्रेनर मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश कुमार गुप्ता, बीरेंद्र कुमार सिंह, कुमार वतन, सुनील चौबे, राजीव द्विवेदी, विनय मिश्र, इफ्तेखार अहमद, रंजन ठाकुर, मनोज कुमार, आलोक कुमार, कार्यपालक सहायक मनीष राव, नीरज यादव, अविनाश पांडेय, राकेश कुमार व परिचारी विजय कुमार शामिल रहे।

## श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ के मौके पर निकली कलश शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

### कलश शोभा यात्रा में जुटे सैकड़ो श्रद्धालु

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** नववर्ष के दूसरे दिन सोमवार को नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ के शुभारंभ मौके पर उल्टानाथ महादेव मंदिर से 12:00 बजे दिन के आसपास लगभग 500 से अधिक महिलाओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई । गौरतलब है कि कलश शोभायात्रा मुख्य बाजार होकर पुरानी बाजार तारापुर के रास्ते उल्टानाथ महादेव मंदिर पहुंचा । गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में रथ पर सवार नागा बाबा श्री राम जानकी चार धाम जनकल्याण गौ सेवा समिति काशी के प्रवचन कर्ता का आशीर्वाद लेने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ को रोककर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । जैसे ही कलश शोभायात्रा उल्टानाथ महादेव मंदिर से चला कि संपूर्ण मार्ग में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जय श्रीराम, के साथ-साथ हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा । इस मौके पर उल्टा नाथ महादेव मंदिर कमेटी के सभी सदस्य एवं शहर के सभी भक्तजन कलश शोभायात्रा में साथ चल रहे थे ।

# बिहार विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की बैठक में छाया रहा खेल व खिलाड़ियों का मुद्दा

### क्रीड़ा विभाग की संचिका हस्ताक्षर के लिए कुलपति सेल में लम्बितः पल्लवी

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर क्रीड़ा परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें क्रीड़ा परिषद में सीनेटर नरकटियागंज की शिवगंज निवासी पल्लवी कुमारी शामिल हुईं। उसने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व करने का खेल प्रमाण पत्र वर्ष 2018 से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में खेल प्रमाण पत्र नही मिलने के कारण विश्वविद्यालय के खिलाड़ी नौकरी से वंचित हो रहे हैं, ऐसा क्यो हो रहा है? इससे विश्वविद्यालय प्रशासन भली भांति अवगत है, खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़, कहाँ तक उचित है? कृपया इसको लेकर सीनेट को अवगत करायें। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सत्र 2022-23 का वार्षिक सब्सक्रिप्सन भेजा जाता रहा है। विश्वविद्यालय स्तर से उपर्युक्त राशि ए/यू को भेजी गई अथवा नहीं, अगर नहीं भेजी गई तो आपके स्तर से कितना प्रयास हुआ, इसके लिए कौन जिम्मेवार है? इसके जमा नही होने से टीम की भागीदारी राष्ट्रीय स्तर पर नहीं की सकती है। जिससे खिलाड़ियों एवं विश्वविद्यालय को शर्मसार होना पड़ता है। क्या इस भागीदारी के लिए अथवा भागीदारी से वंचित होने के लिए खिलाड़ी या पदाधिकारी कौन जिम्मेदार है ? इस प्रकार खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाना काफी दुखद बात है, आखिर ऐसा कब तक? दैनिक समाचार पत्रों का हवाला देकर सीनेट सदस्य पल्लवी कुमारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न टीम को अभी तक राशि उपलब्ध नहीं कराई गई। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी माता पिता की उपलब्ध राशि से अंतरविश्विद अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करते है। इससे संबंधित सारी संचिका आपके स्तर तक ससमय पर बढ़ाई जा चुकी है क्या? यदि इसमें सत्यता है तो समय से भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राशि क्यों नही उपलब्ध करायी गयी। सम्बंधित संचिका कहाँ रुकी पड़ी है और क्यों? उन्होंने जानना चाहा कि खेल और खिलाड़ी सम्बंधित संचिका एक पदाधिकारी के स्तर से समय पर बढ़ाई जा चुकी है, तो राशि क्यों नही उपलब्ध कराई गई। सीनेटर ने जानना चाहा कि संचिका का निष्पादन एक पदाधिकारी के स्तर से कितने दिनों मे करने की समय सीमा विश्व विद्यालय स्तर से निर्धारित है। क्रीड़ा विभाग से 4 महीनों से अधिक भेजी गयी संचिका का अभी तक कोई पता नही है कि वह क्यों किस कारण लम्बित है। सीनेट सदस्य क्रीड़ा ने सीनेट को बताया कि सभी फाइल कुलपति सेल में हस्ताक्षर के लिए लंबे अरसे से पड़ी है, ऐसा क्यो? सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर दिशा निर्देश जारी करती है। इधर विश्वविद्यालय उसकी अनदेखी कर रहा है,आखिर ऐसा कबतक चलेगा। बीआरए वि.वि. वित्त पदाधिकारी से सीनेट की क्रीड़ा परिषद सदस्य ने जानना चाहा कि छात्र-छात्राओं से खेल-कूद के मद में ली जाने वाली राशि (25रुपये/- प्रति छात्र) महाविद्यालय के प्राचार्यो के स्पोर्ट्स काउंसिल अकाउंट समय से नही भेजे जाने का कारण उन्हे नोटिस दी जाती रही, अब तो नामांकन प्रक्रिया यू.एम.आई.एस पोर्टल से हो रही है। इसलिए उपर्युक्त राशि छात्रो के नामांकन से संबंधित डाटा विश्व विद्यालय को उपलब्ध है। महाविद्यालय को लौटायी जाने वाली राशि से खेलकूद मद की राशि काटकर स्पोर्ट्स काउंसिल अकाउंट में स्वतः भेजी जानी चाहीए। यह कार्य तो कुलपति स्तर से किया जाना है।

**शहर >> अपडेट**

### यूरिया लदी ट्रैक्टर पलटी, चालक जख्मी

**बेतिया, प.च. :** बेतिया-मोतिहारी मुख्य मार्ग के मछली लोके के समीप नियंत्रण खो जाने से ट्रैक्टर पलट गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोतिहारी के तरफ आ रहा ट्रैक्टर चालक का नियंत्रण हो गया। जिससे ट्रैक्टर पलट गया उसी में चालक दबा रहा स्थानीय लोगों व राहगीरों के सहयोग से ट्रैक्टर से चालक को निकालकर इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर खाद लगा हुआ था। जिससे चालक को निकालने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा मुफस्सिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को जांच पड़ताल कर रही है।

# थारू कला संस्कृति एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में भव्य सास्कृतिक समारोह आयोजित

## समारोह में राजा भोजपुरिया सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने बाँधी शमा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्रखंड बगहा दो के हरनाटाड स्थित राजकीय कृत राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय हरनाटाड के प्रांगण मे थारू कला संस्कृति एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मुखिया सम्मान समारोह का आयोजन साल के आखिरी शाम मे किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम मे स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा सराहनीय रही और दर्शकों को यह एहसास भी नहीं हुआ कि ये कलाकार पेशेवर नहीं है। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय थारु कल्याण महासंघ के अध्यक्ष दीप नारायण प्रसाद के द्वारा किया गया। जिसमें कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ कृष्णमोहन राय जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड बगहा दो प्रमुख शिव कुमारी देवी की गरिमामयी उपस्तिथि रही।

इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया को उनके पंचायतों में बेहतर विकास कार्य करने के एवज में सम्मानित किया गया।

थारू कला संस्कृति एवं प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष खुबलाल बडघडिया ने कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों व ग्रामीणो को अपने संबोधन के दौरान आभार जताया। मुखिया सम्मान सह सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता चयन समिति अध्यक्ष हरिद्वार काजी, संचालन सानू कुमारी, संजय कुमार व अभी कुमार ने संयुक्त रूप से किया। देर रात तक चलें इस इस कार्यक्रम मे भोजपुरी एक्टर/सिंगर राजा भोजपुरिया ने दर्शकों का खुब मनोरंजन किया। साथ ही स्थानीय कलाकारों पूजा चौधरी, कविता थारु, निता थारु, लक्ष्मी महतो, विंदिया कुमारी, कर्शिमा राय,सोनू चौधरी, जयदेव कुमार, महिमा चौधरी, प्रिया चौधरी, अंजली कुमारी आदि ने अपने कला के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा।

मौके पर डा. शारदा प्रसाद अध्यक्ष थारु बौद्धिक विचार मंच, डा. कामेश्वर प्रसाद, डा. चिंतामणी काजी, डा. प्रदीप गिरी, डा. कृष्णमोहन प्रसाद, डा.नर्वेश्वर दुवे, अंजू देवी मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि ज्योतिनारायण खतईत, मुखिया कृष्णमोहन प्रसाद, मुखिया प्रियंका देवी, मुखिया सुनिल कुमार, मुखिया सिमा देवी, मुखिया भरत कुमार गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो आदि को फुल माला अंगवस्त्र प्रशस्तिपत्र सम्मानित किया गया।

# सम्मानित किये गए सुगौली के नव निर्वाचित वार्ड पार्षद



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** नव वर्ष के अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया गया।वार्ड नं 6 निवासी पूर्व पैक्स अध्यक्ष रामनरेश सिंह के नीजी आवास पर एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। आयोजन मे उपस्थित एसपीएन कांलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर किशोरी प्रसाद भारती, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामबालक ठाकुर, राजद अकलीयत प्रदेश नेता रेयाजुल हंक मुन्ना, सेवानिवृत्त शिक्षक चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. सुधीर कुमार, राकेश झा, डॉ. आलोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगो ने अपने विचार रखे। नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से एक स्वर में शहर की समस्यायों को दूर करने मे सहयोग करने की अपील की।जहा. पत्रकार शंभू शरण, अमरुल आलम खान, एमामूल हंक, बबलु पांडे को सम्मानित किया गया। जिसके बाद पूर्व उप मुख्य पार्षद सह पार्षद श्याम शर्मा, दीपक कुमार, कामीनी श्रीवास्तव, मुन्नालाल साह, जितेन्द्र सिंह, ऐनुल हंक, अनजारुल हंक, अकरम राजा, शीवजी राम, रोबिन पासवान को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर दीपु मिश्रा,ब्रह्मदेव सहनी,अभिनव सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चहल-पहल : धूमधाम से मनाया गया नववर्ष का जश्न

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को नव वर्ष की धूम रही। इसको लेकर क्षेत्र में काफी चहल-पहल रहा। नए वर्ष के स्वागत में अहले सुबह लोगों ने पटाखे फोड़ स्वागत किया। ठंड का परवाह किए वगैर बच्चे नये साल के तैयारी में शनिवार के शाम से हीं तत्पर रहे। उससे पहले लोगों ने आधी रात से हीं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देने लगे। नववर्ष की बधाई व शुभकामना देने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहता। सुबह से हीं विभिन्न मंदिर में लोग पहुंच पुजा अर्चना कर नये साल की सुनहरी सुबह को यादगार बनाया। फेसबुक, व्हाट्सअप, एसएमएस और फोन कर लोगो ने अपने अपने शुभचिंतकों को हैप्पी न्यू ईयर,नव वर्ष मंगलमय हो की शुभकामना देते रहे। युवक - युवतियाँ नए -नए परिधान पहन घूम - घूमकर एक दूसरे से मिले। एक दुसरे को सुखमय जीवन जीने की शुभकामना दी। खासकर छोटे छोटे बच्चों में खासे उत्साह देखा गया।नगर के शिवालय स्थित स्टेडियम सहित अन्य जगहों पर पुरे दिन नव वर्ष की धूम मची रही। स्टेडियम सहित अन्य जगहों पर पिकनिक मनाने के क्रम में खूब भीड़ रही। जहां काफी संख्या मे लोग पहुंचकर पिकनिक का लुत्फ उठाया। वहीं नव वर्ष का दिन रविवार होने से ननवेज वालों के मुंह का स्वाद फिंका रहा।

# नववर्ष के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** नगर के धनही वार्ड 14 महादेव टोला स्थित महारानी जानकी कुंवर स्टेडियम में हजारो की संख्या मे पिकनिक मनाने पहुंचे। इस अवसर पर स्टेडियम परिसर मे एमजेके युथ क्लब के द्वारा रंगारंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।क्लब ने पग बाधा म्यूजिकल चेयर,चलेबी दौड़, हांडी फूड सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांच वर्ष से लेकर सभी उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया। खचाखच भरे स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता के दौरान लोगों ने जमकर तालियां बजाई और भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद पति विकास शर्मा, जितेंद्र तिवारी, वार्ड 13 के पति रामनारायण सहनी,डॉक्टर पवन सहनी, मोहम्मद मंजूर मियां, वार्ड 16 रोबिन पासवान, प्रेमलता कुमारी, वकील परमात्मा सहनी, क्लब सचिव रुसतम आलम, मनीष सिंह सहित अन्य लोगो ने जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार भेंट किया। उप मुख्य पार्षद पति विकास शर्मा ने बताया कि खेल और मनोरंजन जीवन के विकास के लिए बहुत ही आवश्यक होता है। इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। स्टेडियम के विकास के लिए नगर पंचायत की ओर से बच्चों सहयोग करने का प्रयास किया जाएगा। कई लोगो ने अपना विचार व्यक्त किए।

# नूतन वर्ष के रंग में सराबोर हुआ वाल्मीकि नगर, जुटी सैलानियों की भीड़



### बड़ी संख्या में वीटीआर पहुंचे लोगों ने प्रकृति की गोद में मनाया नए साल का जश्न


राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वीटीआर के सुंदर वादियों में नए साल के जश्न में डूबे नजर आए हजारों लोग। पड़ोसी देश नेपाल, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश सहित बिहार के कई क्षेत्रों से नए वर्ष का स्वागत करने हजारों की संख्या में लोग 31 दिसंबर से ही वाल्मीकिनगर पहुंचे हैं। वाल्मीकिनगर के लगभग सभी क्षेत्र दो पहिया,चारपहिया वाहनों सहित लोगों से भरा रहा। कहीं दोस्तों के साथ तो कहीं अपने अपने परिवार के संग पिकनिक पर खाना बनाते और खाते नजर आए। साथ ही नए वर्ष के आगमन पर जश्न मनाते और झूमते नजर आए।सैकड़ों की संख्या में गाड़ियों का अगागवान होता रहा, जिससे लोगों को जाम की समस्या से भी दो चार होना पड़ा। भारत नेपाल का सीमा गंडक बराज पर एहतियातन वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी, ताकि पैदल चलने वालों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। नए साल मनाने के लिए लोगों की बढ़ती संख्या को देख किसी को कोई असुविधा न हो चारो ओर पुलिस प्रशासन चुस्त नजर आई। खबर प्रेषण तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इस बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशिशेखर चौहान ने बताया कि विभिन्न क्षेत्र से हजारों की संख्या में नए वर्ष का जश्न मनाने पहुंचे लोगों को कोई असुविधा और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने के उद्देश्य से हर चौक चौराहे पर सादे और वर्दी में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। ताकि लोगों के जश्न में खलल न पड़े।

# नए साल पर लुढ़का पारा, कनकनी को मात देने में असक्षम रहा धूप

### 4 जनवरी तक स्कूल बंद का जारी हुआ आदेश, ठंड से बचने की मिली हिदायत

अमरुल आलम खान



**सुगौली, पू.च :** कैलेंडर में साल बदल गया लेकिन ठंड का असर बरकरार है। नववर्ष के पहले दिन से जिले के अनेको प्रखंड मे घना कोहरा छाया रहा। दिन 11 बजे के बाद हल्की धूप निकली,लेकिन देर शाम होते ही ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा। नमी युक्त बफीर्ली हवा के कारण ठंड में वृद्धि हो रही है। 4 जनवरी दिन बुधवार तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।वही 5 जनवरी दिन बुधवार से स्कूलों को खोलने का आदेश है।

रविवार को साल के पहले दिन अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा।ठंड में इजाफे के बाद एक बार फिर जिला प्रशासन के आदेश पर स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी गई है। शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने स्कूलों को चार जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। 5 जनवरी दिन गुरुवार को स्कूल खुलेंगे।इस बाबत व्यवसायिक संघ अध्यक्ष अशोक कुमार ने जिलाधिकारी के इस फैसले को काफी सराहना किये। प्रखंड के तमाम लोगो से ठंड से बचने की हिदायत भी दी। ठंड को लेकर अलाव की व्यवस्था को लेकर एसडीएम से बात करने पर उन्होंने बताया कि अलाव एवं कम्बल की वितरण करने का आदेश भी दे दिया गया है। जल्द गरीब असहाय लोगो के बीच कमल के साथ साथ अलाव की व्यवस्था जल्द करा दी जाएंगी। इस परिस्थिति को देखते हुए सीओ धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 60 कम्बल जिसमे 30 कम्बल कुष्ठ लोगो मे वितरण करना है,और 30 कम्बल गरीबो मे बांटना है। साथ-साथ अलाव की भी मुख्य चौराहे पर भी उचित व्यवस्था की जाएगी। भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बढ़ते ठंड को देखते हुए खास कर के छोटे छोटे बच्चों को ठंड से घर मे रखने की हिदायत दी है। बिना वजह के घर से बाहर नही निकलने का लोगो को संदेश भी दिया।

# समस्याओं की समाधान को लेकर डीलरों की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर





**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के डीलरो नें अपनी कई समस्याओं को लेकर प्रखंड सभागार में एक अहम बैठक की।जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्यामदेव सहनी ने की। बैठक मे उपस्थित डीलरो नें अपनी अपनी समस्या भी रखी। बैठक के बाद डीलर संघ के अध्यक्ष श्यामदेव सहनी ने बताया कि पिछले बीस महीने से हमलोगों का कमींशन का भुगतान नही हुआं है।साथ ही दिसंबर महीने के पीएमजेकेवाई सहित नगद राशन वितरण का जो पैसा हमलोग जमा किए वह राशन भी लैंप्स हो गया,और उसका जमा पैसा भी हमलोगों को वापस नही मिला। वही संघ के नंदकिशोर प्रसाद ने बताया कि हमलोगों के कमीशन का भुगतान प्रत्येक माह समय पर किया जाए जिससे हमारे परिवार का भरण पोषण हो।साथ ही सरकार हमारी अन्य सुविधाओं का ख्याल रखे। प्रखंड मे कार्यरत एक सौं से उपर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार है जो सभी बैठक में शामिल हुए जिन्होंने अपनी समस्याएं संघ के सामने रखी और सरकार से मांग किया कि उनकी मांगो को पूरा किया जाए जिससे वे जन वितरण दुकान के माध्यम से जनता की नियमित रुप से सेवा करते रहे। बैठक मे संघ के अध्यक्ष श्यामदेव सहनी, मोहम्मद मोजमिल आलम, लाल बहादुर मांझी, नंदकिशोर प्रसाद, भैरों साह, सोनु कुमार, मोहम्मद बसीर आलम, मुख्तार राय, राजेश्वर प्रसाद, ताज मोहम्मद, मुन्ना मिश्र सहित अन्य डीलर सामिल हुए।

# गौतम बुद्ध सेतु बना पर्यटकों के लिए पिकनिक प्वाइंट

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी :** गंडक पार के लोगों का लाइफ लाइन कहे जाने वाला गौतम बुद्ध सेतु साल के पहले दिन पर्यटकों के लिए पिकनिक प्वाइंट बना हुआ है। उत्तर प्रदेश बिहार से हजारों की तादात में युवा बच्चे रविवार की सुबह से ही पहुंचे हुए हैं। सेतु के नीचे बैठकर भोजन बना रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में सैलानी डीजे पर नृत्य करते हुए भी दिखे। युवाओं को धनहा रतवाल पुल पर जमकर सेल्फी लेते हुए भी देखा गया। उत्तर प्रदेश के नवगवा से दर्जनों की तादाद में विद्यालय के बच्चे पहुंचे हुए थे। जो नदी के किनारे भ्रमण करते हुए नए साल का आनंद लिया।

# जर्जर विद्युत संचरण तार बदलने के लिए नौतनवा के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## विगत तीन महीने से बाधित है बिजली, ग्रामीण परेशान, मूकदर्शक बना विभाग

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प. च. :** जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड अंतर्गत नौतनवा पंचायत के नौतनवा गांव स्थित के वार्ड 1 में बिजली के तार गिरने के विरुद्ध ग्रामीण ने प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि नौतनवा पंचायत के नौतनवा गाँव में वार्ड 1 में बिजली के तार गिरने पर प्रदर्शन की वजह विगत 3 महिना से बिजली का जर्जर तार बदलने को लेकर ग्रामीण कभी बिजली विभाग के पदाधिकारियों से मांग करते रहे हैं अलबत्ता उनकी मांग पर कोई गौर नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सभी सांसद, विधायकों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई कारवाई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके वजह से आए दिन तार टूट कर गिर रहा है। जिससे कभी कोई भैंस झुलस रही है तो कभी कोई आदमी स्पशार्घात का शिकार हो रहा है, ग्रामीणों ने ऊपर वाले का धन्यवाद किया कि कोई व्यक्ति मरा नहीं है। गांव के जर्जर विद्युत आपूर्ति संचरित तार के यत्र तत्र गिरने से ग्रामीण डरे और सहमे हुए हैं कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हो। इसी को लेकर ग्रामीण ने प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि तार शीघ्र बदल दिया जाए। अन्यथा तार नहीं बदला जाएगा तो जन आंदोलन होगा। उनका नारा होगा, बदलें हमारा तार नहीं, तो बिजली बिल भुगतान नहीं। गांव के लोगों ने बताया कि शुक्र है कि अभी गाय भैंस ही मरी है आदमी नहीं। वाल्मीकिनगर सांसद की बात भी नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड नरकटियागंज के सहायक अभियंता नहीं सुन रहे हैं, तो आप उपभोक्ता और ग्रामीणों कि कितनी सुनते होंगे इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। जर्जर तार को लेकर हुए प्रदर्शन में मुस्ताक मिया, मुश्ताक अहमद, जौवाद अहमद, बिट्टू भाई, सोनू, सोनू आलम, रघुनाथ महतो, रामचंदर महतो, महम्मद रजा, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, नसीमा खातून, हसीना खातून, जावेद अहमद, वसीम अहमद, नसीम अहमद व अन्य ग्रामीण शामिल हुए। उपर्युक्त जानकारी युवा उत्साही युवकों ने मीडिया को दी।

# कायाकल्प : बदलने लगा दरुआबारी स्थित दलदलिया पोखरा का भाग्य

### डीडीसी, एसडीएम, एसपी, डीएसपी सहित आला अधिकारियों की टीम ने पहुंच लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** वाल्मीकिनगर में आगामी 5 जनवरी को सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के संभावित यात्रा को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। संत पुर सोहरिया पंचायत के दुरूआबारी गांव स्थित दलदलिया पोखरा का रूपरेखा बदलने में दिन रात एक कर दिया गया है। पोखरी के चारों तरफ से पेवर ब्लॉक का पाथवे सहित जिम लगाने का प्रावधान है। इतना ही नहीं आदिवासी बहुल गांव दरुआबारी के प्रत्येक घर के दरवाजे सहित गली कूची में पेवर ब्लॉक लगा गांव की रूपरेखा को भी बदला जा रहा है। अचानक गांव की रूपरेखा बदलते देखे गांव के ग्रामीण भी अचंभित हैं। बिजली के पुराने तारों को बदलने सहित सोलर लाइट लगाने की प्रक्रिया भी किया जा रहा है। जिले के ऐसा कोई विभाग नहीं है जिसके अधिकारी पोखरे के तट पर कैंप न लगाएं हो। सोमवार की दोपहर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार सिंह, बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, एसडीएम अनुपमा सिंह, डीएसपी कैलाश प्रसाद, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित मनरेगा, ग्रामीण विकास कार्य, ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी कैंप लगाए हुए हैं।साथ ही समीक्षा करने में जुटे हैं। अधिकारियों के द्वारा सड़को की मरम्मत सहित सामुदायिक भवनों के जर्जर हालात को भी सुधारने में तेजी आई है।

संपादकीय

# भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण हिंदी पट्टी से

भारत जोड़ो यात्रा फिर से अपने मूल लक्ष्य की तरफ बढ़ने लगेगी। इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश होते हुए यह यात्रा हरियाणा में दोबारा प्रवेश करेगी। उसके बाद पंजाब होते हुए जम्मू कश्मीर की तरफ बढ़ेगी। इस भारत जोड़ो यात्रा का अगला फेज 3 जनवरी 2023 से शुरू होने वाला है जिसके लिए कांग्रेस की ओर से तैयारियां की जा रही है। दिल्ली में विराम के बाद 3 जनवरी से फिर से भारत जोड़ो यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा विराम के बाद उत्तर प्रदेश से प्रारंभ होगी। जिसके बाद हरियाणा पहुंचेगी और उसके बाद पंजाब से और आखिर में जम्मू कश्मीर में पहुंचेगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश के 3 जिलों से गुजरेगी। भारत जोड़ो यात्रा में तमाम विपक्षी दलों को अपने साथ जोड़कर कांग्रेस सरकार उत्तर प्रदेश के नागरिकों को बड़ा संदेश देगी। घोषित कार्यक्रम के मुताबिक गाजियाबाद के लोनी में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंचेगी। यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस सरकार ने



उत्तर प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में उत्तर प्रदेश के सपा प्रमुख अखिलेश यादव को, बसपा अध्यक्ष मायावती, आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी और कई विपक्षी दलों को यात्रा में शामिल होने के लिए निर्मंत्रित किया गया है। क्योंकि कांग्रेस का उद्देश्य भारत को जोड़ना है। इनमें से अखिलेश ने यात्रा में शामिल नहीं होने का एलान कर दिया है और समझा जाता है कि अपने कारणों से मायावती भी इससे दूरी बनाकर चलेंगी। वैसे कांग्रेस ने अपने पूर्व के अनुभवों का लाभ उठाकर इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों की सूची को सार्वजनिक करना बंद कर रखा है। कांग्रेस की शिकायत है कि इसकी सूचना देने पर संबंधित लोगों पर भाजपा शासित राज्यों की सरकारें और पुलिस दबाव बनाती हैं। समझा जाता है कि यात्रा के इस चरण में भी सेना के बड़े अवसर, इंटरनेशनल खिलाड़ी, हरियाणवी फिल्म जगत की हस्तियां और कुछ ऐसी स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग भी शामिल होंगे जिन्होंने पूरे देश में अपने काम के बल पर अलग पहचान बनाई है। कांग्रेस इस सूची को गोपनीय बनाकर चल रही है क्योंकि उसे डर है कि अगर लिस्ट सार्वजनिक हो गई तो इनलोगों पर सरकार यात्रा में शामिल ना होने के लिए दबाव बना सकती हैं। जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी 9 और 10 जनवरी को कुरुक्षेत्र रहेंगे। अगले दिन 11 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा अंबाला सिटी से होते हुए शाम को शंभु बॉर्डर पर समाप्त होगी। 12 दिसंबर की सुबह राहुल गांधी पंजाब के लिए रवाना होंगे। इस यात्रा को आयोजित करने वाले समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया है कि पदयात्रा 150 दिन यानी 5 महीने में दक्षिण में कन्याकुमारी से लेकर उत्तर में कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। जो 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ 100 नेता शुरू से लेकर आखिरी तक पदयात्रा में उनके साथ रहेंगे। जिनकी सूची कांग्रेस सरकार द्वारा तैयार कर ली गई है?। कांग्रेस के मुताबिक इस यात्रा में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं समान विचारधारा के लोग शामिल हो सकते हैं। वैसे इस यात्रा में भारत जोड़ो यात्री वे लोग हैं जो शुरू से अंत तक राहुल गांधी के साथ साथ चलेंगे। इसके अलावा प्रदेश यात्री भी हैं जो जिन प्रदेशों से यह यात्रा निकलकर गुजरेगी वहां से 100-100 लोग इसमें शामिल होंगे। जहां से यह यात्रा नहीं गुजर रही है वहा के सौ सौ लोगों क जत्था भी इसमें समय समय पर शामिल होगा, जिन्हें अतिथि यात्री कहा जा रहा है। वैसे कांग्रेस द्वारा सुरक्षा में सेंधमारी के सवाल पर कई पूर्व पुलिस अधिकारियों ने वाकई लापरवाही बरते जाने वाला बयान देकर भाजपा को संकट में डाल रखा है। यूपी के पूर्व डीजीपी ने एक टीवी चैनल से बात चीत करते हुए कहा कि आम तौर पर वीआईपी के चारों तरफ जो दो नजदीकी घेरे होते हैं, उनमें बाहरी घेरा राज्य पुलिस का अथवा सीआरपी का होता है। हरियाणा की सीमा से दिल्ली में राहुल गांधी के चलने के दौरान वीडियो में यह घेरा नदारत दिख रहा है। इसे साफ साफ देखा जा सकता है। ऐसे बयान के बाद हरियाणा में राहुल गांधी के शिविर में खुफिया अफसरों के प्रवेश पर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज का बयान आया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की तरफ से एक लेटर मिला है। वे मामले की जांच करा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने यात्रा का रूट प्लान मांगा है। दूसरे चरण में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को पूरी सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिए हैं। कुल मिलाकर यह स्पष्ट हो गया है कि अब राहुल गांधी अथवा कांग्रेस द्वारा उठाये जा रहे मुद्दों पर यूं ही नजरअंदाज करने का समय बीत चुका है।

# राहुल गांधी के वाजपेयी प्रेम की रहस्यमयी दुनिया

राहुल गांधी के अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर जाने और श्रद्धा सुमन अर्पित करने को लेकर बहुत चर्चा हो रही है और इसके पीछे राहुल गांधी की सहदयता बतायी जा रही है, राहुल गांधी की बदली हुई महान शख्सियत बतायी जा रही है, कहा यह जा रहा है कि राहुल गांधी देश को शांति और सद्भाव का संदेश देना चाहते हैं। यही कारण राहुल गांधी अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर जाकर पुष्पाजंलि की है। लेकिन इसके पीछे की कहानी और रहस्य को कोई बतायेगा नहीं? यह कोई नहीं बतायेगा कि राहुल गांधी और उनकी माता सोनिया गांधी अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति इतनी गंभीर सहानुभूति क्यों रखते हैं, वाजपेयी को सद्भावना का प्रतीक क्यों मानते हैं? इसके लिए आपको सोनिया गांधी परिवार पर अटल बिहारी वाजपेयी के कोई एक-दो नहीं बल्कि कई एहशानों को जानना होगा, राहुल गांधी के अमेरिकी प्रकरण को जानना होगा, सोनिया गांधी के विदेशी मूल के प्रकरण को जानना होगा, क्वात्रोचि प्रकरण को जानना होगा, बोफोर्स कांड में सोनिया गांधी और क्वात्रोचि प्रकरण को जानना होगा, सोनिया गांधी परिवार पर सुब्रहण्यम स्वामी के कानूनी प्रकरण को जानना होगा,बजेश मिश्रा प्रकरण को जानना होगा। इससे आगे संघ के तत्कालीन प्रमुख केसी सुदर्शन के आंखों के आंसू को जानना होगा। संघ के तत्कालीन प्रमुख केसी सुदर्शन के आंखों के आंसू का मेरा सीधा साक्षात दर्शन हुआ था। केसी सुदर्शन के आमंत्रण पर दिल्ली स्थित संघ कार्यालय मैं पहुंचा था। केसी सुदर्शन मुझे सोनिया गांधी के विदेशी मूल के प्रकरण पर बात करने के लिए बुलाया था। सोनिया गांधी के खिलाफ बयान देने के बाद केसी सुदर्शन अलग-थलग पड़ गये थे और कांग्रेसियों के हमले भी झेल रहे थे, उनके बचाव में संघ और भाजपा का कोई एक चेहरा भी सामने नहीं था। अटल बिहारी वाजपेयी के एरा में किसकी हिम्मत थी कि उनकी इच्छा के बिना सोनिया गांधी परिवार पर कातिलाना वैचारिक हमले कर सकें। मैं जब केसी सुदर्शन जी से मिलने के लिए झंडेवलान पहुंचा तो फिर केसी सुदर्शन को चिंतित देखा। आम तौर पर संघ के प्रमुख सार्वजनिक तौर पर चिंतित नहीं देखे जाते, चिंता को नियंत्रित रखने और सामान्य दिखने की वीरता उनमें होती है। सोनिया गांधी पर बातें होते-होते मैंने राहुल गांधी के संबंध में एक कुचर्चा पर चर्चा छेड़ दी थी। कुचर्चा थी कि राहुल गांधी अमेरिका में अवांछित परिस्थितियों में थे। मेरी चर्चा पर केसी सुदर्शन के आंखों से आंसू टपकने लगे, कहने लगे कि वाजपेयी जी ने बहुत ही गलत किया है, वाजपेयी जी ने देश और संस्कृति की कसौटी पर सही नहीं किया, इस देश को न केवल सोनिया गांधी के विदेशी मूल की समस्या से मुक्ति चाहिए, बल्कि विदेशी मूल से उत्पन्न बच्चें भी देश के सिंहासन पर न पहुंचे, यह भी जरूरी है। केसी सुदर्शन आगे कहते हैं कि राहुल गांधी अगर औपचारिक ढंग से एक पल और एक दिन भी अमेरिका में कुचर्चित प्रकरण में असहज स्थिति में खडे होते तो फिर देश को सोनिया परिवार से मुक्ति मिल जाती। केसी सुदर्शन जी ने राहुल गांधी के बचाव के लिए वाजपेयी को जमकर कोसा था।




विष्णुगुप्त
स्तंभकार

उस काल में कुचर्चा क्या थी? कुचर्चा थी कि वाजपेयी सरकार ने अमेरिका में राहुल गांधी को असहज स्थिति से निकालने की बहुत बड़ी कोशिश की थी, उस समय के वाजपेयी के सुरक्षा सलाहकार ब्रजेश मिश्रा ने तब कई कॉल अमेरिका कर राहुल गांधी पर दया करने की गुहार लगायी थी। कुचर्चा थी कि बृजेश मिश्रा के नाकाम होने पर अटल बिहारी वाजपेयी ने खुद मोर्चा संभाला था। इसके बाद राहुल गांधी को असहज स्थिति से मुक्ति मिली थी। सोनिया गांधी परिवार के निजी मित्र और कांग्रेसी मुख्यमंत्री के पुत्र ब्रजेश मिश्रा को वाजपेयी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया था। संघ ने ब्रजेश मिश्रा को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाने का विरोध किया था। पर वाजपेयी ने संघ को सीधे खरी-खोटी सुनायी थी कि चाहे कुछ भी हो जाये, सोनिया गांधी के परिवार का निजी मित्र होने के बावजूद भी मुझे ब्रजेश मिश्रा चाहिए तो चाहिए। वाजपेयी की जिद के सामने संघ और आडवाणी भी नतमस्तक हो गये थे। ब्रजेश मिश्रा ने सोनिया गांधी के परिवार के लिए क्या क्या किया था, यह सब इतिहास में दर्ज है। बोफार्स जांच को प्रभावित किया था, क्वात्रोचि को सोनिया गांधी भाई मानती थी, राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यालय में क्वात्रोचि की सक्रिय गदर कटती थी, तूती बोलती थी। बोफार्स कांड में शामिल एक बंधुओं को राहत तो वाजपेयी सरकार में ही मिली थी। इसके अलावा ब्रजेश मिश्रा ने सोनिया गांधी परिवार पर सुब्रहण्यम स्वामी के कानूनी हमले को कमजोर कराया था, इसके अलावा विदेशी मूल के भावनात्मक प्रकरण पर भी वाजपेयी सरकार को कड़े कदम उठाने से रोका था। नेपाल से इंडियन एयर लाइंस के अपहरित विमान की मुक्ति न मिलने के पीछे ब्रजेश मिश्रा की कारस्तानी थी। भारतीय कंमाडों ने अमृतसर हवाई अड्डे पर अपहरित विमान को घेर लिया था पर बृजेश मिश्रा ने कंमाडों कारवाई रोकवायी थी। इसका दुष्फल यह निकला कि विमान की मुक्ति के लिए कई दुर्दांत आतंकवादियों को छोड़ना पड़ा था। इसके कारण वाजपेयी सरकार की बड़ी किरकिरी हुई थी। केरल-त्रिपुरा से अपहरित संघ के चार बड़े प्रचारकों की मुक्ति में भी बृजेश मिश्रा ने वांछित कारवाई में उदासीनता बरती थी, बाद में चारों संघ के प्रचारकों की हत्या बांग्लादेश की सीमा पर कर दी गयी थी। झंडेवालान में हुई शोकसभा में तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा था कि प्रचारकों की मुक्ति न कराने की विफलता कष्टकारी है, अप्रत्यक्षतौर पर उन्होंने इसके लिए ब्रजेश मिश्रा को जिम्मेदार ठहराया था। ऐसे कई किस्से ब्रजेश मिश्रा के थे जिनमें वाजपेयी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होते हुए भी सोनिया गांधी के आज्ञा प्रहरी के रूप में भूमिका प्रदान की थी। सोनिया गांधी ने इसके बदले में ब्रजेश मिश्रा को पुरस्कृत भी किया था। वाजपेयी सरकार के पतन के बाद जब सोनिया गांधी सरकार बनी थी तब ब्रजेश मिश्रा पर सोनिया गांधी ने जमकर कृपा बरसायी थी। सोनिया गांधी ने अपनी सरकार की ओर से ब्रजेश मिश्रा को पदमश्री का पुरस्कार भी दिलवाया था। वाजपेयी सरकार के सुरक्षा सलाहकार ब्रजेश मिश्रा पर सोनिया गांधी की बरसने वाली ऐसी कृपा के पीछे की कहानी कौन नहीं जानता था।

# विश्वास कभी न तोड़ें

जीवन दर्शन

अपनी आत्मकथा में राम प्रसाद बिस्मिल ने एक घटना का वर्णन अपनी फांसी के दो दिन पूर्व किया। मुझे कोतवाली लाया गया। चाहता तो गिरफ्तार नहीं होता। कोतवाली के दफ्तर में निगरानी में रखा सिपाही सो रहा था। मुंशी जी से पूछा- भावी आपति के लिए तैयार हो जाऊं? मुंशी जी पैरों पड़ गए कि गिरफ्तार हो जाऊंगा, बाल-बच्चे भूखे मर जाएंगे। मुझे दया आ गयी। नहीं भागा। रात में शौचालय में प्रवेश कर गया था। इसके पूर्व बाहर तैनात सिपाही ने दूसरे सिपाही से कहा रस्सी डाल दो। मुझे विश्वास है, भागेंगे नहीं। मैंने दीवार पर पैर रखा और चढ़कर देखा कि सिपाही बाहर कुश्ती देखने में मस्त हैं। हाथ




बढ़ाते ही दीवार के ऊपर और एक क्षण में बाहर हो जाता कि मुझे कौन पाता? किन्तु तुरन्त विचार आया कि जिस सिपाही ने विश्वास करके इतनी स्वतंत्रता दी, उसके संग विश्वासघात कैसे करूं? क्यों भागकर उसे जेल डालूं? क्या यह अच्छा होगा, उसके बाल-बच्चे क्या कहेंगे? जेल में भी भागने का विचार करके उठा था कि जेलर पं. चंपालाल की याद आयी जिनकी कृपा से सब प्रकार के आनन्द भोगने की जेल में स्वतन्त्रता प्राप्त हुई। उनकी पेंशन में अब थोड़ा सा ही समय बाकी है और मैं जेल से भी नहीं भागा। ऐसी थी राम प्रसाद बिस्मिल की विश्वसनीयता एवं संवेदना। विश्वसनीयता से ही एक दुसरे से रिस्ता टीका रहता है जिस रिस्ते में विश्वास नहीं वहां कोई समझौता नहीं होता। इसलिए विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए।

साहित्य

# जरूरत है, चरित्र शिक्षा की जिम्मेदार नागरिक होने के लिए

एक बुरा चरित्र एक पंचर टायर की तरह है, जब तक आप इसे बदल नहीं लेते तब तक आप कहीं नहीं जा सकते। शिक्षा एक बच्चे के एक पूर्ण वयस्क बनने के कायापलट को बढ़ावा देती है। मूल्यों के प्रचार और विकास के बिना मात्र सीखना शिक्षा की परिभाषा को भी खारिज कर देता है। मूल्यों और सिद्धांतों की शिक्षा आत्मा को आकार देती है और ढालती है सभी छात्रों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना किसी भी स्कूल के उद्देश्य का मूल है, और वे जो कुछ भी करते हैं, उससे बहुत कुछ पता चलता है। चरित्र शिक्षा कोई नई चीज नहीं है, जिसका विस्तार अरस्तू के काम तक होता है। फिर भी यह तर्क दिया जा सकता है कि हाल के वर्षों में स्कूलों में सफलता की खोज ने गाड़ी को घोड़े के आगे रखने की कोशिश की है। परीक्षा ग्रेड और विश्वविद्यालय स्थानों के संदर्भ में छात्रों को केवल सफलता के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने में, दबाव बनाया जाता है जो अक्सर छात्रों की भलाई और शैक्षणिक प्रगति के प्रति सहज ज्ञान युक्त हो सकता है।



प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र पत्रकार

**मूल्यों और सिद्धांतों की शिक्षा आत्मा को आकार देती है और ढालती है सभी छात्रों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना किसी भी स्कूल के उद्देश्य का मूल है, और वे जो कुछ भी करते हैं, उससे बहुत कुछ पता चलता है।**

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनवान है, यदि उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। उदाहरणः मुसोलिनी, हिटलर सभी नैतिकता से रहित शिक्षा के उदाहरण हैं जो मानव जाति को उनके विनाश की ओर ले जा रही है। समकालीन समय में यह समान रूप से प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए, दहेज लेने वाला एक शिक्षित व्यक्ति लैंगिक समानता और लैंगिक न्याय के लिए मौत का मंत्र होगा। इस प्रकार, मूल्यों के बिना शिक्षा, जैसा कि लगता है, एक आदमी को एक चतुर शैतान बनाता है। चरित्र शिक्षा एक राष्ट्रीय आंदोलन है जो ऐसे स्कूलों का निर्माण करता है जो सार्वभौमिक मूल्यों पर जोर देकर नैतिक, जिम्मेदार और देखभाल करने वाले युवाओं को मॉडलिंग और अच्छे चरित्र की शिक्षा देते हैं जो हम सभी साझा करते हैं। यह स्कूलों, जिलों और राज्यों द्वारा अपने छात्रों में देखभाल, ईमानदारी, निष्पक्षता, जिम्मेदारी और स्वयं और दूसरों के लिए सम्मान जैसे महत्वपूर्ण मूल नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए जानबूझकर, सक्रिय प्रयास है। अच्छा चरित्र अपने आप नहीं बनता, यह समय के साथ शिक्षण, उदाहरण, सीखने और अभ्यास की एक सतत प्रक्रिया के माध्यम से विकसित होता है।

आज देश में देखने में आ रहा है कि छोटी-छोटी बातों पर जब लोग धरना-प्रदर्शन करने निकलते हैं तो राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। बसें जला देते हैं, ट्रेनों में आग लगा देते हैं। किसी की निजी संपत्ति को भी क्षति पहुंचाने से बाज नहीं आते हैं। तमाम लोग ऐसे हैं जो किसी बच्चे, बच्ची, महिला, बुजुर्ग या असहाय को मुसीबत में फंसा पाते हैं तो उसका फायदा उठाने से बाज नहीं आते हैं। आये दिन बच्चों के अपहरण, कई अस्पतालों में चोरी से लोगों की किडनी एवं अन्य अंग निकालने, बलात्कार, चोरी एवं लूटपाट की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती रहती हैं, जो भी लोग ऐसे कामों को अंजाम देते हैं तो ऐसे लोगों के बारे में क्या कहा जायेगा? इसका सीधा सा आशय है कि ऐसे लोगों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण नहीं हो पाया है। ताज्जुब तो तब होता है कि जब कुछ लोग क्रिकेट के मैदान में पाकिस्तान के जीतने पर जश्न मनाते हैं और भारत के जीतने पर मातम मनाते हैं, क्या ऐसे लोगों पर राष्ट्र भरोसा कर सकता है? मुझे यह बात लिखने में कोई संकोच नहीं है कि ऐसे लोग देश के लिए सर्वदृष्टि से घातक हैं। यह चरित्र शिक्षा के माध्यम से विकसित होता है। अच्छे चरित्र का जानबूझकर शिक्षण आज के समाज में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे युवा कई अवसरों और खतरों का सामना करते हैं जो पिछली पीढ़ियों के लिए अज्ञात हैं।

जानकारी

# घूमने के लिए बहुत ही अच्छी जगह



**हजारीबाग**

वनस्पतियों और जीवों की भूमि, और झारखंड का सुरम्य गंतव्य जो वन्यजीव पर्यटन में काफी हद तक योगदान देता है, अपनी हरियाली, पहाड़ियों और सुंदर मौसम के लिए प्रसिद्ध यह शहर 2019 फीट की ऊंचाई पर स्थित, हजारीबाग जहाँ लगभग एक हजार से जायदा उद्यान, जो अपने स्वास्थ्यप्रदक जलवायु के लिए प्रसिद्ध है। जैसा कि इसके नाम से पता चलता है, हजारीबाग का मतलब हजार उद्यानों का शहर है, हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि शहर में सिर्फ बगीचे हैं यहां कई मंदिर, पहाड़ियां, झरने और वन्यजीव अभयारण्य हैं जो पर्यटकों को एक सुखद अनुभव प्रदान करते हैं।



**बोकारो**

बोकारो अपने इस्पात और कोयला उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है। बोकारो झारखंड के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक है, यहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों ने शहर को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र में बदल दिया है। यहाँ के प्राकृतिक स्थलों और पर्यटकों के कारण बोकारो हमेशा पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों, और भक्तों का पसंदीदा गंतव्य रहा है यहाँ के प्रमुख स्थान जैसे काली मंदिर, जवाहर नेहरू जैविक उद्यान, गरगा बांध, और राम मंदिर यात्रियों को सुखद और आरामदायक आकर्षण प्रदान करता है। **...जारी**

# लॉन्च से पहले कंपनी ने एंट्री-लेवल फोन को पेश किया

साइबर दुनिया




चीनी स्मार्टफोन ब्रांड जल्द भारत में Redmi Note 12 सीरीज को लॉन्च करने वाला है। इस लॉन्च से पहले कंपनी ने अपने एंट्री-लेवल फोन को पेश किया है। कंपनी ने इस बजट फोन का नाम र्फी 12उ रखा है। इसमें 6.71-इंच की HD+ स्क्रीन और 5,000mAh की बैटरी दी गई है। Redmi 12C में 6.71-इंच की HD+ स्क्रीन दी गई है। इसका डिस्प्ले 1650x720 पिक्सल रेज्योलूशन का है। इसके बैक पर नॉन-स्लीप टैक्स्चर दिया गया है। इसके साथ डायगनॉल स्ट्राइप्स भी दिए गए हैं। फोन के बैक पर फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है। Redmi 12C में ऑक्टा-कोर Helio G85 प्रोसेसर Mali-G52 MP2 GPU के साथ दिया गया है। इस फोन में 6GB तक का रैम दिया गया है। ये फोन 128GB की इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है। हालांकि, इंटरनल मेमोरी को माइक्रो-एसडी कार्ड की मदद से 512GB तक बढ़ाया जा सकता है। फोटोग्राफी की बात करें तो इसके रियर में डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। इसका प्राइमरी कैमरा 50-मेगापिक्सल का है। इसके साथ एक और सेंसर दिया गया है। इसमें पोट्रेट मोड, टाइम लैप्स फोटोग्राफी और नाइट सीन मोड जैसे ऑप्शन्स दिए गए हैं। सेल्फी के लिए इसके फ्रंट में 5-मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है। ये फोन Android 12 बेस्ड टक्न्नक 13 पर काम करता है। इस फोन में 5,000mAh की बैटरी 5V2A चार्जर के साथ दी गई है। कनेक्टिविटी के लिए इसमें microUSB पोर्ट, एक 3.5mm हेडफोन जैक, 4G और एक microSD स्लॉट दिया गया है।

टॉप ट्वीट

कंझावला में हमारी बहन के साथ जो हुआ, वह बेहद शर्मनाक है। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी। इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से बात की।

अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री





अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें भोला की एक झलक नजर आ रही है। अजय देवगन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, भोला का वर्ष शुरू हो गया।सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएं।

अजय देवगन
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## बैंकिंग नियम ताक पर

बैंकिंग नियमों को ताक में रखकर बड़े घोटाले हो रहे हैं। इससे बैंके तो रसातल में जा ही रही है सरकार भी जबरन की फजीहत झेल रही है। लोगों का विश्वास टूट रहा वह अलग। बैंक कर्मियों की मदद से हो रहे फजीर्वाड़े में अरबों की राशि दांव पर लगी हुई है। सख्त नियमों के बावजूद उनका पालन नहीं होने से वित्तीय संस्थाओं के भविष्य पर खतरा मंडराना स्वाभाविक ही है चाहे वे निजी हो या सरकारी। अब तक देश कई बड़े वित्तीय घोटालों का साक्षी बन चुका है और कई घोटालेबाज देश छोड़कर भाग गए तो कुछ जेल की हवा खा रहे हैं। इन कारनामों से अरबों खरबों की राशि अधर में लटकी हुई है। बैंकिंग विनियम अधिनियम के दिशा निदेर्शों और बेक? की ऋण नीति का उल्लंघन कर बड़े लोगों को ऋण स्वीकृत कर दिया जाता है मगर आज एक छोटे से आदमी को अपना छोटा मोटा ऋण स्वीकृत करवाने के लिए बैंकों में बड़े पापड़ बेलने पड़ते हैं। बैंके भी उन्हें सारे नियम कायदों का हवाला देकर उन्हें निरूत्साहित कर देती है। ऋण चुकाने में देरी होने और किसी कारण से डिफाल्टर होने वाले खाता धारियों को बैंके सबक सिखाने में भी नहीं चुकती है लेकिन देखने में आता है कि किसी मामले में जैसे ही बड़े आदमी का नाम उजागर होता है उसके लिए मदद सारे विकल्प तैयार हो जाते हैं। जब तक सरकार कार्यवाही करती है तब तक वह रफूचक्कर भी हो जाता है। विदेशों से प्रत्यावर्तन के लिए चक्कर लगाती सरकार को सालों बीत जाते हैं।इस तरह की दोहरी नीति किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। सरकार को चाहिए कि नियमों का पालन सभी के लिए एक समान रूप से करें ताकि भविष्य में होने वाले घोटाले रुक सके।

**अमृतलाल मारू रवि**
**महालक्ष्मी नगर इंदौर**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# वाल्मीकिनगर भंसार के उद्घाटन पूर्व तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे रास सांसद

## कस्टम उपायुक्त, बगहा विधायक सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** वाल्मीकिनगर स्थित भारत नेपाल सीमा पर संभावित आगामी 9 जनवरी को सीमा शुल्क स्थल के उद्घाटन समारोह के तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे और बगहा विधायक राम सिंह वाल्मीकि नगर पहुंचे।उनके साथ कस्टम उपायुक्त रोहित खर्रे,अचिंत कुमार लल्ला,ऋतु जायसवाल, ओम निधि वत्स,मुखिया पनालाल साह,मुखिया प्रतिनिधि सुमन सिंह,बीडीसी प्रतिनिधि प्रेम कुमार,वीरू सिंह, रणवीर कुमार शर्मा,अर्जुन उपाध्याय,अजय झा,रंजित कुमार,सुमन कुमार सहित कई समाजसेवी शामिल रहे। इस बाबत बातचीत करते हुए राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने बताया कि 9 जनवरी को कस्टम कार्यालय के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का आगमन हो रहा है। वर्षों से कस्टम कार्यालय खोलवाने की मांग को लेकर लगातार पहल किया जा रहा था। जो हमारी पहली प्राथमिकता थी। कस्टम कार्यालय खुल जाने से व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी आयात निर्यात के कार्यों में बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है कि देश में रोजगार को बढ़ावा मिले।

वाल्मीकिनगर का कस्टम कार्यालय अगर शुरू हो जाता है तो यहां बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना व्याप्त हो जाएगी।इस दौरे के दौरान राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने समारोह स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह के दिन बेहतर से बेहतर व्यवस्था करने के लिए कस्टम उपायुक्त रोहित खर्रे को निर्देशित किया। बताते चलें कि उद्घाटन समारोह के लिए कस्टम विभाग के द्वारा गंडक बराज नियंत्रण कक्ष का ग्राउंड चयनित किया गया है। जहां पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। इस दौरान कस्टम उपायुक्त रोहित खर्रे ने आयात निर्यात होने वाले सामानों के वजन के बारे बताया कि गंडक बराज पुल के क्षमता का रिपोर्ट जल संसाधन विभाग से मांग की गई है। उसके उपरांत वाहनों सहित समानों की वजन का सूची सार्वजनिक किया जाएगा। फिलहाल पहली प्राथमिकता कार्य शुरू करना है।

# नेपाल कस्टम ऑफिसर ने कस्टम उपायुक्त से मिल किया समीक्षा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/त्रिवेणी :** वाल्मीकिनगर स्थित भारत नेपाल सीमा पर प्रतिक्षारत कस्टम (भंसार) सुविधा की शुरूआत अगले सप्ताह 9 जनवरी को संभावित है।

इस बाबत महेशपुर नेपाल के कस्टम ऑफीसर करविर गैरे ने वाल्मीकि नगर कस्टम कार्यालय पहुंच उप आयुक्त कस्टम रोहित खरे से औपचारिक मुलाकात कर 9 जनवरी को होने वाले कस्टम उद्घाटन की जानकारी ली। इस मौके पर नेपाल कस्टम ऑफीसर श्री गैरे ने बताया कि नेपाली क्षेत्र में बीते 4 वर्ष से सारी तैयारियां कर ली गई है। कस्टम उद्घाटन से जहां दोनों देशों में व्यापार की वृद्धि होगी ,रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी क्षेत्र का विकास होगा। कस्टम सुविधा दोनों देशों के बीच बाल्मीकि नगर बॉर्डर से बहाल होने पर दोनों देशों को राजस्व की प्राप्ति होगी इसके लिए सारी तैयारियां कर ली गई है। वही उप आयुक्त श्री खरे ने बताया कि राज्य सभा सांसद ने भी इस दिशा में पहल की है और स्वयं स्थल निरीक्षण किया है। हमारी तरफ से भी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गंडक बराज के रास्ते कितने भार वहन की अनुमति दी जाएगी यह सिचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर ली जाएगी। इसके लिए सिंचाई विभाग से भार छमता रिपोर्ट मांगी गई है। इस मौके पर भारत और नेपाल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आज रेल राज्यमंत्री आएंगे धनहा

**बगहा :** प्रवास कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे द्वारा वाल्मीकिनगर लोगसभा क्षेत्र अन्तर्गत धनहा में कोर कमेटी की बैठक की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता हरेंद्र राव ने बताया कि रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे का कार्यक्रम धनहा में मेरे दरवाजे पर हैं। जिसमे मंत्री द्वारा कोर कमेटी की बैठक की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# बुलडोजर चला कर हटाया गया एनएच किनारे से अतिक्रमण

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** के शहरी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एनएचआई के निर्माण को लेकर सड़क निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन के साथ सैकड़ों पुलिस बल के जवानों ने सडक के किनारे के अतिक्रमण को हटवाया। सोमवार कों एन एच आई के इंजीनियर प्रवीण कुमार, इंजीनियर सुनील कुमार मंडल, सेफ्टी अफसर, संजय कुमार छाया, थाना के एसआई दिलीप कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी नेहा कुमारी और मोतिहारी से आए सैकड़ों की संख्या मे महिला पुरुष पुलिस बल के जवानों ने सुगौली बस स्टैंड चौक से लेकर हीरों होंडा एजेंसी तक एशियन हाईवे 527 डी के दोनों तरफ सड़क के किनारे कच्चे पक्के मकान झोपड़ी करकट नुमा घर को तोड़ कर खाली कराया गया। एनएचआई के अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सड़क को ऊंची करण और चौड़ी करण करते हुए बनाना है।

शहर की गलियों से एनएच तक आने वाली एप्रोच रोड को बनाना है। यात्री सुविधाओं के लिए सड़क के दोनों किनारे वाहन पार्किंग और बस पडाव की व्यवस्था कराई जाएगी। लोकल सर्विस रोड बनाए जाएंगे। जिसके लिए स्थानीय प्रशासन का पूरी तरह से मदद मिल रहा है। सड़क किनारे के लोगों को अपनें निजी जमीनों मे ही अपने मकान दुकान बनाने चाहिए। जिससे आवागमन सुविधा जनक तरीके सें हो सकें। टीम नें बस स्टैंड चौक, आजाद चौक और ताज चौक क्षेत्र के सड़क के दोनों किनारो की सफाई की गई और काम पुरा होने तक आवश्यकता अनुसार यह काम किया जायेगा।

# चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों में मारपीट, जमकर हुई पथराव

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली, पू.च :** थाना क्षेत्र के निमुई में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि सुगौली नगर पंचायत के बीते चुनाव को लेकर नगर के वार्ड नंबर 11 के राय टोला निमुई और पावरिया टोला के पूर्व वार्ड पार्षद पति मो. तालिब और नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पति मो. मजनैन के पक्ष के लोगों के बीच रविवार को संध्या मारपीट होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंचकर मामले को शांत कराने का प्रयास करने लगी। लेकिन दोनो पक्षों के लोग एक दूसरे पर ईट पत्थर चला रहें थे। पुलिस को देखकर दोनो पक्ष के लोग पुलिस पर भी ईट पत्थर चलाने लगे।जिससे पुलिस की गाड़ी का सीसा फूट गया। जिसके बाद और पुलिस बल भेजकर मामले को शान्त कराया गया। जख्मियों को सीएचसी में इलाज हेतु भेजा गया। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस पदाधिकारी एसआई शाहिद आलम के आवेदन पर दोनो पक्षों के मो. मजनैंन, मो. नुरैन्न, शाबीर, असरफ अली, अंजार, मो. तालिब, मो. सेराज, कयामुद्दीन, साहिल मियां, अफरोज मियां सहित 25 नामजद और करीब 100 अज्ञात महिला पुरुष के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है। वहीं विवादित दोनो पक्षों के तरफ से अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# केविवि में इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू चं. :** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा नाईलिट चंडीगढ़ के तत्त्वावधान व सहयोग से दो सप्ताह के प्रशिक्षण का प्रारंभ सोमवार को हुआ।

उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ केंद्र के सह निदेशक डॉ श्रवण सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने नाईलिट के कार्यकलाप व इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए अवसरों पर विस्तार से बात की। उनके अतिरिक्त नाईलिट चंडीगढ़ की संयुक्त निदेशक डॉ अनिता बुद्धिराजा भी कार्यक्रम में उपस्थित रही।

संकायाध्यक्ष प्रो. विकास पारीक ने मुख्य वक्ता का औपचारिक स्वागत किया और विद्यार्थियों से इस प्रशिक्षण का पूरा फायदा लेने का आग्रह किया। उन्होंने नाईलिट के श्रीप्रकाश प्रतीक का विशेष आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद प्रकाश ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और विभाग से ऐसे सार्थक आयोजन करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

दो सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में दो समानांतर सत्र चलेंगे। एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जिसमें पाईथन प्रोग्रामिंग व मशीन लर्निंग की जानकारी दी जाएगी वहीं दूसरे सत्र में ब्लॉकचैन तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी समन्वयक आयुष कुमार व ऋषिता श्रीवास्तव ने किया।


# बेखौफ चोरों ने किया नगद व डिलिवरी सामाग्री की चोरी

राष्ट्रीय खबर



**चकिया, पू.चं. :** बेखौफ नकाबपोश अज्ञात चोरों ने बीती रात ओझा टोला गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के किनारे स्थित इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड हब हाउस से तीन लाख पचास हजार नगद रखे लोहे के लॉकर तथा डिलिवरी की सामग्रियों की चोरी कर चंपत हो गया। नकाबपोश चोरों ने हब पॉइंट के पश्चिम तरफ की दीवार में लगे लोहे की खिड़की को काट कर अंदर प्रवेश किया तथा दो अलग अलग लॉकर में रखा करीब तीन लाख 50 हजार नगद रूपया समेत कुछ डिलीवरी की सामग्री की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का सूक्ष्मता से जायजा लिया। वही पुलिस के द्वारा निरीक्षण के क्रम में चोरी किए गए दो कैश लॉकर में एक लॉकर हब पॉइंट्स के कुछ दूरी पर सरेह में कटे हुए हालत में कुछ बीखरे पड़े क्वाईन्स के साथ बरामद किया। चोरी की घटना को लेकर कम्पनी के राकेश कुमार राज ने थाना को लिखित एक आवेदन दिया है। इस बाबत इंस्टाकार्ट हब पॉइंट की शाखा प्रबंधक खुशबू मांझी ने बताया कि सोमवार की सुबह ससमय कुछ स्टाफ हब पॉइंट का शटर खोल कर अपने कार्य में लग गए उसी दौरान उनकी नजर कटी हुई खिड़की की तरफ पड़ी नजदीक जाकर देखा तो डिलीवरी के लिए रखा कुछ सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था जिसकी अविलंब सूचना मुझे व क्षेत्र प्रबंधक ऋषिकेश पटेल को दी तथा आने पर देखा कि दो लॉकर समेत कुछ डिलीवरी की सामग्रीयां गायब थी गायब सामग्रियों का डाटा खंगाला जा रहा है जो लाखो रुपए का हो सकता है तथा गायब दोनों लॉकर में लगभग साढ़े तीन लाख नगद रखा गया था। बताया कि घटना की जानकारी सम्बन्धित वरीय धिकारी को भी दे दी गई है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से हब हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर तीन नकाबपोश चोर बारी बारी से कटी हुई खिड़की के माध्यम से अंदर प्रवेश किया तथा एक लॉकर को एक नकाबपोश चोर उठाकर ले जा रहा है जबकि दुसरे लॉकर को दो चोरों ने प्लास्टिक के बोरी पर रख कर घसिटते हुए ले जाते दिख रहा है। दुसरी तरफ थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# कार व बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिला के लौकरीया थाना अंतर्गत रामपुर हरनाटांड़ मुख्य सड़क पर पिपराडीह मोड़ के समीप एक कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक वाल्मीकिनगर से एक फोर व्हीलर कार नहर के रास्ते होते हुए लौकरिया पुल से बगहा जा रही थी की पिपराडीह मोड़ के समीप एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर 3 लोग सवार थे जिसमें से नीरज चौधरी व संदीप पड़ीत साकीन मलकौली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची लौकरिया पुलिस ने दोनों घायलों को टैंपू में लादकर इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक डॉक्टर एसपी अग्रवाल के द्वारा घायल नीरज चौधरी, संदीप पड़ीत का इलाज किया गया। डॉक्टर ने बताया कि दोनों की पैर की हड्डी टूट गई है। जिनको बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बेतिया रेफर किया गया है।

# चीनी मिल परिसर से चोरों ने उड़ाया ट्रैक्टर ट्राली

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** अनुमंडल क्षेत्र में चोरो के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। आए दिन कही न कही क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे कर चोर अपनी मजबूत उपस्थिति का अहसास करा रहे हैं। बाइकर्स गैंग के सक्रियता के बाद अब ट्रैक्टर चोर गिरोह भी सक्रिय हो गया है। ताजा मामला पटखौली थाना क्षेत्र के तिरुपति सुगर्स मिल परिसर का हैं। जहां ट्रैक्टर ट्राली के साथ गन्ना गिराकर निकला चालक को शौच लगी, और वह चीनी मिल गेट के सामने गाड़ी पार्किंग कर शौचालय गया ही था कि चोरो ने ट्रैक्टर ट्राली को निशाना बनाते हुए चोरी कर चम्पत हो गये। मामले की जानकारी तब हुई जब चालक शौच कर वापस आया तो देखा कि उसकी ट्रैक्टर ट्राली जगह से गायब है। जिसका काफी आसपास में खोज बिन करने के बाद कोई सुराग नही मिल पाया। घटना बीती रात्रि 9 बजे की बताई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक बतादे की इस तरह की चोरी के वारदात की घटना चीनी मिल्स से यह दूसरी बार सामने आई हैं जो किसानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस की लाख गस्ती के बावजूद भी चोरो के आतंक शहर में बढ़ गया है। जिसपर अंकुश लगाने के बजाए प्रशानिक बिधि व्यवथा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। चोरी हुई गाड़ी प्रखंड बगहा एक के चखनी रजवटिया पंचायत निवासी जनक यादव का बताया गया है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 05 जीबी 1805 अंकित है। ट्रैक्टर स्वराज कंपनी का है। जिसका रंग ब्लू एवं ट्राली भी ब्लू कलर में है। वाहन मालिक ने बताया कि स्थानीय थाने में चोरी का मामला दर्ज करा दिया गया। जिसके बाद से पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगाल चोरी करने वाले सक्रिय गैंग की पहचान करने में जुट गई है।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र दने मनाया नव वर्ष अभिनंदन समारोह

राष्ट्रीय खबर



**पिपराकोठी पू चं :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सुख शांति भवन नागा रोड में हैप्पी न्यू ईयर समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में काफी संख्या में जिज्ञ-ासु शामिल हुए। अतिथि के रूप में नगर परिषद वार्ड नंबर 22 के वार्ड पार्षद संजय जायसवाल थे। सभी ने नए वर्ष की एक दूसरे को बधाई दी साथ-साथ सभी के जीवन में सुख शांति समृद्धि आवे तथा पूरा घर परिवार खुशियों से भरपूर रहे ऐसी कामना की। सेवा केंद्र प्रभारी बीके ज्ञानू बहन ने सभी अतिथियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि धीरे-धीरे हम लोग नई दुनिया सतयुग के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम संगम युग अब समापन की ओर है। बाबा पुरुषार्थ को तेज करने को विभिन्न मुरलीयों द्वारा कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य और लक्षण पर विशेष अटेंशन देना है। नए वर्ष में तमाम पुरानी दुखदाई बातों को बिंदु लगा देना है। दया, ममता, क्षमा शीलता, करुणा और निरंहकारिता के आधार पर कमजोर आत्माओं में शक्ति भरनी है। उन्होंने सभी के जीवन मैं खुशहाली की कामना की। सभी एक दूसरे से मिल कर रहे और एक दूसरे को सहयोग देकर सभी आगे बढ़े, यही मेरी शुभकामना है। बीके ज्ञानू बहन ने,आने वाले समय में परिस्थितियों से कैसे सामना करें उसके लिए राजयोग मेडिटेशन के लिए सभी से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिंदगी के भाग दौड में सभी इतने व्यस्त हो गए हैं, कि परमात्मा से संबंध कमजोर हो गया है। परिवर्तन के दौर में अभी अवसर है परमात्मा से संबंध प्रगाढ़ करने का। संबंध जुड़ने के साथ हीं उनसे शक्ति प्राप्त होने लगेगी फिर जीवन खुशहाल हो जायेगा। उन्होंने सभी से सकारात्मक चिंतन करने को कहा। किसी से भी ईर्ष्या द्वेष और बदले की भावना न रखने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नया वर्ष प्रेम सौहार्द एवं मिलजुलकर बितावें।

# आगलगी में एक वृद्ध महिला की जलकर मौत, गमगीन हुए स्वजन

राष्ट्रीय खबर



**पीपराकोठी, पू चं :** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में हुई अगलगी की घटना में एक वृद्ध महिला के झुलस जाने के बाद इलाज के दौरान सदर अस्पताल मोतिहारी में उसकी मौत हो गई है। जबकि लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो जाने की घटना घटी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव में सोमवार के दोपहर झिगन महतो के घर में अचानक आग लग गई। जिसमे घर में सोई झिगन महतो की 80 वर्षीय वृद्ध मां व स्व सोना महतो की पत्नी तेतरी देवी बुरी तरह से झुलस गई। वही घर में रखे गए कपड़ा, अनाज, बर्तन सहित लाखों रुपए की सम्पति जल गए। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह तेतरी देवी को बाहर निकाला गया। वही सूचना पर पीएचसी से पहुंची एम्बुलेंस से गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा गया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही आगलगी की दूसरी घटना मुर्दाचक गांव की है। विद्युत शॉट सर्किट से अचानक खुर्शेद आलम के घर में आग लग गई। स्थानीय लोग जबतक आग पर काबू कर पाते तबतक घर में रखे गए पांच हजार रुपये नगद, कपड़ा, अनाज सहित हजारों की संपत्ति जल गए।

## प्रदेश >> अपडेट

### कार पेड़ से टकराई चार लोगों की मौत

**पत्थलगांव :** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गुल्लू वॉटर फॉल में नये साल का जश्न मना कर लौटते वक्त कार पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। इस कार में 10 लोग सवार थे। कुनकुरी थाना प्रभारी उनकी हालत अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। इस कार में भी सवार लोग कल शाम करीब 6 बजे गुल्लू और बेने के बीच में बड़ी घाटी से नीचे उतर रहे थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### झारखंड में भाजपा की कुर्मी वोटों पर है विशेष नजर

**बेरमो :** भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड में अब संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कार्य करना आरंभ कर दिया है। माना जा रहा है कि जनवरी में झारखंड भाजपा में बड़ा बदलाव होगा। प्रदेश भाजपा का स्वरूप बदला जा सकता है। झारखंड में भाजपा मजबूती की दिशा में कई बिंदुओं पर काम कर रही है। भाजपा झारखंड में कुर्मी वोटों पर अपना प्रभाव बनाने की दिशा में काम कर रही है। भाजपा झारखंड के कुर्मी नेताओं को प्रमोट करने का मन बना रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि झारखंड के दो बड़े कुर्मी नेताओं को प्रमोशन मिल सकता है। झारखंड के दो बड़े कुर्मी नेता विद्युत वरण महतो और जयप्रकाश भाई पटेल के नाम इन दिनों चर्चा में है। वही रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी को लेकर भी भाजपा में चर्चा हो रही है।झारखंड के कई जिलों में कुर्मी जाति का अच्छा खासा वोट है। राज्य के धनबाद,गिरिडीह,रामगढ़,रांची,पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग क्षेत्र में इस जाति का अच्छा खासा वोट है। जिसके कारण भाजपा की इस जाति पर विशेष नजर पड़ी हुई है। झारखंड में कुर्मी जाति पर विशेष पकड़ के लिए जाने जाने वाली पार्टी आजसू से भी भाजपा का चुनावी गठबंधन लगभग तय माना जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पिकनिक स्पॉट्स पर मस्ती में डूबे रहे सैलानी

**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल में दूसरे दिन नए वर्ष का स्वागत धूम धड़ाके व मस्ती तथा नृत्य करके किया गया। कोयलांचल के तेनुडैम, दामोदर नदी सहित विभिन्न छोटी नदियों, तालाब, झील, झरना आदि के किनारे नए वर्ष का स्वागत पिकनिक मनाकर लोगों ने किया। यहां लोगों ने स्वयं खाना बनाया तथा साथ मिलकर एक दूसरे को नए वर्ष की शुभकामना देते हुए खाना खाया। नए साल की शुरूआत लोगों ने एक दूसरे को बधाई देकर किया। नव वर्ष मे बच्चों और युवाओं में उत्साह ज्यादा था। कहीं डीजे की धून पर युवाओं ने जमकर डांस किया। वहीं हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित हथिया पत्थर थाम स्थित दामोदर के तट पर लोगों ने गीत-संगीत और लजीज व्यंजन का आनंद उठाया। पिकनिक स्पोटों में महिला और बच्चे काफी संख्या में पहुंचकर सेल्फी और परिवार के साथ फोटो भी लेते नजर आए। 16 वी लोकसभा सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी जितेंद्र महतो, आदि ने धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर बेरमो की सुख-शांति की मांगी दुआ।

### जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**बेरमो /जरीडीह बाजार :** बेरमो में लगातार बढती ठंड को देखते हुए आज नव वर्ष के उपलक्ष में बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार में गायत्री इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर बबलू मोदी ने गरीब और जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा बढ़ती ठंड के बीच जिनके पास कंबल नहीं है उन्हें आज नव वर्ष के मौके पर हमारे द्वारा कंबल दिया गया ताकि वह भी ठंड से खुद को सुरक्षित रख सके। आज हमारे द्वारा लगभग 100 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया।

**अस्त-व्यस्त** बेरमो कोयलांचल में बढ़ी ठंड, लोगों को घरों में दुबकने को किया मजबूर

# सड़कें और बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा फिर भी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था गौन

▶▶ सड़कों पर एक्का दुक्का छोटे बड़े वाहन चलते नजर आये

▶▶ कही भी अलाव की व्यवस्था देखने को नही मिली

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** नव के पहले दिन से बेरमो कोयलांचल में ठंड बढ़ने का सिलसिला जारी है। आज यानी दो जनवरी को तो ठंड का प्रकोप अपने चरम पर नजर आई। आज का दिन बेरमो कोयलांचल में सूर्य उदय हुआ ही नही और पुरा दिन बेरमो कोयलांचल के आसमान पर मोटे कुहास के चादर से ढ़के रहा। बढ़ी ठंड का प्रतिकूल असर लोगो के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर रख दिया और लोगो को घरो मे दुबके रहने को मजबूर कर दिया। बढ़ते ठंड के कारण बेरमो कोयलांचल के लगभग सभी सड़कें और छोटे बड़े सभी बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर एक्का दुक्का छोटे बड़े वाहन चलते नजर आये। लोग बहुत जरूरी कार्य से ही घरों से निकल रहे थे अन्यथा घरों में ही रहने मे अपनी भलाई समझ रहे थे। मगर क्षेत्र का दुर्भाग्य देखिए कि इस कड़के के ठंड के बीच कही भी अलाव की व्यवस्था देखने को नही मिली। जिला प्रशासन हो या फिर अनुमंडलीय प्रशासन या फिर क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी औधोगिक संस्थान किसी ने भी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करवाना जरुरी नही समझा। जिस कारण ठेला चलाने वाले, दैनिक मजदूरी करने वाले, या फिर रेलवे स्टेशनों पर ट्रनो की प्रतिक्षा करने वाले यात्री ठंड से दो चार होते नजर आये।

वहीं क्षेत्र की गरीबो मुफलिसो की हालत बद से बदत्तर नजर आये। हालांकि अभी तक ठंड से किसी प्रकार की जानी नुकसान सुनने को नही मिला मगर समय रहते अगर प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था नही की तो ऐसे दुखद स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है इससे इंकार नही किया जा सकता। कुल मिलाकर बेरमो कोयलांचल में जान लेवा ठंडी हवाओ का चलना जारी है और आसमान में हर तरह कुहास की चादर फैली हुई है।

## नव वर्ष में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बनेंगी तीन महत्वपूर्ण सड़कें

▶▶ हुसैनाबाद विधायक ने क्षेत्र को दिया तोहफा

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद, पलामूः** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति दिला कर क्षेत्र वासियों को नववर्ष का तोहफा दिया है। विधायक ने हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र के सभी सम्मानित जनता को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई अन्य समस्याओं के अलावा सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृति दिला दी है।

तीनों सड़कों का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा। उन्होंने कहा है कि तीनों सड़कों की निविदा भी निकाल दी गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पिपरा में पंचायत सरैया के होल्या चेरया ग्राम आरसीडी रोड से पुनपुन उद्गम स्थल कुंड होते हुए बारा बनाडीह ग्राम तक सड़क निर्माण, पिपरा के ग्राम पहलदेवा आजाद बिगहा से कली पुर देवी स्थान तक सड़क निर्माण व हुसैनाबाद के ग्राम डंडिल में रामजी कहार के घर से हैदरनगर प्रखंड के ग्राम सड़या आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण शामिल है। विधायक श्री सिंह ने बताया कि सभी ग्रामीण सड़कों का चरणबद्ध निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 विकास का वर्ष होगा। उन्होंने विकास में ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो सकेगा।

## शौचालय निर्माण के नाम पर फर्जीवाड़ा स्वच्छता अभियान की सच्चाई



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड के गांवों में स्वच्छता अभियान फेल होने से इसका उद्देश्य निष्फल हो गया है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के ज्यादातर गावों के ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में स्वच्छता मिशन के तहत खुले में शौच से मुक्ति को लेकर जितने भी शौचालय बनाए गए हैं वो सब अपूर्ण होने के कारण अनुपयोगी और बेकार हो गए हैं।

उसमें महिलाएं गोबर पाथने ,जलावन रखने और बकरी बांधने के काम में लातीं हैं। फिर भी हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के सभी गांव खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित कर दिया गया है जो फरजीवाड़ा और सिर्फ कागजी घोषणा है। ग्रामीणों का कहना है कि सभी शौचालय मुखिया और बिचौलियों के माध्यम से बनाए गए थे जो बड़ी संख्या में अपूर्ण होने के बाद भी इस मद की सारी राशि निकाल ली गई है यही सच्चाई है। ये अधिकारी भी जानते हैं फिर भी मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया।

## मनरेगा श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में हुआ संशोधन

▶▶ कार्य के दौरान मृत्यु होने की स्थिति में मिलेगा 2 लाख रुपये का मुआवजा,

▶▶ पहले मिलते थे 75 हजार रुपये

▶▶ 30 हजार की जगह एक लाख रुपए तक का मुआवजा

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले में मनरेगा अंतर्गत काम करने वाले श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी की गयी है.इस बाबत उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे ने बताया कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के पश्चात यह संशोधन किया गया है साथ ही ग्रामीण विकास विभाग की ओर से इस आशय का संकल्प भी जारी कर दिया गया है जिसके तहत अब कार्य के दौरान किसी मनरेगा श्रमिक की मृत्यु या अप्राकृतिक मृत्यु या हत्या या स्थाई रूप से दिव्यांग/अंग भंग हो जाने की स्थिति में उनको 75 हजार के बजाय 2 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा.वहीं दुर्घटना में आंशिक रूप से दिव्यांग होने पर 37,500 रुपए की जगह 75 हजार रुपये और सामान्य मृत्यु होने पर 30 हजार की जगह एक लाख रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा.इसी क्रम में मनरेगा के तहत निर्मित डोभा में डूब कर मरने वाले मृतकों के आश्रितों को 50 हजार के बजाय 1 लाख रुपए मुआवजे के रूप में दी जायेगी.

## नव वर्ष में कम्बल वितरण कर बेसहारा का सहारा बने सुबोध

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** नव बर्ष में कम्बल बितरण कर बेसहारा का सहारा बने अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध। पहली जनवरी को बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए अपने आवास पर व सोमवार को कचहरी परिसर में दर्जनों असहाय बृद्ध ,दिव्यांग लोगों के बीच कम्बल का बितरण किया।उन्होंने कहा कि हाड़ कपाती ठंड में कम्बल लोगो को राहत प्रदान करेगा। बिदित हो कि श्री सिन्हा अपने निजी खर्च से 11बर्षो से गरीबों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं।


उन्होंने कहा कि दीन दुःखियों की सेवा ही सच्ची पूजा है। नर सेवा ही नारायण सेवा है।जो लोग जरूरत मन्दो की सेवा सहायता करते हैं वे सच्चे समाजसेवी है। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं जो दूसरों की मदद के लिए आगे आते हैं सेवा करते हैं उनका ही जीवन सार्थक होता है। उन्होंने कहा कि हमे सभी कार्य सरकार के भरोसे नही छोड़ना चाहिए।बल्कि सक्षम लोग को गरीब के मदद में हाथ बटाना चाहिए।उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड के प्रकोप से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं।यह समय गरीब दीन दुखियों की मदद कर पूण्य कमाने का है।इस मौके पर उन्होंने दर्जनों अधिवक्ता संघ के कर्मियों, सुरक्षा कर्मी,होटल में कार्य कर रहे लोगों को कम्बल प्रदान किया।मौके अधिवक्ता दिनेश चंद्र पाण्डेय,शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी, ललू प्रसाद सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## पर्यटन और तीर्थ शब्द में मौलिक अंतर है : प्रमाणसागर महराज

▶▶ जैन तीर्थों के राजा सम्मेद शिखर को स्वर्ग का द्वार कहा जाता है

▶▶ पारसनाथ पर्वत के नाम से भी जाना जाता

राष्ट्रीय खबर



**गिरिडीह:** गिरिडीह के जैन समाज के सम्मेद शिखर तीर्थंकर पार्श्वनाथ को बचाने की मुहिम के प्रखर जैन मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ने सोमवार को राष्ट्रीय खबर प्रतिनिधि से एक भेंट में कहा कि पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल में मौलिक अंतर है, पर्यटन लोग मौज मस्ती और मनोरंजन के लिए करने जाते हैं जबकि तीर्थ मन की शुद्धि, आत्मा की शुद्धि के लिए जाते हैं हमारा तीर्थ बचा रहे हमारी भावनाएं आहत ना हो यही हम चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम यहां पर्यटन शब्द पसंद नहीं करते, सरकार का दायित्व है कि हमारे तीर्थ के पवित्रता की रक्षा करे। पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत मधुबन स्थित सम्मेद शिखर यानी पारसनाथ को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित कई महानगरों में नव वर्ष के पहले दिन जैन समाज ने रैलियां निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए।बता दें कि इससे पूर्व जैन समाज के बड़े मुनि में से एक प्रमाण सागर जी महाराज ने भी इस क्षेत्र को टूरिज्म की जगह तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। जैन तीर्थों के राजा सम्मेद शिखर को स्वर्ग का द्वार कहा जाता है। जैसे हिन्दुओं में वैष्णों देवी, मुस्लिमों में मक्का और सिक्खों में अमृतसर तीर्थ का महत्व है वैसे ही इस मंदिर श्रृंखला का महत्व है। जैन धर्म में सम्मेद शिखर को सबसे प्रमुख और बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। इस पवित्र स्थान की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जैन धर्म के सभी तीर्थों में इसे सर्वश्रेष्ठ और तीर्थों का राजा कहा गया है। जिसने इसे नहीं देखा उसका जीवन अधूरा माना गया है। जैन धर्म शास्त्रों के मुताबिक जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों के साथ ही कई संतों और मुनियों ने यहां मोक्ष प्राप्त किया है। यही कारण है कि इस तीर्थ स्थल को सिद्ध क्षेत्र कहा जाता है। ऊंची पहाड़ी पर स्थित यह तीर्थ जैन धर्म के दिगंबर मत का प्रमुख तीर्थ है। इसे पारसनाथ पर्वत के नाम से भी जाना जाता है। यह देश में न केवल धार्मिक बल्कि प्राकृतिक,और ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। समुद्र तल से यह 520 फीट ऊंचा है।वहीं 9 किलोमीटर की परिधि में फैला हुआ है। खूबसूरत प्राकृतिक नजारों, हरियाली से आच्छादित यह तीर्थ स्थल प्रदूषण मुक्त है। गगनचुंबी मंदिरों की श्रृंखला भक्तों को बेहद आकर्षित करती है।

## न्यूज फटाफट

### साल के दूसरे दिन छाया रहा कुहासा,दुबके रहे लोग

**गिरिडीह :** एक ओर जहां लोगों ने जश्न के साथ नए साल का स्वागत किया है। वहीं कड़कड़ाती ठंड और धने कोहरे के साथ नए वर्ष का आगमन हुआ। इस दौरान ठंड से लोग काफी परेशान दिखे। शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर लोग ठंड से बचने के लिए आग जलाकर तापते हुए नजर आए।खासकर साल की पहली तारिख को जहां हाड़ कपाने वाली ठंड गिरी। वहीं सोमवार की सुबह घने कोहरे ने पूरे शहर को अपने आगोश में समेटे हुए थी।जैन तीर्थकर पार्श्वनाथ में कम भीड़ रही,लेकिन तीर्थयात्रियों का आवागमन होता रहा। कोहरे का आलम ऐसा रहा कि दस फीट की दूरी पर भी किसी को देख पाना मुश्किल हो रहा था। रेगुलर मोरनिंग वॉक के लिए निकलने वाले लोग भी रजाई और कंबल के अंदर दुबके हुए थे। कुछ लोग हिम्मत करके बाहर निकले भी तो वे खूद को पूरी तरह से गर्म कपड़ों से ढंके हुए थे। यहां तक कि घने कोहरे के कारण वाहन चालकों भी लाईट जलाकर चलना पड़ रहा है।

### राज कुमार लकड़ा पलामू जोन के आईजी के पद पर ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर :** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित श्री राज कुमार लकड़ा आज पलामू जोन के आईजी के पद पर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, पलामू में पदभार ग्रहण किया और पलामू प्रमंडलवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही पलामू प्रमंडलवासियों आगे बढ़ने, सुखी, संपन्न रहने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जोनल आईजी ने बेहतर पुलिसिंग की बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में पुलिसिंग में बदलाव हो रहे हैं। साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ रही है, इस ओर विशेष ध्यान देंने की जरूरत है। प्रशिक्षण शिड्यूल के अनुसार अपने आप को परफॉर्म करें। उन्होंने बेहतर समन्वय स्थापित कर पलामू प्रमंडल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य जारी रखने पर बल दिया।

### 2 जनवरी को नए वर्ष के उपलक्ष्य में केवी कॉलेज में पौधारोपण आयोजित



**बेरमो :** नव वर्ष के शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ आर आर पाल के द्वारा पौधारोपण करके कॉलेज परिवार के साथ नए वर्ष का शुभारंभ किया गया। पौधारोपण में 2 पौधे शहतूत के, दो पौधे अशोक के एवं दो पौधे फूल के लगाए गए साथ ही प्राचार्य ने आशीर्वचन में यह संदेश दिया कि प्रकृति जिस प्रकार हमें हमेशा अपनी तरह हरी-भरी रखती है तो हमारा भी परम कर्तव्य है कि प्रकृति को हमेशा सुरक्षित रखने के लिए हर खास मौके पर पौधारोपण करके प्रकृति को संरक्षित रखे। इस विशेष अवसर पर प्रो एलएन राय, प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ वासुदेव प्रजापति, प्रो पीपी कुशवाहा, प्रो राजू कुमार बड़ाईक, एनएसएस के प्रो अमित कुमार रवि, डॉ अलीशा वंदना लकड़ा, प्रो साजन भारती, डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की, प्रो मधुरा केर-केट्टा, प्रो मनोहर मांझी, प्रो प्रो नितिन चेतन तिग्गा, डॉ प्रभाकर कुमार के अलावा कर्मचारी संघ के बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास, दुर्गा पासवान, सदन राम, विक्रम सिंह, मोहम्मद साजिद, सीएस मिश्रा, रवि प्रकाश यादवेंदु, एससी झा, विमल कुमार, दीपक कुमार, सबुएल कुजूर, पुरुषोत्तम चौधरी, राजेश्वर सिंह, बालेसर, भागन, कलावती एवं विद्यार्थियों में नंदलाल, अमित कुमार, स्नेहा कुमारी, सोनी कुमारी , आकाश कुमार , खुशी कुमारी, कुसुम कुमारी , नेहा कुमारी , लक्की कुमारी , पम्मी कुमारी , निक्की कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### झिड़की निवासी प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत



**बेरमो :** बोकारो जिला के गोमियां प्रखंड के झिड़की निवासी प्रवासी मजदूर 37 वर्षीय जाफर अंसारी की बीते दिनों मुंबई में मौत हो गई। जिसका पार्थिव शरीर एक जनवरी को उसके गांव आते हीं ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। बताया जाता है कि मृतक जाफर अंसारी मुंबई के पंचगनी स्थित महाराष्ट्र के होटल नंदनवन इन सोसाइटी में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार झिड़की निवासी हबीब अंसारी के 37 वर्षीय पुत्र जफर अंसारी लगभग 4 माह पूर्व काम की तलाश में मुंबई गया था। वह मुंबई के पंचगनी स्थित होटल नंदनवन में काम करने लगा। अचानक बीते दिनों उसकी तबीयत बिगड़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई। उसका पार्थिव शरीर एक जनवरी को एम्बुलेंस क्रमांक टल04ऋ/1423 से उसके गांव पहुंचा। यह खबर उसके गांव में पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ो की तादाद में गांववासी जुट गये। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।बताया जाता है कि पूरे परिवार का वह अकेला कमाने वाला था। वह अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र एवं एक पुत्री तथा वृद्ध पिता को छोड़ गया है। एंबुलेंस से जब उसका पार्थिव शरीर लाया गया तब इस अवसर पर पंचायत के मुखिया मिकाईल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सलेहा खातून के पति समाजसेवी जाबीर आलम पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया तथा शव को सुपुर्द ए खाक करने को लेकर सारी पहल की।मौके पर उपरोक्त के अलावा समाजसेवी तबरेज आल, वार्ड सदस्य अब्दुल करीम, सद्दाम हुसैन, मो. इमरान सहित दर्जनों गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### फुसरो निवासी उपेंद्र खेमका को उत्तर प्रदेश में आईजी में पदोन्नति होने पर बेरमो कोयलांचल मे हर्ष

**बेरमो :** बोकारो जिले के फुसरो निवासी उपेंद्र खेमका को उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश के देवीपाटन रेंज के पुलिश उप महानिरीक्षक उपेन्द्र कुमार खेमका के पुलिस महानिरीक्षक(आई.जीं) के पद पर पदोन्नति होने पर बेरमो कोयलांचल मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उक्त जानकारी उनके छोटे भाई सुरेंद्र खेमका उर्फ.चिंटू खेमका ने दी। बधाई देने वाले में 16वीं लोकसभा के सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, विधायक कुमार जय मंगल सिंह,ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, भाजपा नेता राजेश सिंह,विश्व प्रसिद्ध सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक सह बेरमो निवासी प्रकाश कुमार सिंह, श्रमिक नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल है। फुसरो नगर परिषद के करगली बाजार निवासी संतोष देवी खेमका ने अनगिनत कष्ट सह कर अपने बेटे को आईपीएस अफसर बनाया। अभी उनका बेटा उपेंद्र खेमका उत्तर प्रदेश में आईजी है। संतोष देवी ने अपने बेटे की परिवरिश में मां और पिता दोनों की भूमिका निभाई।

### हथियार दिखाकर पिकअप चालक व अन्य कर्मी से दो लाख रुपये लूट कर फरार

**घोड़ासहन पू चंपारण :** थाना क्षेत्र के घोड़ासहन ढाका रोड में स्थित बलान चौक पर दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने हथियार दिखाकर पिकअप चालक व अन्य कर्मी से दो लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना को लेकर स्थानीय मेन रोड निवासी सह हिंदुस्तान यूनी लिवर के एजेंसी संचालक सर्वेश कुमार ने घोड़ासहन थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन दिया है। थाना में दिए आवेदन में पीड़ित व्यवसायी ने बताया है कि मोतिहारी माल पहुंचा कर वहां से लहना वसूली में मिले करीब दो लाख रुपये लेकर उनका पिकअप चालक व एक अन्य कर्मी पिकअप से घोड़ासहन लौट रहे थे की इसी बीच रात्रि करीब पौने 11 बजे बलान चौक पर दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने हथियार दिखाकर दो लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। पुअनि सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है।

# चुनावी घोषणापत्र में शामिल वादों को अक्षरसः पालन करेगी कांग्रेस : सिंह

## पंचायती-राज शिक्षकों को मिला कांग्रेस का साथ

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** टीईटी शिक्षक संघ पंचायती-राज शिक्षकों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी बिहार सरकार। बिहार में भी होगी पुरानी पेंशन योजना लागू। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा। टीईटी शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री सह जिलाध्यक्ष राहुल देव सिंह के साथ टीईटी शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष अमित विक्रम के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर टीईटी शिक्षकों की विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित विक्रम, कार्यकारी अध्यक्ष उदय शंकर सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री राहुल देव सिंह एवं प्रबुद्ध शिक्षक कुमार मितेंदू , रोशन एवं अन्य शामिल थे। संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री राहुल देव सिंह ने अपनी ओर से मांग पत्र सौंपते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सहित महागठबंधन में शामिल सभी दलों ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि सरकार बनने के बाद शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देते हुए नियमित शिक्षकों के समान वेतनमान दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में जहां कांग्रेस सत्ता में है वहां सभी सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। बिहार में भी कांग्रेस अब सत्ता में आ चुकी है इसलिए शिक्षकों से किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। अब उनकी पार्टी सत्ता में है तो वो निम्नांकित विषयों पर सरकार की ओर से सकारात्मक पहल करते हुए शिक्षकों के मान सम्मान की पुनर्वापसी कराएं। इस पर अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव शिक्षकों सहित सभी सरकारी कर्मियों के हितों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने बताया कि जैसे सभी कांग्रेस शासित राज्यों में सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है वैसे ही बिहार में भी नियोजित शिक्षकों सहित सभी सरकारी कर्मियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ अवश्य मिलेगा। यह कांग्रेस के राष्ट्रीय एजेंडे में है और इसे बिहार में भी लागू किया जाएगा। कांग्रेस जब विपक्ष में थी तब जिस तरह से नियोजित शिक्षकों के मांगों को लेकर मुखर थी उतनी ही आज सत्ता में आने के बाद भी शिक्षकों के मांगों के प्रति गंभीर है। उन्होंने आश्वासन दिया पटीईटी शिक्षकों की सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए सरकार के समक्ष कांग्रेस की ओर से उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेस के रिसर्च एवं मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन आनन्द माधव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षकों की सभी मांगों के प्रति गंभीर है और जल्द ही कांग्रेस की ओर से माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष शिक्षकों की मांगों को रखा जाएगा। ऐच्छिक स्थानांतरण की मांग सभी शिक्षक एक लंबे समय से करते रहे हैं। 2020 में हुए हड़ताल के बाद सरकार ने महिलाओं एवं दिव्यांग शिक्षकों के लिए इसका प्रावधान किया जबकि पुरुष शिक्षकों के लिए केवल म्यूच्यूअल ट्रांसफर का प्रावधान किया। हालांकि इसे भी आज तक धरातल पर लागू नहीं किया जा सका है।

## प्रथम कोरोना काल से 850 दिन गरीब व असहायों के नि:शुल्क भोजन शिविर में भोजन परोसा

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम की नव निर्वाचित मेयर गरिमादेवी सिकारिया ने निजी कोष से संचालित भोजन वितरण कार्यक्रम में सोमवार को भोजन वितरण व परोसने का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि प्रथम कोरोना काल 2020 से अबतक गरीब व असहायों को नि:शुल्क भोजन देने के कार्यक्रम के 850 वें दिन गरिमादेवी सिकारिया ने सोमवार को पहुंची और भोजन परोसने व वितरण करने का कार्य किया। निरीक्षण किया। गौरतलब है कि बिहार में रिकॉर्ड सर्वाधिक मत से मेयर निर्वाचित गरिमा ने निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण आम और खास जनता के साथ गरीबों के विशेष आशीर्वाद और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।जताया। उन्होंने इस दौरान घोषणा किया कि समाज के लाचार और असहायों के लिए नि:शुल्क भोजन शिविर अनवरत संचालित रहेगा। इस शिविर में भोजन ग्रहण करने वाले मानव की सेवा और आशीर्वाद की आजीवन आकांक्षी रहेंगी। बेतिया नगर निगम की मेयर गरिमादेवी सिकारिया ने कहा कि गरीबों की सेवा उनके जीवन का उदेश्य और सम्बल है। इस अवसर पर शिविर के व्यवस्थापक नवेंदु चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, सुशीला देवी, अनील कुमार, राज किशोर, रेमी पीटर, विकास, कुणाल, सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

## राजीव रंजन की सेवानिवृति, मनोज कुमार दुबे ने टीपी वर्मा कॉलेज के लेखापाल का दायित्व संभाला




राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** टीपी वर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत राय के हवाले से बताया गया कि 31 दिसंबर 2022 को कॉलेज के लेखापाल राजीव रंजन की सेवानिवृति उपरांत मनोज कुमार दुबे को लेखापाल का पदभार सौंप दिया गया है। प्राचार्य के हवाले से बताया गया है कि राजीव रंजन का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। लेखापाल का दायित्व संभालने के बाद मनोज दुबे ने बताया कि प्राचार्य ने जिस विश्वास के लेखापाल का दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करने को आश्वस्त किया। कॉलेज के सभी संकायो के शिक्षक एवं शिक्षकेतर सहयोगियों को एक साथ लेकर चलूंगा। मनोज दूबे ने बताया कि वित्तीय काम को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता पूर्वक कॉलेज परिवार के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। राजीव रंजन सेवानिवृत्त होने पर काफी भावुक हुए और मनोज दुबे भी पदभार लेते हुए काफी भावुक हो गए। दोनो ने नव वर्ष के साथ उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। महाविद्यालय में मनोज दुबे के लेखापाल बनने पर बर्सर डॉ. दुबादल भट्टाचार्य, डॉ चंद्रभूषण बैठा, डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास मंडल, डॉ दशरथ राम, डॉ लल्टू कुमार, डॉ मंदीप राय, डॉ संजीव सिन्हा, डॉ अर्पणा कुमारी, डॉ समरजीत सिंह, डॉ मदन मोहन पंडित, प्रशाखा पदाधिकारी भूषण तिवारी , , खेल निदेशक सुनील वर्मा, नेसार अहमद, राजेश्वर पाठक, अभय तिवारी, प्रमोद पांडे, हरि प्रसाद, केदार हाजरा, शिवशरण हाजरा, प्रो आलोक रंजन, प्रो अतुल कुमार, सुजीत कुमार वर्मा, अनूप तिवारी, सुभाष ठाकुर, आदित्य स्वरूप, अखिल स्नेह श्रीवास्तव ने मनोज दूबे को शुभकामनाएं दीं।

## विश्व कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के प्रमुख निदेशक राम राजीव के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि

राष्ट्रीय खबर



**हवेली खड़गपुर:** मुंगेर के हवेली खड़गपुर के दिवंगत प्रधानाध्यापक जयप्रकाश मोदी के पुत्र दिवंगत राम संजीव कुमार के मार्गदर्शन में राम राजीव कुमार ने 20 बर्ष पूर्व वीसीएसएम कंप्यूटर प्रशिक्षण की स्थापना की। इन केंद्र से पिछले 20 वर्षों में लगभग तीन लाख युवा और युवतियां सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर लगभग 60 हजार युवक व युवतियां को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ कर कई कीर्तिमान गढ़े हैं। वीसीएसएम का केंद्र भारत के सभी राज्यों में संचालित है। इसके अलावा नेपाल में भी वीसीएसएम का केंद्र संचालित हो रहा है। विश्व कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के प्रमुख निदेशक राम राजीव को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इंटरनेशनल अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। किटेस्क्राफ्ट प्रोडक्शन के तत्वाधान में गुरुग्राम स्थित होटल हयात रीजेंसी में विश्व कंप्यूटर साक्षरता मिशन के चीफ एग्जेक्युटिव ऑफिसर राम राजीव कुमार को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु इंटरनेशनल अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आस्ट्रेलिया, रोमानिया, सर्बिया सहित कई देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार दिया गया है। दो दशक से कम्प्यूटर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं वीसीएसएम इन अवार्ड से हो चुके हैं सम्मानित कम्प्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विश्व कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के प्रमुख निदेशक राम राजीव को इंटरनेशनल अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान, भारतीय दलित साहित्य अकादमी पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## महिला को झांसे में लेकर डिक्की से उड़ाये रुपए

### जमीन खरीदने के लिए करने जा रहे थे पेमेंट

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के एसकेएमसीएच अस्पताल के पास मस्जिद चौक के निकट एक महिला को चोरों ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में उसे चूना लगा दिया। महिला दस-बीस रुपये के लालच में अपने दो लाख रुपयों से हाथ धो बैठी। यहां कुछ उचक्कों ने सुनील कुंवर नाम के व्यक्ति की पत्नी को बेवकूफ बनाकर उनकी बाइक की डिक्की खोलकर दो लाख रुपये उड़ा लिए। महिला को जब तक इस बात की भनक लगती तब तब चोर पैसे लेकर फरार हो गए। सूत्रो के मुताबिक, सुनील कुंवर की बाइक के पास उसकी पत्नी गीता देवी खड़ी थी, जबकि सुनील कुंवर पास की दुकान से कुछ खरीदारी करने गए थे। इस दौरान उनकी डिक्की में एक लाख पचास हजार रुपये थे, जो वह जमीन खरीदने के लिए किसी को देने आये थे। उच्चकों को इसकी भनक लग गई। महिला को बाइक के पास से हटाने के लिए उच्चकों ने कुछ दूरी पर दस और बीस के नोट फेंक दिया। एक उचक्का ने महिला को कहा कि आपके रुपये गिरे हैं। गीता देवी ने पहले तो अपने रुपये होने से इन्कार कर दिया। बाद में जब उचक्कों ने अपनी बात पर जोर दिया तो वे झांसे में आ गई।और वह जैसे ही दस-बीस रुपये के नोट उठाने गई, मौका पाकर उचक्कों ने बाइक की डिक्की खोल कर सभी रुपये उड़ा लिया। जब गीता देवी मुड़ी तो रुपये निकालते देख शोर मचाना शुरू की। पत्नी को शोर मचाते देख सुनील कुंवर वहां पहुंचे तब तक उचक्का भाग निकला। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुटे, वही सूचना मिलने पर थाना से पुलिस वहां पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारी ने दोनों को अहियापुर थाना मे आकर लिखित शिकायत करने को कहा।

## प्रधान डाकघर में नव वर्ष के जश्न पर शराब पार्टी करते हुए दबोचे गए डिप्टी पोस्ट मास्टर

### उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने की कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** शहर मे स्थित प्रधान डाकघर मे रविवार को नव वर्ष के जश्न पर शराब पार्टी करना डिप्टी पोस्टमास्टर को महंगा पड़ गया। सूत्रो के मुताबिक सूचना मिलने पर पहुंची उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने छापेमारी कर नशे में धुत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्रेथ एनालाइजर से जांच में दोनों के शराब पीने की पुष्टि हुई है। वही उत्पाद अधीक्षक संजय राय ने डिप्टी पोस्टमास्टर दीनानाथ साह और रिटायर्ड डिप्टी पोस्टमास्टर अभय कुमार वर्मा को गिरफ्तार किए जाने की बात कही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रविवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी प्रधान डाकघर को बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश पर खोला गया था। वहीं, बिना किसी वरीय डाक अधिकारी के आदेश पर प्रधान डाकघर में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। इसी में शराब पार्टी भी चल रही थी।सूचना पर उत्पाद अधीक्षक संजय राय के निर्देश पर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान वहां से दोनों को शराब की नशे में गिरफ्तार किया गया। उत्पाद निरीक्षक कुमार अभिनव ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, डाक विभाग के नार्थ जोन के निदेशक शंकर प्रसाद ने प्रधान डाकघर में शराब पार्टी होने की बात से अनभिज्ञता जताई है। उन्होंने इसको लेकर कहा है कि मामले का जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बेतिया नगर निगम के चौक चौराहों पर जला अलाव,गरीबों को ठंढ के प्रकोप से दिलायें राहत: गरिमादेवी

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम के चौक चौराहों पर अलाव जलवा कर ठिठुरते गरीबों को अविलंब राहत दिलाने का निर्देश नवनिर्वाचित मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने दिया है। मेयर पद की शपथ लेने की औपचारिकता पूरी होने के पूर्व सोमवार को क्रियाशील दिखीं गरिमा। कड़ाके की शीतलहर के कारण ठंढी के प्रकोप को लेकर उन्होंने नगर आयुक्त शम्भू कुमार से बात कर अविलम्ब अलाव जलाने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि अलाव के लिए पूरी तरह से सुखी लकड़ी की व्यवस्था की जाय, जिससे अलाव जलने के बावजूद प्रदूषण को भी ज्यादा बढ़ने से रोका जा सके। इसके बावत श्रीमती सिकारिया ने कहा कि ठंढ के प्रकोप से गरीबों को अविलंब राहत दिलाना अतिआवश्यक होने के बावजूद हमें यह भी नहीं भूलना है कि अपना बेतिया प्रदूषण के मामले भी बेहद खतरानाक स्तर पर पाए जाने को लेकर हमें गम्भीरता के साथ चौकन्ना रहना है। इस क्रम में हरिवाटिका चौक, बस स्टैंड चौक, स्टेशन चौक, समाहरणालय चौक, मुहर्रम चौक, तीन लालटेन चौक, लाल बाजार चौक, रिक्शा स्टैंड, सोआ बाबू चौक, पावर हाउस चौक, सागर पोखरा चौक, सर्किट हाउस चौक, इमली चौक, बेतिया मेडिकल हॉस्पिटल परिसर, काली बाग ओपी थाना चौक, उत्तरवारी पोखरा, चौक राज देवड़ी चौक, नाजनी चौक, खुदाबख्श चौक, करघईया चौक, किशुनबाग चौक, जमादार टोला चौक पर गरिमा देवी शिकारिया ने खुद अपनी देखरेख में आलाव जलवाया।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस में बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से नवाजे गए जेजे कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** बीते 27 से 29 दिसंबर तक रांची में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय एवं रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के नेशनल कांफ्रेंस में जगजीवन महाविद्यालय एवं एसबीएन कॉलेज दरहेटा,लारी अरवल के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति द्वारा ग्रीन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंटः ग्रीन ग्रोथ एसेसमेंट विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। कांफ्रेंस के अंतिम दिन 29 दिसंबर को डॉ सत्येंद्र प्रजापति को महाविद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं प्रबंधन करने हेतु इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन द्वारा तिलकामांझी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं मगध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ जवाहरलाल के कर कमलों द्वारा बेस्ट प्रिंसिपल का अवार्ड से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के डॉ पीसी देवघरिया, बीआईटी मेसरा के डॉ वीरेंद्र सिंह राठौर, गुजरात के डॉ केशव दास,पूर्व कुलपति डॉ नीलमणि विक्रमा सिंह, समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके सिन्हा,डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ टीके शांडिल्य, डॉ अनिल कुमार डॉ नमिता सिंह उपस्थित थे।इन्हें अवार्ड मिलने पर कॉलेज के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस अप्रतिम उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बता दें कि डॉ सत्येंद्र प्रजापति गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के प्राचार्य पद पर रहकर वर्ष 2013-14 में महाविद्यालय को नए का दर्जा दिलवाए थे। उनके अगुवाई में ही कॉलेज का विकास हुआ था।

## बड़े धूमधाम से पहली बार मना जिले का 148 वां स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिला 148वॉं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला के सभी 15 वंचित दिव्यांगजन जिनके पास राशन कार्ड नहीं था एवं बहुत दिनों से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन सभी का नाम चयन करके 24 घंटे के अंदर में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी और पश्चिमी के द्वारा जिला समाहरणालय स्थित प्रांगण में ट्राई साइकल वितरण किया गया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी संघ बिहार राज्य मीडिया प्रभारी सह जिला कार्यक्रम समन्वयक लालू तुरहा , पीडब्ल्यूडी संघ जिला अध्यक्ष विश्वास राज , जिला सचिव शांति मुकुल शर्मा , पूर्वी अनुमंडल अध्यक्ष पंकज ठाकुर , कटरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार एवं बांद्रा प्रखंड महिला प्रकोष्ठ कोषांग प्रभारी विभा कुमारी सभी पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र से पीडब्ल्यूडी संघ के प्रतिनिधि 30 से अधिक संख्या में उपस्थित रहे। वही शाम 5 बजे मिठनपुरा स्थित ऑटोटोरियम में आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कोलकाता से आए कलाकारों ने गणेश वंदना का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। दीपक ठाकुर के सुरीली आवाज मे सभी श्रोताओं का मंत्रमुग्ध कर दिया।

## न्यूज फटाफट

### फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, अमेरिका ने जर्मनी पर बढ़त बनाई



**सिडनी:** टेलर फ्रिट्ज ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराया जिससे अमेरिका सोमवार को यहां यूनाइटेड कप मिश्रित टेनिस टीम चैंपियनशिप में जर्मनी पर शुरूआती बढ़त हासिल करने में सफल रहा। नौवीं रैंकिंग के फ्रिट्ज ने पहली सर्विस पर 96 प्रतिशत अंक हासिल किए जिससे वह इस मुकाबले को 64 मिनट में जीतने में सफल रहे।बारहवीं रैंकिंग के ज्वेरेव के पास फ्रिट्ज की दमदार सर्विस का कोई जवाब नहीं था। यदि अमेरिका इस मुकाबले में जर्मनी को हरा देता है या फिर 2-3 के अंतर से हारता है तो वह ग्रुप सी से क्वार्टर फाइनल में जगह बना लेगा।

### एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूनार्मेंट में नोस्कोवा ने कसातकिना को हराकर उलटफेर किया



**एडिलेड:** चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा ने सोमवार को यहां रूस की आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी डारिया कसातकिना को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर 2023 सत्र का पहला उलटफेर करके एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व में 102वीं रैंकिंग की 18 वर्षीय खिलाड़ी नोस्कोवा ने इस मैच में 6-3, 6-7(2), 6-3 से जीत दर्ज की।यह उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने इससे पहले विश्व में 58वें नंबर की अन्ना कालिंस्काया और 43वें नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई थी। नोस्कोवा अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की प्रिसिला होन और अमेरिकी क्वालीफायर क्लेयर लिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी।

### रोहित शर्मा की बेटी ने ऋषभ पंत के लिए शेयर की खास विश




**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत इन दिनों 30 दिसंबर को हुए एक्सीडेंट के बाद रिकवरी के लिए देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की बेटी ने ऋषभ पंत से जल्दी ठीक होने के लिए कहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। इसमें समायरा ऋषभ पंत के साथ दिखाई दे रही है। फोटो पर गेट वेल सून चाचू लिखा हुआ है। सोशल मीडिया पर ये फोटो काफी वायरल हो रही है। इससे पहले रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने भी ऋषभ पंत के ठीक होने की दुआ मांगी थी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत को लेकर काफी फोटोज वायरल हो रही थी। वायरल वीडियो और फोटोज को लेकर भी रितिका सजदेह ने यूजर्स को काफी फटकार लगाई थी।

**निर्णय**

### नये साल में नये कप्तान के साथ नयी शुरुआत करेगा भारत

# हार्दिक पंड्या की अगुवाई में 'मिशन 2024' की नींव रखने उतरेगा भारत

- राहुल त्रिपाठी ने अब तक राष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है
- श्रीलंका को उमरान मलिक का सामना भी करना पड़ सकता है

**एजेंसियां**

**मुंबई:** भारतीय टीम हार्दिक पांड्या की कप्तानी में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में मंगलवार को नये दृष्टिकोण के साथ नये साल की शुरुआत करना चाहेगी। भारतीय क्रिकेट के लिये निराशाजनक रहे 2022 में टी20 विश्व कप की हार ने टीम के खेलने के तरीके पर कई सवाल खड़े किये। भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की करारी शिकस्त मिली, जिसके बाद टीम के बल्लेबाजी के नजरिये पर चर्चा शुरू हो गयी। विश्व कप के फौरन बाद न्यूजीलैंड में हुई टी20 शृंखला में वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया, जबकि टीम की कमान पांड्या को सौंप दी गयी। सीरीज 1-0 से जीतने के बाद पांड्या ने भविष्य की योजनाओं और नये दृष्टिकोण से खेलने पर जोर दिया।

श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज न्यूजीलैंड दौरे के बाद बतौर कप्तान पांड्या का पहला अभियान है। पांड्या इस सीरीज में भी रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे हैं, और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में टीम की कमान उनके हाथ में जाने की बीसीसीआई ने कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यह सीरीज हालांकि भारतीय टी20 टीम में होने वाले संभावित बदलावों की ओर स्पष्टता दे सकती है। पांड्या को कप्तानी सौंपने के अलावा इस सीरीज के लिये सूर्यकुमार यादव को उपकप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार 2022 में भारत के लिये सर्वाधिक टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाये, जिसके लिये उन्हें पदोन्नति के साथ पुरस्कृत किया गया है।




श्रीलंका के खिलाफ यह सीरीज कई युवा खिलाड़ियों के लिये दमखम दिखाने का मौका होगा। टी20 विश्व कप 2024 की ओर बढ़ते हुए भारत इस प्रारूप में नयी टीम बनाने पर ध्यान दे रहा है। सूर्यकुमार यादव के पास उप-कप्तान के किरदार में आकर प्रदर्शन करने का अवसर तो होगा ही, साथ ही लंबे समय बाद टी20 टीम में वापस आये ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड भी मौका मिलने पर उसे अच्छी तरह भुनाना चाहेंगे। करीब सात माह से भारतीय स्क्वाड में शामिल रहने का बावजूद राहुल त्रिपाठी ने अब तक राष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है। त्रिपाठी के साथ-साथ युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी और मुकेश कुमार को भी इस सीरीज में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल सकता है। वरिष्ठ खिलाड़ियों से सजी टीम में दीपक हुड्डा लगातार निचले क्रम में बल्लेबाजी करते आये हैं, हालांकि यहां वह ऊपरी क्रम में लौटते हुए दिख सकते हैं। हुड्डा ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में सिर्फ एक बार 50 का आंकड़ा पार करते हुए आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था, और यह पारी उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए खेली थी। वाशिंगटन सुंदर की टीम में वापसी भारतीय बल्लेबाजी को गहराई प्रदान करेगी। युवा खिलाड़ी इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करके वरिष्ठ खिलाड़ियों के लौटने के बाद भी टीम में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेंगे। दूसरी ओर, वाशिंगटन सुंदर की वापसी टीम को बल्लेबाजी में गहराई प्रदान करती है, साथ ही वह पांड्या के बाद दूसरे प्रमुख ऑलराउंडर भी हैं। सुंदर मध्य ओवरों में भारत के लिये विकेट निकालने की क्षमता रखते हैं, जबकि शुरुआती और अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजी अर्शदीप सिंह के इर्द-गिर्द घुमेगी। इसके अलावा श्रीलंका को उमरान मलिक का सामना भी करना पड़ सकता है, जो संभवतः भारत के 'नये दृष्टिकोण' वाले टी20 क्रिकेट का हिस्सा होंगे। भारत और श्रीलंका जब इससे पहले आमने-सामने आये थे तब रोहित शर्मा की टीम ने सीरीज 3-0 से जीती थी।

## भारत, पाकिस्तान दौरे से बाहर हुए मिल्ने

**एजेंसियां**

**वेलिंगटनः** न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज एडम मिल्ने की तैयारी से जुड़ी चिंताओं के कारण भारत और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर शृंखलाओं से उनका नाम वापस ले लिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि भारत के हालिया न्यूजीलैंड दौरे के दौरान चोटग्रस्त होने वाले मिल्ने के लिये 16 दिनों के अंतराल में छह एकदिवसीय मैच खेलना बहुत बड़ा जोखिम था। कीवी टीम में मिल्ने की जगह ब्लेयर टिकनर को शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान और भारत में 16 दिनों में छह एकदिवसीय मैचों की संभावना को बहुत बड़ा जोखिम माना गया। इसलिए आपसी समझौते से मिल्ने की जगह ब्लेयर टिकनर को टीम में लाने का फैसला किया गया, जो टेस्ट टीम के साथ पाकिस्तान में पहले ही मौजूद हैं। एनज़ेडसी के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि यह फैसला उनके लिये आसान नहीं था। लार्सन ने कहा, एडम ने आगामी दौरों पर एकदिवसीय गेंदबाजी की तैयारी की कमी से जुड़ी अपनी चिंताएं हमारे सामने रखीं। उनसे चर्चा के बाद हम इस बात पर सहमत हुए कि दौरे से पहले की जाने वाली उसकी तैयारी लगातार तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज की मांगों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। हम उनकी ईमानदारी और टीम को निराश नहीं करने की उनकी इच्छा की सराहना करते हैं। न्यूजीलैंड पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत नौ जनवरी को करेगी। इसके बाद ब्लैक कैप्स भारत रवाना होंगे जहां उन्हें तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं। सीमित ओवर कप्तान केन विलियम्सन भारत दौरे पर टीम के साथ नहीं होंगे और उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम न्यूजीलैंड की अगुवाई करेंगे।



## घरेलू टूनार्मेंट में मौजूदगी दर्ज कराने के लिये मशक्कत करनी होगी भारतीय टेनिस खिलाड़ियों को

**एजेंसियां**

**नई दिल्लीः** भारतीय एकल खिलाड़ियों को सोमवार से यहां शुरू हो रहे घरेलू एटीपी टूनार्मेंट टाटा ओपन महाराष्ट्र में आगे तक पहुंचने के लिये भरसक प्रयत्न करने होंगे जो या तो वाइल्ड कार्ड से या फिर क्वालीफायर के जरिये मुख्य ड्रा तक पहुंचे हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने युगल में अच्छा प्रदर्शन किया है और वे पिछले चरण में काफी दूर तक पहुंचे थे लेकिन जब से टूनार्मेंट चेन्नई से पुणे में कराया जाने लगा है तब से कोई भी एकल खिलाड़ी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया है। देश में इस टूनार्मेंट को लाने का मकसद घरेलू खिलाड़ियों को खेल के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मुहैया कराना था।लेकिन घरेलू खिलाड़ियों के नतीजों को देखते हुए कभी कभार यह बहस भी छिड़ जाती है कि इतने बड़े टूनार्मेंट की मेजबानी की वास्तव में जरूरत है जिसके लिये कम से कम 15 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। लेकिन एक टूनार्मेंट को महज इसलिये बंद करना काफी मुश्किल है। हालांकि टूनार्मेंट का स्तर सर्वश्रेष्ठ रहा है। हालांकि अनुभवी रोहन बोपन्ना ने घरेलू सरजमीं पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अपने खेल के स्तर की वजह से विदेशों में भी दावेदार बने रहते हैं। वहीं रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल अगर अच्छी फॉर्म में हों तो वे शीर्ष खिलाड़ियों को चुनौती दे सकते हैं लेकिन इस स्तर के टूनार्मेंट में इसी प्रदर्शन को दोहराने की जरूरत होती है। एकल रैंकिंग सीधे प्रवेश के लिये काफी नहीं होती इसलिये आयोजकों ने देश के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, नागल और प्रतिभाशाली स्थानीय खिलाड़ी मानस धामने (15 वर्ष) को वाइल्डकार्ड दिये। दुर्भाग्य से युकी भांबरी क्वालीफायर के दूसरे दौर में हार गये और मुख्य ड्रा के लिये क्वालीफाई नहीं कर सके। भांबरी, रामकुमार और प्रजनेश गुणेश्वरन ने इस टूनार्मेंट में भारतीय तिरंगा ऊंचा रखा है लेकिन धीरे धीरे इनका प्रदर्शन फीका हो रहा है।



# एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती है मानुषी छिल्लर



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती है। मानुषी छिल्लर ने सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। सम्राट पृथ्वीराज में मानुषी ने अक्षय कुमार के साथ काम किया है। इस फिल्म में मानुषी ने संयोगिता का किरदार निभाया है। मानुषी इन दिनों जॉन अब्राहम के साथ फिल्म तेहरान में काम कर रही है। मानुषी छिल्लर ने उनके पसंदीदा निर्देशक के बारे में पूछे जाने पर बताया, ''मुझे लगता है कि मेरे पसंदीदा एक ऐसा है, जिसका मैं नाम नहीं लेना चाहूंगी, लेकिन मैं उसके साथ काम करना चाहती हूं। जिसको लेकर मैं सच में उत्साहित हूं और इसको मैं जल्द ही पूरा करने वाली हूं। मैं आरआरआर निर्देशक एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हूं।''

# अजय देवगन ने शेयर की भोला की झलक



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म भोला की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। 'भोला' सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अजय देवगन एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म के निदेशक और निर्माता अजय देवगन ही हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ तब्बू की मुख्य भूमिका होगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें ह्यभोलाह्न की एक झलक नजर आ रही है। अजय देवगन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, ह्यभोला का वर्ष शुरू हो गया।सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएं। इसके अलावा उन्होंने शेड्स ऑफ भोला और भोला इन 3डी नामक दो हैश टैग भी लगाए हैं। अजय देवगन की फिल्म भोला 3डी में 30 मार्च 2023 को रिलीज होगी। फिल्म भोला तमिल फिल्म ह्यकैथीह्न की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार कार्थी शिवकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म को लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया था।


## सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म शाकुंतलम 17 फरवरी 2023 को होगी रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्म शाकुंतलम 17 फरवरी 2023 को रिलीज होगी। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म शाकुंतलम को लेकर चर्चा में है। सामंथा की इस तेलुगु फिल्म का नया पोस्टर आउट करने के साथ ही मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा भी की है। कालिदास के नाटक ह्यअभिज्ञान शाकुंतलमह्न पर आधारित फिल्म शाकुंतलम पहले नवंबर में रिलीज होने वाली थी।सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी फिल्म शाकुंतलमका नया पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें उनके साथ देव मोहन को फीचर किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, ह्यएपिक लव स्टोरी को देखने के लिए तैयार हो जाइए। शाकुंतलम थिएटर्स में 17 फरवरी 2023 में रिलीज हो रही है। सामंथा रुथ प्रभु और देव मोहन स्टारर फिल्म शाकुंतलब तेलुगु के अलावा मलयालम, कन्नड़, तमिल और हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा।

## करीना कपूर खान ने स्विटजरलैंड में सेलीब्रेट किया न्यू ईयर



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने स्विटजरलैंड में न्यू ईयर सेलीब्रेट किया है। करीना कपूर इन दिनों अपने पति सैफ अली खान और बच्चों तैमूर और जेह के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। करीब तीन साल के लंबे अंतराल के बाद करीना कपूर अपने पसंदीदा स्विटरलैंड पहुंची हैं। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने नए साल के जश्न की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। करीना कपूर ने गुब्बारे से सजाई गई दीवारों के साथ रिसॉर्ट के अंदर फोटोशूट कराया है। तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 2023 मैं तुम्हारे लिए तैयार हूं ...

## प्रदेश >> अपडेट

**वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे ग्रामीण की मौत**

**भीलवाड़ा :** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बरडोद ग्राम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहे ग्रामीण की मौत हो गई। बताया गया है कि गांव के पास मैदान में पैदल जा रहे हरीश चंद्र ओझा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया शव को चीरघर में रखवाया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**अवैध हथियारों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार**

**भिण्ड :** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में यहां से अवैध हथियार खरीद कर गुजरात ले जा रहे तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मेहगांव थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खेप को खरीदकर कल गुजरात ले जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पकडे गए हथियार तस्करों से 11 कट्टे, 5 पिस्टल और 60 कारतूस बरामद हुए हैं। हथियारों की कीमत करीब 6 लाख से अधिक बताई जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने बताया कि पुलिस चेकिंग अभियान के तहत इन सभी आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में पारस भाई पुरोहित, अजीम और सोहित मियां कादरी सभी गुजरात निवासी हैं।

**बहराइच में तेंदुए ने किया किसान पर हमला**

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज अंतर्गत बोझिया गांव में खेत की निगरानी कर रहे एक किसान पर जंगल से निकल कर आये तेंदुए ने हमला कर दिया। वन विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज अंतर्गत बोझिया गांव जंगल से सटा हुआ है। रविवार शाम गांव निवासी किसान शंकर (40) खेत में सरसों के फसल की निगरानी कर रहा था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**सतना में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत**

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक तेज रफ्तार बाइक के पिकअप वाहन से टकरा जाने के कारण दो नाबालिग किशोरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक के मैहर थाना क्षेत्र में रविवार की रात घरवालों की नजर बचाकर मोटर साइकिल से तफरी करने वाले अमर चौधरी (16) व मोहित चौधरी (15) सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि नाबालिग बाइक चालको की मोटर साइकिल सरला नगर में विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन से टकरा गई। इस हादसे में दोनो लड़को की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**हनुमानगढ में सडक हादसे में चार व्यक्तियों की मौत**

**श्रीगंगानगर :** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में दूसरे दिन दो दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। हाइवे पर नौरंगदेसर के पास ट्रक एवं बाइक में टक्कर होने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई तथा चार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे यह भीषण हादसा हुआ। चारों घायलों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। मृतक और घायल पंजाब के फिरोजपुर जिले के निवासी हैं,जिनकी अभी पूरी तरह से शिनाख्त नहीं हुई।

**उत्तरी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठंड का असर**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में उत्तरी हवाओं के कारण ठंड ने असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। अभी तक रात के पहर ठंड महसूस होता रहा, लेकिन दिन के पहर में ठंड असर दिखा रहा है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही वर्फबारी का असर मध्यप्रदेश में दिखा। राज्य के उत्तरी हिस्से में दूसरे स्थानों की तुलना में ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया। रात में ठिठुरन बढ़ गयी। नये साल में राज्य के दतिया में सबसे अधिक ठंड का असर रहा, यहां न्यूनतम तापमान 5 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

**समारोह** देश के नवोन्मेषी और उद्यमियों की उपलब्धियों तथा उनकी क्षमताओं को पेश किया जायेगा

# प्रधानमंत्री करेंगे 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन

- सम्मेलन के जन संवाद और प्रदर्शनी आमजन के लिये खुली होंगी
- परिसर के विभिन्न स्थलों पर समानान्तर सत्र चलाये जायेंगे



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार तीन जनवरी को 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे और पूरे सत्र का अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक महाराष्ट्र में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के अमरावती रोड परिसर में आयोजित विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन समारोह प्रातः 9:30 पर आरंभ होगा मोदी इस काय्रक्रम में वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार समाज के प्रति भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण योगदानों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने वाला ''भारत का गौरव'' मेगा-एक्सपो मुख्य आकर्षण होगा। उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र के राज्यपाल और महाराष्ट्र शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भगत सिंह कोशयारी, केंद्रीय मंत्री व आरटीएमएनयू शताब्दी समारोह की सलाहकार समिति के अध्यक्ष नितिन गडकरी, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुभाष आर, चौधरी और भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ (इस्का), कोलकाता की अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी सक्सेना की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस वर्ष कार्यक्रम की विषयवस्तु ''सांइस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलप्मेंट विद विमेन एमपावरमेंट'' (महिला सशक्तिकरण सहित सतत विकास के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी) है। सम्मेलन के जन संवाद और प्रदर्शनी आमजन के लिये खुली होंगी। 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस के तकनीकी सत्र को 14 वर्गों में बांटा गया है, जिनके तहत विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले शैक्षिक परिसर के विभिन्न स्थलों पर समानान्तर सत्र चलाये जायेंगे। इन 14 वर्गों के अलावा, महिला विज्ञान कांग्रेस, किसान विज्ञान कांग्रेस, बाल विज्ञान कांग्रेस, जनजातीय समागम, विज्ञान व समाज तथा विज्ञान संचारकों की कांग्रेस के एक-एक सत्र का भी आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन के पूर्ण सत्रों में कई नोबल पुरस्कार विजेताओं, भारत व विदेश के नामी गिरामी अनुसंधान कर्ताओं, विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों के टेकनोक्रेटों पर सामग्री शामिल की गई है, जिसमें अंतरिक्ष, रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और चिकित्सा अनुसंधानों को रखा गया है।

## मुर्मु राजभवन में संविधान उद्यान का लोकार्पण करेंगी



**एजेंसियां**

**जयपुरः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान एवं इससे जुड़े सौंदर्यीकरण कार्यों का मंगलवार को लोकार्पण करेंगी। श्रीमती मुर्मु राजभवन में कथौड़ी एवं सहरिया आदिवासी समूहों के साथ संवाद भी करेंगी। राष्ट्रपति मंगलवार पूर्वाह्न 11.20 बजे यहां स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन करेंगी। इसके पश्चात वह संविधान पार्क का लोकार्पण एवं अवलोकन करेंगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र की अभिनव पहल पर राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां आमजन में संवैधानिक जागरुकता लाने के लिए राजभवन में संविधान उद्यान स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मिश्र गहलोत और डॉ. जोशी ने गत वर्ष 26 जनवरी को राजभवन में संविधान उद्यान का शिलान्यास किया था।

## केजरीवाल ने 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद कहा कि प्रदूषण मुक्त, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन के नए युग में दिल्लीवासियों का स्वागत करता हूं। केजरीवाल ने राजघाट डीटीसी डिपो से 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बहुत खुशी का दिन है कि 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की जनता के लिए सड़कों पर उपलब्ध होने जा रही हैं। अब दिल्ली के अंदर 300 इलेक्ट्रिक लो फ्लोर बसें हो गई हैं। बहुत कम समय में ही हम लोगों ने इतनी सारी इलेक्ट्रिक बसें अधिग्रहित कर ली हैं। इसके लिए सभी अधिकारियों के साथ दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं कि यह सुविधा उनके उपलब्ध हो रही हैं। दिल्ली में अब कुल 7379 बसे हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब इतनी सारी इलेक्ट्रिक बसें आएंगी, तो हमें उनके लिए चार्जिंग स्टेशन और बस डिपो की भी जरूरत पड़ेगी। दिल्ली में बस डिपो के विद्युतीकरण का काम बहुत तेजी से चल रहा है। कुल 56 बस डिपो को विद्युतीकृत किया जा रहा है। डिपो के विद्युतीकरण पर करीब 1500 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। तीन डीपो का विद्युतीकरण किया जा चुका है। इसके अलावा 17 डिपो को जून 2023 तक और 36 डिपो को दिसंबर 2023 तक विद्युतीकृत कर दिया जाएगा। यह बसें बहुत अच्छी हैं। बसों में पैनिक बटन, जीपीएस सिस्टम, कैमरा समेत कई आधुनिक सुविधाएं हैं। दिल्ली सरकार ने परिवहन विभाग के बेड़े में 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने के साथ ही अब शून्य प्रदूषण वाली 300 इलेक्ट्रिक बसों को सड़क पर उतारने का पहला चरण पूरा कर लिया है।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का सामूहिक गायन



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश की राजधानी में स्थित मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में वर्ष के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। पुलिस बैंड के द्वारा सुमधुर धुनों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को वर्ष 2023 की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गत वर्ष हमने प्रदेश में सुशासन के लिए प्रतिबद्धता से परिश्रम किया, इस वर्ष हमें उससे भी ज्यादा मेहनत करनी है। सामूहिक गायन में अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, एस. एन. मिश्रा, अशोक वर्णवाल, मलय श्रीवास्तव, जे. एन. कंसोटिया, मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, संजय शुक्ला, संजीव कुमार झा सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कश्मीर के गुलमर्ग,पहलगाम में मौसम की सबसे सर्द रात



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है तथा गुलमर्ग और पहलगाम में रविवार रात मौसम की सबसे सर्द रात रही जहां न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से नीचे 10 और शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग ने आज यह जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में कल मौसम की सबसे सर्द रात रही, जहां रात का तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि इससे पिछली रात यह शून्य से नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह दक्षिण कश्मीर में पहलगाम घाटी प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि कल रात यहां का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 9.4 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार घाटी में छह जनवरी तक धुंध छंटने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है और पूरे जम्मू कश्मीर में दिन में मौसम गर्म रहेगा लेकिन रात सर्द रहेगी। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू में आठ से 10 जनवरी तक मैदानी इलाकों और प्रदेश के कई स्थानों पर हिमपात या बारिश होने की 70 प्रतिशत अनुमान है। केंद्रशासित प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि इससे पिछली रात को 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दक्षिण कश्मीर में श्रीनगर जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कुकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.5 डिग्री सेल्सियस था।

**खेती** जैविक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए योगी-1 से ही प्रयास जारी हैं

# 70 जिलों में जैविक खेती का विस्तार करेगी योगी सरकार

- जैविक खेती के लिए भरपूर बुनियादी सुविधाएं पहले से मौजूद है
- सरकार इन सुविधाओं में लगातार विस्तार भी कर रही है



**एजेंसियां**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश के सभी 70 जिलों में एक लाख 10 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती का विस्तार करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश जैविक खेती के लिए भरपूर बुनियादी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। सरकार इन सुविधाओं में लगातार विस्तार भी कर रही है। मसलन जैविक खेती का मुख्यालय नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग (एनसीओएफ) गाजियाबाद में स्थित है। देश की सबसे बड़ी जैविक उत्पादन कंपनी उत्तर प्रदेश की ही है। यहां प्रदेश के एक बड़े हिस्से में अब भी परंपरागत खेती की परंपरा है। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए इसके किनारों पर जैविक खेती की संभावनाओं को और बढ़ा देती है। 2017 के जैविक खेती के कुंभ के दौरान भी एक्सपर्ट्स ने गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित करने की संस्तुति की गई थी। उन्होने बताया कि जापान के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक मासानोव फुकुओका 100 साल पहले साबित कर चुके हैं कि लंबे समय के प्रयोग की वजह से हमारे खेतों को उर्वरकों की आदत पड़ गई हैं। कीटनाशक डालने से कीटों में उनके प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित हो गई है। आप उर्वरक न डालिए। खेत कुछ समय के लिए रूठकर मान जाएंगे। फसलें धीरे-धीरे कीटों एवं रोगों के प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर लेंगी। यह स्थाई एवं शाश्वत हरित क्रांति होगी। हाल ही में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने प्राकृतिक खेती का जिक्र करते हुए कहा,राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नियोजित प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर टेस्टिंग लैब स्थापित कराए जाएं। चरणबद्ध रूप से कृषि विज्ञान केंद्रों पर टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएं। इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को जैविक खेती के लिहाज से भारत का हब बनाना चाहते हैं। इसकी खासी संभावना भी है। दरअसल जिस इंडो गंगेटिक बेल्ट का शुमार दुनियां की उर्वरतम भूमि में होता है,इसका अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश में ही आता है। वर्ष पर्यंत बहने वाली गंगा, यमुना, सरयू जैसी नदियां और हर तरह की खेतीबाडी के लिए उपयुक्त नौ तरह की जलवायु के कारण उत्तर प्रदेश ऐसा करने में सक्षम है। इस बाबत लगातार प्रयास भी जारी हैं।

## न्यूज फटाफट

**ईरान ने अमेरिका के 60 शीर्ष अधिकारियों को किया प्रतिबंधित**

**तेहरान :** ईरान ने शीर्ष ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या में शामिल होने के आरोप में करीब 60 अमेरिकी अधिकारियों को प्रतिबंधित कर दिया है। ईरान की अर्ध सरकारी मेहर न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सुलेमानी की शहादत की तीसरी बरसी से पहले एक टेलीविजन को दिएअ साक्षात्कार में इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स के कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान ने कहा कि ईरान कमांडर की अमेरिका द्वारा की गयी हत्या की जांच कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी और पश्चिमी देश हालांकि इस मामले को कानूनी रूप से आगे बढ़ाने के ईरान के प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं, लेकिन ईरान ने आवशचक उपाय किए हैं। अमीर-अब्दुलाहियान के अनुसार, 2015 के परमाणु समझौते के मुद्दे पर हाल में हुई वियना वार्ता के दौरान अमेरिका ने अपने पूर्व अधिकारियों पर से प्रतिबंध हटाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि 03 जनवरी, 2020 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर अमेरिकी सेना ने बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास ड्रोन हमले में सुलेमानी और इराक के अर्धसैनिक बल हशद शाबी के डिप्टी कमांडर अबू महदी अल-मुहांडिस की हत्या कर दी थी। इस हत्या की ईरान द्वारा सरकारी आतंकवाद बताकर निंदा की गई थी।

**मैक्सिको जेल में हुए हमले में 14 मारे गये मैक्सिको**

**सिटी :** मैक्सिको के उत्तरी शहर सियुडाड जुआरेज़ में स्थित एक जेल पर कुछ हमलावरों के हमले में दस सुरक्षागार्ड और चार कैदियों की मौत हो गयी है। चिहुआहुआ स्टेट प्रॉसिक्यूटर ऑफिस की ओर से दी गयी जानकारी में यह बताया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि रविवार को सुबह बख्तरबंद गाड़ी में सवार कुछ बंदूकधारी हमलावरों ने जेल के सुरक्षाकर्मियों पर ताबडतोड़ गोलियां बरसायीं। मैक्सिको के सैनिकों और स्टेट पुलिस ने रविवार को बाद में जेल पर एक बार फिर से कब्जा किया। जेल पर हुए इस हमले में 13 लोग घायल हुए और 24 कैदी मौके का फायदा उठाते हुए जेल से भाग गये। बयान में यह भी कहा गया कि स्थानीय पुलिस ने बख्तरबंद गाड़ी में सवार दो बंदूकधारियों को मार गिराया।

**ब्राजील में लूला डा सिल्वा ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ**

**ब्राजीलिया :** ब्राजील में वर्कर्स पार्टी (पीटी) के लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। उनका कार्यकाल चार साल का होगा। लूला डा सिल्वा ने राष्ट्रपति पद और गेराल्डो अल्कमिन ने रविवार को ब्रासीलिया स्थित चैंबर ऑफ डेप्युटी के पूर्ण सत्र के दौरान स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। लूला डा सिल्वा का तीसरा बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने हैं। इन्हें सुप्रीम कोर्ट एक विवादास्पद फैसले के बाद 2018 और 2019 के बीच एक साल से अधिक समय तक जेल में रहना पड़ा था। इस फैसले को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके बाद इनकी सत्ता में वापसी हुई है। अक्टूबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में लूला डा सिल्वा को 6.03 करोड़ मत या 50.9 प्रतिशत वोट मिला था,जबकि तत्कालीन राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को 5.82 करोड़ मत या या 49.1 प्रतिशत वोट मिला था। लूला डा सिल्वा देश में फैली गरीबी के खात्मे के लिए मजबूत सामाजिक कार्यक्रम बनाने पर फोकस करने के एजेंडे को लेकर सत्ता में वापस लौटें हैं और यह सब संघ और पुनर्निर्माण के सिद्धांत पर किया जायेगा।

**इजरायल ने हवाई हड्डा पर किया हमला ,दो सैनिकों की मौत**

**दमिश्क :** इजरायल ने सोमवार को सीरिया के दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मिसाइल हमला किया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गयी। सीरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी सना ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह हमला स्थानीय समयानुसार लगभग 2:00 बजे हुआ और इसके कारण दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सेवाएं बाधित को गई और दो सैनिकों की मौत हो गई। वहीं इस हमले में दो सैनिक घायल भी हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 2022 में इजरायल ने सीरिया में बड़ी संख्या में मिसाइलें दागी हैं।

**इजरायल की नई सरकार प्लास्टिक कर को करेगी समाप्त**

**यरुशलम :** इजरायल के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि नई सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बावजूद जल्द ही डिस्पोजेबल प्लास्टिक के बर्तनों पर लगने वाले कराधान को समाप्त कर देगी। यहां पर गुरुवार को नई सरकार ने शपथ ली है। इसके बाद रविवार को ज़ायोनी पार्टी के नेता एवं वित्त मंत्री बेजलेल स्मोत्रिच ने दो फैसले लिए,जिनमें से एक यह फैसला है, जबकि दूसरा उच्च चीनी वाले पेय पदार्थों पर लगने वाले कर को समाप्त करना है। उन्होंने दावा किया कि प्लास्टिक टैक्स का उद्देशच उनके समुदायों को नुकसान पहुंचाना था, जो उच्च स्तर पर प्लास्टिक के सामान का उपभोग करते हैं।

**सतना में पिता और पुत्र की हत्या**

**सतना :** सतना जिले में अज्ञात बदमाशों ने दो लोगों की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामपुर थाना क्षेत्र के बेला गांव में अज्ञात बदमाशों ने कल देररात रामबहोर साकेत व शंकर लाल की हत्या कर दी। यह दोनों ही रिश्ते में पिता-पुत्र थे। खेत में बने दो कमरों के मकान में दोनों सो रहे थे। बताया गया कि भारी पत्थर पटक कर गहरी नींद में सो रहे पिता और पुत्र को मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## आज का इतिहास

- 1831: देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म।
- 1836: मुंशी नवल किशोर का जन्म।
- 1880: इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया का पहला अंक बम्बई में प्रकाशित।
- 1894: रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शांति निकेतन में पौष मेला का उद्घाटन किया।
- 1901: शांति निकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला
- 1911: अमेरिका में डाक बचत बैंक का उद्घाटन हुआ।
- 1929: महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले।
- 1938: अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने पोलियो की बीमारी का इलाज ढूंढ़ने के लिए एक फाउंडेशन की स्थापना की। रूजवेल्ड 1921 में इस बीमारी की चपेट में आए थे।
- 1943: टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया।
- 1956: फ्रांस में एफिल टॉवर के ऊपरी हिस्से में आग लगने से नुकसान।
- 1959: अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया।
- 1968: देश के पहले मौसम विज्ञान राकेट 'मेनका' का प्रक्षेपण।
- 1974: बर्मा (अब म्यांमार) में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1980: अफगानिस्तान के राष्ट्रपति बाबरक कर्माल ने सोवियत हमले को सही ठहराया।
- 1993: अमेरिका और रूस इस बात पर राजी हुए कि वे अपने-अपने परमाणु हथियारों के भंडार को आधा कर देंगे।
- 2001: हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क के सीनेटर के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह देश के इतिहास में पहली पूर्व प्रथम महिला हैं,जिन्होंने चुनावी विजय हासिल की।
- 2004: मंगल के अन्वेषण के लिए निकला अंतरिक्ष यान रोवर स्पिरिट ग्रह के रासायनिक और भौतिक संयोजन के अध्ययन के लिए मंगल पर उतरा।
- 2004: मिस्र की विमानन कंपनी फ्लैश एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान 604 के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 148 लोग मारे गए।
- 2013: इराक के मुसय्यिब क्षेत्र में एक आत्मघाती बम विस्फोट में शिया समुदाय के 27 लोगों की मौत हो गयी और 60 घायल हो गये।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

मंगलवार पटना 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

03:01:2023


## कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय 7 जनवरी तक रहेंगे बंद

**बगहा :** जिले में शीतलहर और ठंड का प्रकोप बढ़ने के कारण सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में कक्षा आठ तक सात जनवरी 2023 तक पठन-पाठन कार्य बंद कर दी गई है । पिपरासी बीईओ सीताराम सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी की सहमति मिलने के बाद दो जनवरी से सात जनवरी 2023 तक शीतलहर और ठंड के कारण सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय कक्षा आठ तक बंद रहेगा । जबकि शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे ।

# रेत कला के माध्यम से सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने दी नए साल की बधाई

## 5 ट्रक बालू से बनाई 20 फिट ऊंची कलाकृति, दर्शकों की उमड़ी भीड़

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** देश भर में नया साल 2023 का भव्य स्वागत लोगों ने अलग-अलग अंदाज में दिया। इसी बीच, प्रसिद्ध रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने दो दिनों के कठिन मेहनत के बाद रेत पर 20 फीट उंची बिहार के लाल किला मुंगेर की कलाकृति बनाई। जिस पर ₹हैप्पी न्यू ईयर 2023 में आइए ना हमरा बिहार₹ अंकित था। साथ ही सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपने फैंस को नये वर्ष 2023 की ढेर सारी शुभकामनाएं देते नव वर्ष में परिवारिक सुख- शान्ति एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य, यश-संस्कार, समृद्धि अपार सम्पत्ति एवं आर्थिक उन्नति प्राप्त के लिए मंगलकामना भी की। बता दें कि हालही में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की निधन 30 दिसंबर 2022 को हो गई थी। मधुरेंद्र ने रेत पर उनकी भव्य आकृति




बनाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की थी। यह रेत कलाकृति सोशल मीडिया में खूब वायरल होने के साथ काफी सुर्खियां भी बटोरी थी। बिहार के सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने रेत पर लाल किला की कलाकृति बनाने के लिए 5 ट्रक बालू से माधोपुर काठ पुल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 20 फिट ऊंची व 40 फिट चौड़ी लाल किले की रेत की मूर्ति बनाई। जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ रही हैं। लोग जो लोग इस कलाकृति को देख रहे हैं वह मोहित हो रहे हैं। लोग इस कलाकृति को अपने कैमरा और मोबाइल फोन में फोटो भी खींच रहे हैं। गौरतलब हो कि सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र पिछले 25 सालों से सैंड आर्ट बना रहे हैं। उनकी कई रेत की मूर्तियां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं। इंटरनेशल सैंड आर्ट विजेता रेत कलाकार मधुरेंद्र ने दुनियां भर में 12 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रेत कला प्रतियोगिताओं और उत्सवों में भाग लिया है और देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं। मौके पर समाजसेवी पप्पू मंडल, शिक्षक प्रदीप कुमार राय, सियाराम मंडल, मंटू सिंह, टुनटुन, टोनी, मंटू साव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हैप्पी न्यू ईयर के शोर के साथ महिलाओं ने मनाया नए साल का जश्न

### पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की उमड़ी भीड़


**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** नए वर्ष 2023 के आगमन का शहरवासियों ने बड़े ही धूमधाम के साथ स्वागत किया।जैसे ही शनिवार की रात घड़ी की सुई 12:00 बजे पहुंची, जो जहां था उसने वही नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया। वर्ष 2022 की विदाई और नूतन वर्ष 2023 के स्वागत के लिए होटलों, पर्यटन स्थलों टूरिस्ट स्पॉट और क्लबों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कही संगीत पर तो कहीं गुब्बारे उड़ाकर नए वर्ष का जश्न मनाया गया। गया के लोगों में भी नए साल को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। शहर के रामशिला पहाड़ी, हददवा एवं गोदावरी पहाड़ी, गांधी मैदान,गयाजी डैम एवं बोधगया में लोगों ने इकट्ठे होकर पिकनिक मनाया। छोटे-छोटे बच्चे में विशेष उत्साह देखा गया सर वासियों ने अपने दिन की शुरूआत देवी मंदिरों में पूजा आराधना से किया। शहर के विष्णुपद मंदिर,शक्तिपीठ मंगला गौरी, पिता महेश्वर शीतला मंदिर मारकंडेय महादेव, दुखहरनी मंदिर, वंगला स्थान,बागेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या देखी गई। पूरा परिसर भक्तों से पट गया था। श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर वर्ष 2023 में सफलता और अपने उज्जवल भविष्य की मनोकामना की। लोगों ने एक दूसरे को नए साल की बधाई दी और उनके गले लगी इस दौरान कई जगहों पर दोस्तों और सगे संबंधियों के साथ जमकर जश्न मनाया। गया जी डैम पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्राकृतिक नजारा का आनंद उठाया। शहर के रामशिला पहाड़ी पर भी नए साल का जश्न मनाया गया। इधर रौनियार वैश्य महिला समिति की ओर से स्थानीय रौनियार भवन में नए साल का स्वागत धूमधाम से मनाया गया।महिलाओं ने केक काटकर नए वर्ष 2023 का स्वागत किया।इस अवसर पर महिलाओं ने आधुनिक वेशभूषा में फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर बोलकर बधाइयां दी गई।

## भारोत्तोलन खेल में बिहार के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी 1 रेफरी बने रजनीश भास्कर

**मुकुन्द कुमार अग्रवाल**

**पटना :** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले स्थित पोंजेसलि कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, नागरकोईल में बीते वर्ष 29 दिसम्बर से इस वर्ष 7 जनवरी तक आयोजित यूथ, जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2022-23 के दौरान भारतीय भारोत्तोलन संघ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रेणी 1 अंतरराष्ट्रीय श्रेणी-2, राष्ट्रीय श्रेणी-1 एवं राष्ट्रीय श्रेणी-2 रेफरी परीक्षा का आयोजन 30 दिसंबर को किया गया था । 31 दिसंबर को प्रैक्टिकल परीक्षा भी आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम 1 जनवरी को घोषित किया गया । अंतरराष्ट्रीय श्रेणी-1 रेफरी परीक्षा में बिहार से एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी-2 रेफरी श्री भास्कर ने भाग लिया और 99% नम्बर लिखित एवं प्रैक्टिकल एग्जामिनेशन दोनों में प्राप्त कर बिहार से भारोत्तोलन खेल के क्षेत्र में पहला अंतर्राष्ट्रीय




श्रेणी-1 रेफरी बनने का गौरव प्राप्त किया है । रजनीश भास्कर एक अंतरराष्ट्रीय रेफरी होने के साथ-साथ, बेगूसराय जिला भारोत्तोलन संघ के वर्तमान में अध्यक्ष, बिहार भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष एवं भारतीय भारोत्तोलन संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी हैं । वेटलिफ्टिंग खेल के क्षेत्र में चार प्रकार के रेफरी होते हैं, राष्ट्रीय कैटेगरी-2 रेफरी, राष्ट्रीय कैटेगरी-1 रेफरी, अंतरराष्ट्रीय कैटेगरी-2 रेफरी, अंतरराष्ट्रीय कैटेगरी-1 रेफरी । रजनीश भास्कर ने 2011 में राष्ट्रीय कैटेगरी-2 की परीक्षा पास की, 2015 में राष्ट्रीय कैटेगरी-1 की परीक्षा पास की, 2019 में अंतरराष्ट्रीय कैटेगरी-2 की परीक्षा पास की और अब साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय कैटेगरी-1 रेफरी की परीक्षा पास की और इसके साथ ही श्री भास्कर अब भारत देश का प्रतिनिधित्व रेफरी/तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के साथ-साथ वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप एवं ओलंपिक जैसे खेलों में भी कर पाएंगे । भास्कर ने अपनी इस उपलब्धि के लिए सारा क्रेडिट भारोत्तोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहदेव यादव, द्रोणाचार्य अवॉर्डी पाल सिंह संधू, द्रोणाचार्य अवॉर्ड प्राप्त महिला हनसा मनराल, वही एस सुब्रमण्यम, एन पी एस चौहान को देते हुए कहा कि यह उनके गुरु हैं जिनके ज्ञान,आशीर्वाद, सहयोग की वजह से आज वह यह मुकाम हासिल कर पाए हैं" सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार एवं सचिव सतीश कुमार ने भी रजनीश भास्कर को बधाई एवं शुभकामनायें दी ।

## जिलाधिकारी ने 7 जनवरी तक किया सभी स्कूलों को बंद

### बढ़ते ठंड के कारण लिया गया फैसला

**राष्ट्रीय खबर**

**मुजफ्फरपुर :** नव वर्ष के आगमन होते ही ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिससे जन जीवन प्रभावित हो रही है। विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए जिला अधिकारी प्रणव कुमार ने सभी प्राइवेट और गवर्नमेंट स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।यह आदेश 2 जनवरी सोमवार से 7 जनवरी तक लागू रहेगा। इसके बाद मौसम का आकलन करने के पश्चात अगला आदेश जारी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जिला अधिकारी ने आदेश में कहा कि सभी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद रहेगी। जिलाधिकारी ने सभी एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसपी, और थानेदार को अवगत कराते



हुए इसका सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया है। यानी अगर कोई चोरी छिपे इस आदेश की अवहेलना कर शैक्षणिक गतिविधि जारी रखेगा तो उसके विरुद्ध कारवाई की जाएगी। अब तो जानकारी के लिए बता दे कि मुजफ्फरपुर में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। दिन में धूप नहीं होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसी कारण और बच्चों के सेहत को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

## दस साल से रोड पर जमा है नाले का पानी नरकिए जिंदगी जीने को मजबूर ग्रामीण

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** जहां एक ओर बिहार सरकार नीतीश कुमार के सात निश्चय योजना में हर गली पक्की करण एवं नाला का निर्माण कराने को लेकर लाखों करोड़ों रुपया खर्च करते हैं, जिससे कि लोगों को चलने के लिए अच्छी सड़क बने एवं नाला बन जाने से सफाई बरकरार रहे। वहीं दूसरी और धरातल पर यह विफल साबित होता हुआ दिख रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा संग्रामपुर प्रखंड के ददरी जाला गांव में देखने को मिला। जहां के सड़कों पर गंदे नाले का पानी पिछले 10 साल से जमा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हम लोग का जिंदगी नरक हो गया है। गंदा पानी होने के कारण मच्छर एवं कीड़ों का भरमार हो गया है। हमेशा से मलेरिया एवं डेंगू होने का खतरा रहता है। अभी तक किसी प्रतिनिधि के द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लिया गया ना ही किसी पदाधिकारी के द्वारा। हम लोग नरःकिए जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मुखिया विधायक सभी लोग



सिर्फ वादे करते हैं, और जीत जाने के बाद हम लोगों को ऐसे जिंदगी जीने के लिए छोड़ देते हैं। वहीं ग्रामीणों ने प्रतिनिधि पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय में प्रतिनिधि कह कर गए थे कि जीतने के बाद अगले 2 महीने में हम इसका काम करवा देंगे लेकिन आज 1 साल बीत जाने के बाद भी स्थिति वही है। वही ददरी जाला पंचायत के मुखिया पिंटू मंडल ने बताया कि पानी का निकास का जमीन नहीं होने के कारण यहां पर हमेशा पानी का जमा रहता है वही उन्होंने यह भी बताया कि अपने स्तर से हमने प्रयास किया है बात बन जाने पर यहां पर नाला का निर्माण कराया जाएगा यहां पर सभाकांत पंडित, मोहन शॉव, राजेंद्र शॉव, महिंदर शॉव, भरत शॉव, समर शॉव, सुमन कुमार, अमरदीप कुमार, घनश्याम कुमार एवं अन्य ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि हमारी गलती है कि हम ऐसे प्रतिनिधि को चुनते हैं जो कि वादे करके फिर कुछ ही दिनों में भूल जाते हैं।

## गया नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर एवं डिप्टी मेयर को दी बधाई

**गया :** नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर वीरेन्द्र कुमार उर्फ गणेश पासवान एवं डिप्टी मेयर चिंता देवी को जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जितेंद्र कुमार अधिवक्ता,जहांगीर खान, शमीम अहमद, फैज अहमद, संजय दास, प्रमोद मांझी आदि नेताओं ने जीत पर शहर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत महागठबंधन की जीत है ।शहर की जनता ने एक बार फिर विश्वास करके गणेश पासवान पर भरोसा जताया है। आने वाले समय में उनके कुशल नेतृत्व में गया नगर निगम के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा और गया शहर की पहचान देश के अन्य शहरों से होगी। उन्होंने मेयर एवं डिप्टी मेयर चुने जाने पर जनता के प्रति आभार जताया।

## गोली मारने वाला पिस्टल व कारतूस के साथ धराया

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुतुर खाना में हुए गोलीकांड का खुलासा किया। एसडीपीओ ने कहा कि मुफस्सिल थाना को 2 जनवरी की मध्य रात्रि में सूचना मिली कि सुतुर खाना ग्राम में एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है । सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना अध्यक्ष दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।जहां पाया कि सूतर खाना निवासी शंकर चौधरी के पुत्र सौरभ कुमार को स्थानीय निवासी मिर्जा आलम बेग के पुत्र गोल्डी के द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। तत्पश्चात एफ आई आर दर्ज कर जख्मी सौरभ को इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जख्मी को पटना रेफर कर दिया। जख्मी के फर्द बयान के आधार पर घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त गोल्डी को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके पास घटना में प्रयुक्त हथियार देसी पिस्टल एक ,कारतूस दो ,खोखा एक बरामद किया गया है।





